3 राजधानी
संघ प्रमुख मोहन भागवत पहुंचे लखनऊ

6 अभिमत
जी-20 में जलवायु परिवर्तन मुद्दा

10 विदेश
बाइडन ने जेलेंस्की से मुलाकात की

11 राष्ट्रीय
चंद्रयान-3 के लैंडर और रोवर को सक्रिय करने के किए प्रयास



RNI NO.UPHIN/2010/36547
वर्ष 13 अंक 330
लखनऊ, शनिवार, 23 सितंबर, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
लखनऊ
नगर संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर





चोपड़ा की अगुवाई में भारत कौशल दिखाने को तैयार
स्पोर्ट्स-12



www.dailypioneer.com


# चीन ने तीन भारतीय खिलाड़ियों की एंट्री रोकी

● भारत सख्त, खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने चीन की यात्रा रद्द की बीजिंग ने अरुणाचल की तीन खिलाड़ियों को मान्यता देने से किया इनकार

**पायनियर समाचार सेवा ।** नई दिल्ली



चीन के होंगजाउ में एशियाई खेलों में भाग लेने पहुंची भारतीय टीम के सदस्य

**चीन** द्वारा हांगजोई एशियाई खेलों के लिए अरुणाचल प्रदेश की कुछ खिलाड़ियों को मान्यता देने से इनकार करने पर आपत्ति जताते हुए भारत ने शुक्रवार को कड़ा विरोध दर्ज कराया और खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने खेलों के लिए चीन की अपनी निर्धारित यात्रा रद्द कर दी। दो महीने में यह दूसरा मामला है जब वही तीन खिलाड़ी किसी प्रतियोगिता के लिए चीन का दौरा करने में असमर्थ रहे।

बुधवार को, तीन महिला वुशु खिलाड़ियों- न्येमान वांगसु, ओनिलु तेगा और मेपुंग लाम्गु- को हांगजोऊ एशियाई खेल आयोजन समिति (एचएजीओसी) से उनके मान्यता कार्ड प्राप्त हुए, जो प्रवेश वीजा के रूप में भी काम करते हैं। लेकिन वे बुधवार को अपना यात्रा दस्तावेज डाउनलोड नहीं कर सके जब उन्हें एशियाई खेलों के लिए रवाना होना था, जबकि बाकी खिलाड़ियों को किसी भी समस्या का सामना नहीं करना पड़ा। बीजिंग अरुणाचल प्रदेश को चीन का हिस्सा बताता है। शुक्रवार को यहां भारत का रुख स्पष्ट करते हुए विदेश मंत्रालय अरिंदम बागची ने कहा कि नई दिल्ली अपने हितों की रक्षा के लिए 'उचित उपाय' करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। उन्होंने मान्यता देने से इनकार करने के कृत्य को चीन का भेदभावपूर्ण व्यवहार करार देते हुए यह भी कहा कि सूचना एवं प्रसारण और खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने अपना दौरा रद्द कर दिया है। बागची ने चीनी कार्रवाई को 'पूर्व-निर्धारित' तरीके से खिलाड़ियों को निशाना बनाने वाला बताते हुए कहा कि यह कदम एशियाई खेलों की भावना और उनके आचरण को नियंत्रित करने वाले नियमों दोनों का उल्लंघन करता है क्योंकि वे सदस्य देशों के प्रतिस्पर्धियों के खिलाफ 'स्पष्ट रूप से भेदभाव को प्रतिबंधित करते हैं। उन्होंने कहा कि चीन द्वारा भारत के कुछ खिलाड़ियों को 'जानबूझकर और चुनिंदा तरीके से रोकने' के खिलाफ 'कड़ा विरोध' दर्ज कराया गया है। बागची ने कहा कि भारत सरकार को पता चला है कि चीनी अधिकारियों ने लक्षित और पूर्व-निर्धारित तरीके से, अरुणाचल प्रदेश के कुछ भारतीय खिलाड़ियों को हांगजोउ, चीन में 19वें एशियाई खेलों में मान्यता और प्रवेश से वंचित करके उनके साथ भेदभाव किया है। उन्होंने कहा कि हमारी दीर्घकालिक और सुसंगत स्थिति के अनुरूप, भारत निवास या जातीयता के आधार पर भारतीय नागरिकों के साथ भेदभावपूर्ण व्यवहार को दृढ़ता से खारिज करता है।

अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा था, है और हमेशा रहेगा। बागची ने कहा कि भारत अपने हितों की रक्षा के लिए उचित कदम उठाने का अधिकार सुरक्षित रखता है। उन्होंने यह भी कहा कि चीन की कार्रवाई एशियाई खेलों की भावना और उनके आचरण को नियंत्रित करने वाले नियमों दोनों का उल्लंघन करती है, जो स्पष्ट रूप से सदस्य देशों के प्रतिस्पर्धियों के खिलाफ भेदभाव को प्रतिबंधित करती है। पूर्व में खेल मंत्री रह चुके केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने चीन की कार्रवाई की निंदा की और कहा कि यह 'खेल भावना के उल्लंघन' के साथ-साथ 'एशियाई खेलों के संचालन को नियंत्रित करने वाले नियमों का उल्लंघन' है। उन्होंने यह भी कहा कि अरुणाचल प्रदेश एक विवादित क्षेत्र नहीं बल्कि भारत का अभिन्न अंग है। रिजिजू ने एक्स पर लिखा कि मैं अरुणाचल प्रदेश के हमारे वुशु एथलीटों को वीजा देने से इनकार करने के चीन के इस कृत्य की कड़ी निंदा करता हूं, जिन्हें हांगजोउ में 19वें एशियाई खेलों में भाग लेना था। यह खेल भावना और एशियाई खेलों के संचालन को नियंत्रित करने वाले नियमों दोनों का उल्लंघन करता है, जो स्पष्ट रूप से सदस्य देशों के प्रतिस्पर्धियों के खिलाफ भेदभाव को प्रतिबंधित करता है। उन्होंने कहा कि अरुणाचल प्रदेश के पूरे लोग अपनी भूमि और लोगों पर चीन के किसी भी अवैध दावे का दृढ़ता से विरोध करते हैं। अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति को चीन की नाजायज़ कार्रवाई पर लगाम लगानी चाहिए। इस बीच, भारतीय खिलाड़ियों को चीन में प्रवेश से वंचित किए जाने की खबरों के जवाब में, देश के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता माओ निंग ने शुक्रवार को कहा कि मेजबान देश के रूप में, चीन सभी देशों के एथलीटों का वैध दस्तावेज के साथ एशियाई खेलों में भाग लेने के लिए हांगजोउ आने का स्वागत करता है।

# सदन में बिधूड़ी के बिगड़े बोल पर सियासी संग्राम

● लोकसभा में बसपा सांसद दानिश अली के खिलाफ आपत्तिजनक शब्दों का किया इस्तेमाल, विपक्ष ने एक स्वर में की निलंबन की मांग, राजनाथ ने सांसद के व्यवहार के लिए मांगी माफी

**पायनियर समाचार सेवा ।** नई दिल्ली



नई दिल्ली में शुक्रवार को बहुजन समाज पार्टी के सांसद दानिश अली और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी।

**भारतीय** जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद रमेश बिधूड़ी द्वारा लोकसभा में बहुजन समाज पार्टी के सदस्य दानिश अली के खिलाफ आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल किए जाने पर शुक्रवार को बड़ा विवाद खड़ा हो गया।

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बिधूड़ी को भविष्य में ऐसे आचरण पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी वहीं विपक्षी दलों ने आग्रह किया कि भाजपा सांसद को सदन की सदस्यता से निलंबित किया जाना चाहिए। ज्ञात रहे कि बृहस्पतिवार को बिधूड़ी ने दानिश अली के खिलाफ ऐसे शब्दों को प्रयोग किया था। जहां अली सहित विपक्षी दलों ने बिधूड़ी के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की मांग की, वहीं भाजपा ने राष्ट्रीय राजधानी से दो बार के अपने सांसद को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। एक शीर्ष भाजपा नेता ने नाम नहीं छापने का अनुरोध करते हुए पायनियर को बताया कि 'हम वास्तव में अपने सांसद के व्यवहार से स्तब्ध हैं और यह उस दिन हुआ जब महिला विधेयक के पारित होने पर राष्ट्रीय उत्सव मनाया जा रहा था, चंद्रयान की सफलता की रिपोर्ट की जा रही थी।

इन सबसे ऊपर, नई संसद में चार दिनों के विशेष सत्र में दोनों सदनों की रिकॉर्ड कार्रवाई का एक अभूतपूर्व रिकॉर्ड दर्ज किया गया। बिधूड़ी के अभद्र व्यवहार का प्रसारण होने पर पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद और हर्षवर्धन ने जिस तरह की खुशी भरी अभिव्यक्ति दी, उस पर विपक्षी नेताओं ने भी आपत्ति जताई। विपक्षी दलों ने यह भी याद किया कि कैसे टीएमसी, शिव सेना और आप सांसदों के सदस्यों को किसी भी सदन के पीठासीन अधिकारियों द्वारा तुरंत फटकार लगाई गई थी और इस हद तक कि वे अब भी निलंबित हैं। उनमें से कुछ ने संसद में गांधी प्रतिमा के सामने पिछले शीतकालीन सत्र के दौरान विरोध प्रदर्शन किया था जिसमें महिला सांसद भी शामिल थीं।

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, जिन्होंने पहले देश की चंद्रयान सफलता पर चर्चा शुरू की थी, ने कहा कि हालांकि वह सदन में अपने पार्टी सहयोगी की टिप्पणियां नहीं सुन सके लेकिन वह टिप्पणियों के लिए व्यक्तिगत रूप से माफी मांगते हैं। अधिकारियों के अनुसार, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सदन में बिधूड़ी द्वारा की गई असंसदीय टिप्पणियों को 'गंभीरता से नोट' किया है।

# स्थिर व मजबूत सरकार की वजह से ही पारित हो सका महिला आरक्षण विधेयक

● पीएम एक साथ नौ वंदे भारत को दिखाएंगे हरीझंडी

**पायनियर समाचार सेवा ।** नई दिल्ली



महिला आरक्षण बिल के पारित होने के एक दिन बाद नई दिल्ली में भाजपा मुख्यालय में आयोजित नारी शक्ति वंदन अभिनंदन कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सम्मान किया गया।

**लोकसभा** और विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित करने वाले 128वें संविधान संशोधन विधेयक के संसद से पारित होने के अगले दिन पीएम नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि यह विधेयक कोई सामान्य कानून नहीं है बल्कि नए भारत की नई लोकतांत्रिक प्रतिबद्धता का उद्घोष है। संसद में महिला आरक्षण विधेयक पारित होने पर उन्हें सम्मानित करने के लिए भाजपा की महिला मोर्चा द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मोदी ने बहुमत के साथ एक मजबूत सरकार की वकालत करते हुए कहा कि इसी वजह से इतने समय से लंबित इस विधेयक को संसद की मंजूरी मिलना संभव हो सका। उन्होंने कहा कि लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं के लिए आरक्षण की बात करीब तीन दशक से की जा रही थी लेकिन पहले के प्रयासों में प्रतिबद्धता की कमी थी। मोदी ने कहा, हम प्रतिबद्ध थे और हमने इसे पूरा करके दिखाया है। महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में केंद्र सरकार द्वारा उठाए गए विभिन्न कदमों का उल्लेख करते हुए मोदी ने कहा कि इन प्रयासों के चलते ही महिलाएं पिछले करीब एक दशक में एक शक्ति के रूप में उभरी हैं। राजद और सपा जैसे दलों पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि यही कारण है कि संसद में महिला आरक्षण विधेयक की प्रतियां फाड़ने वाले राजनीतिक दलों को भी इस बार इसका समर्थन करना पड़ा।

### मोदी आज वाराणसी में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम की आधारशिला रखेंगे

**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी में शनिवार को एक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम की आधारशिला रखेंगे और हाल ही में संसद में पारित हुए महिला आरक्षण विधेयक के सिलसिले में महिलाओं की एक रैली को संबोधित करेंगे। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। वाराणसी मंडल के आयुक्त कौशल राज शर्मा ने बताया, प्रधानमंत्री मोदी शनिवार दोपहर लगभग डेढ़ बजे वाराणसी में राजातालाब के गांजरी में बनने वाले अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम की आधारशिला रखेंगे।

# देश में नफरत, धमकी के लिए जगह नहीं: कनाडा

**एजेंसी ।** टोरंटो

● सरकार ने कनाडाई हिंदुओं को देश छोड़ने की धमकी देने वाले एक ऑनलाइन वीडियो को आपत्तिजनक और घृणा से भरा हुआ करार दिया

**कनाडा** सरकार ने कनाडाई हिंदुओं को देश छोड़ने की धमकी देने वाले एक ऑनलाइन वीडियो को शुक्रवार को आपत्तिजनक और घृणा से भरा हुआ करार दिया और साथ ही कहा कि देश में आक्रामकता, नफरत, धमकी या भय पैदा करने वाले कृत्यों के लिए कोई स्थान नहीं है।

खालिस्तानी अलगाववादी नेता हरदीप सिंह निज्जर की 18 जून को ब्रिटिश कोलंबिया में हत्या की घटना में भारतीय एजेंटों की संभावित संलिप्तता को लेकर प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के विस्फोटक आरोपों के बाद भारत और कनाडा के बीच तनाव बढ़ने के बीच यह वीडियो सामने आया है। भारत ने 2020 में निज्जर को आतंकवादी घोषित किया था। भारत ने बेहद सख्ती से इन आरोपों को बेतुका और बेबुनियाद बताते हुए खारिज कर दिया था और इस मामले में कनाडा द्वारा एक भारतीय अधिकारी को निष्कासित किए जाने के बदले उसने भी कनाडा के एक वरिष्ठ राजनयिक को निष्कासित कर दिया था। सार्वजनिक सुरक्षा, आपात प्रबंधन, राष्ट्रीय सुरक्षा और आपातकालीन तैयारियों के लिए जिम्मेदार सार्वजनिक सुरक्षा कनाडा ने कहा कि वीडियो का प्रसारित होना आपत्तिजनक और नफरत फैलाने वाला है तथा यह सभी कनाडाई लोगों और हमारे मूल्यों का अपमान है।

विभाग ने एक्स पर पोस्ट किया, कनाडा में नफरत के लिए कोई जगह नहीं है। विभाग ने कहा, आक्रामकता, नफरत, धमकी या डर का माहौल पैदा करने वाले कृत्यों के लिए इस देश में कोई जगह नहीं है और यह सिर्फ हमें बांटने के लिए किया गया है। हम सभी कनाडा वासियों से एक दूसरे का सम्मान करने और कानून के नियमों का पालन करने का अनुरोध करते हैं। कनाडा वासियों को अपने समुदायों में सुरक्षित महसूस करने का हक है। प्रधानमंत्री ट्रूडो की पार्टी से भारतीय-कनाडाई सांसद चंद्रा आर्या ने इससे पूर्व आतंकवाद के महिमामंडन और कनाडा में अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर देश में हिंदुओं को निशाना बनाए जाने वाले घृणा अपराध को लेकर निराशा जाहिर की थी।

लिबरल पार्टी ऑफ कनाडा के सदस्य आर्या ने कहा, कुछ दिन पहले कनाडा में खालिस्तान आंदोलन के नेता और सिख्स फॉर जस्टिस के अध्यक्ष गुरपतवंत सिंह पन्नून ने कनाडाई हिंदुओं पर हमला किया था और उन्हें कनाडा छोड़कर भारत वापस चले जाने को कहा था। पन्नून की सिख्स फॉर जस्टिस ने कथित जनमत संग्रह आयोजित किया था। भारतीय-कनाडाई सांसद ने एक्स पर पोस्ट किया, मैंने कई कनाडाई हिंदुओं से सुना है, जो निशाना बनाकर किए गए इस हमले के बाद डरे हुए हैं। मैं कनाडा के हिंदुओं से अनुरोध करता हूं कि वे शांत लेकिन सतर्क रहें। कृपया हिंदूफोबिया (हिन्दू पन्थ तथा हिन्दुओं के विरुद्ध नकारात्मक दृष्टिकोण) की किसी भी घटना के बारे में स्थानीय कानून प्रवर्तन एजेंसियों को रिपोर्ट करें।

## क्विक न्यूज

### सनातन धर्म को मिटाने संबंधी बयान के लिए उदयनिधि को कोर्ट का नोटिस

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सनातन धर्म को मिटाने संबंधी टिप्पणी के लिए तमिलनाडु के मंत्री उदयनिधि स्टालिन के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की मांग करने वाली याचिका पर स्टालिन और राज्य सरकार से शुक्रवार को जवाब मांगा। न्यायमूर्ति अनिरुद्ध बोस और न्यायमूर्ति बेला एम. त्रिवेदी की पीठ ने बी. जगन्नाथ नामक व्यक्ति की याचिका पर नोटिस जारी किए, जिसमें स्टालिन के खिलाफ इस आधार पर प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की गई कि टिप्पणियां नफरती भाषण के समान हैं और शीर्ष अदालत ने इस तरह के मामलों में प्राथमिकी दर्ज करने समेत कई निर्देश पारित किए थे। याचिकाकर्ता की ओर से पेश वरिष्ठ वकील दामा शेषाद्री नायडू ने कहा कि मंत्री ने कथित तौर पर स्कूली छात्रों से कहा कि यह धर्म अच्छा नहीं है और दूसरा धर्म अच्छा है। नायडू ने कहा, इस अदालत ने ऐसे मामलों पर ध्यान दिया है, जिनमें किसी व्यक्ति ने दूसरे धर्म के खिलाफ ऐसा बयान दिया था, लेकिन इस मामले में बयान एक मंत्री ने दिया है। यहां एक राज्य की बात है, जो स्कूली छात्रों को बता रहा है कि अमुक धर्म गलत है। पीठ ने नायडू से पूछा कि वह अदालत से क्या चाह रहे हैं।

# महिला हेड कांस्टेबल पर हमले का मुख्य आरोपी मुठभेड़ में ढेर

**पायनियर समाचार सेवा ।** लखनऊ/अयोध्या

● दो अपराधियों को भी गोली लगने के बाद घायल अवस्था में किया गया गिरफ्तार

**अयोध्या** में सरयू एक्सप्रेस में महिला हेड कांस्टेबल पर कातिलाना हमला करने वाले आरोपी अनीश खान को एसटीएफ व अयोध्या पुलिस ने एनकाउंटर में ढेर कर दिया जबकि उसके दो साथी गोली लगने से घायल हुए। घायल बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। बीती 30 अगस्त को महिला हेड कांस्टेबल खून से लथपथ हालत में ट्रेन में मिली थी।

उसके चेहरे और सिर पर चोट के निशान भी थे। फिलहाल लखनऊ के केजीएमयू में उसका इलाज चल रहा है। मुठभेड़ में मारा गया अनीश खान हमले का मुख्य आरोपी था। राज्य के स्पेशल डीजी कानून-व्यवस्था प्रशांत कुमार ने बताया कि शासन ने इस घटना को अत्यंत गंभीरता से लेते हुए घटना के शीर्घ अनावरण व हमलावरों की गिरफ्तारी के निर्देश दिए थे। इस घटना की विवेचना एसटीएफ को स्थानांतरित की गई थी। एसटीएफ के साथ ही जीआरपी, अयोध्या व गोंडा जिलों की पुलिस टीमें छानबीन कर रही थीं। स्पेशल डीजी ने बताया कि विवेचना के दौरान मिले साक्ष्यों के आधार पर घटना के संबंध में आईपीसी 333 व 307 के तहत दर्ज मुकदमे में धारा 394 व 504 ख की बढ़ोत्तरी की गई थी। तकनीकी एवं मुखबिरी सूचना के अनुसार संदिग्धों के फोटो प्राप्त किए गए। उन संदिग्ध की फोटो पीड़िता को दिखाया गया, तो पीड़िता द्वारा एक फो टो की शिनाख्त घटना में संलिप्त अपराधी के रूप में की गई।

# वयस्क बाघों में वर्चस्व की जंग, जान गंवा रहे शावक

## पिछले साल के 23 की तुलना में इस साल अब तक अभयारण्यों में 22 शावकों की हो चुकी है मौत

**अर्चना ज्योति ।** नई दिल्ली

● ज्यादा संख्या वाले बाघ अभयारण्यों में क्षेत्र पर कब्जे के लिए होने वाले संघर्ष में मादाओं की मौत से अकेले हो जाते हैं बच्चे



**देश** भर के कई अधिक आबादी वाले बाघ अभ्यारण्यों में वयस्क शाही बिल्लियों के बीच जगह या सहवास के लिए संघर्ष में बाघ शावक तेजी से जान गंवा रहे हैं। केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय के तहत राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (एनटीसीए) से उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, पिछले साल के 23 की तुलना में इस साल अब तक बाघ अभयारण्यों में कम से कम 22 शावकों की मौत हो चुकी है।

2023 आने में तीन महीने शेष हैं, मृत्यु संख्या पिछले वर्ष से अधिक होने की संभावना है। एनटीसीए के आंकड़ों के अनुसार, 2021 में 15 शावकों ने विभिन्न कारणों से दम तोड़ दिया। वन्यजीव अधिकारियों का कहना है कि जिन अभ्यारण्यों में बाघों की संख्या अधिक है, वहां शावकों की मृत्यु में वृद्धि दर्ज की गई है। उदाहरण के लिए, मध्य प्रदेश में 13 शावकों की मौत हुई है, जो देश के किसी भी राज्य में सबसे अधिक है, इसके बाद महाराष्ट्र और तमिलनाडु का स्थान है। वन्यजीव विशेषज्ञों का कहना है कि बाघों के अधिक घनत्व वाले क्षेत्रों में क्षेत्रीय लड़ाई एक प्राकृतिक घटना है। कभी-कभी जब मादाओं की संख्या कम होती है, तो नर अपने क्षेत्र की मादाओं को सहवास के लिए जीतने के लिए एक-दूसरे से प्रतिस्पर्धा करते हैं। कई बार ये बाघ नई मांओं को भी निशाना बनाते हैं। परिणामस्वरूप, उच्च प्रतिस्पर्धा के कारण, शावकों को भी बहुत कम उम्र में ही तितर-बितर होने के लिए मजबूर होना पड़ता है, जिससे उनकी मृत्यु का खतरा बढ़ जाता है।

उदाहरण के लिए, वन अधिकारियों के अनुसार, हाल ही में मुदुमलाई टाइगर रिजर्व क्षेत्र के चिन्नाकूनूर क्षेत्र में कदनाड के रिजर्व फॉरेस्ट में चार बाघ शावक भूख से मर गए, क्योंकि उनकी मां ने उन्हें से छोड़ दिया था। एक अन्य उदाहरण में, अप्रैल में मध्य प्रदेश के उमरिया जिले के बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व (बीटीआर) में एक बाघ शावक मृत पाया गया था। वन रेंज अधिकारी एसएस श्रीवास्तव ने कहा, वन अधिकारियों को मौत के पीछे क्षेत्रीय लड़ाई का संदेह था, क्योंकि शावक का शव मंगलवार सुबह बीटीआर के पनपथा बफर क्षेत्र में जट्टा तालाब के पास मिला था। इसी तरह, फरवरी में, राजस्थान के सवाई माधोपुर में रणथंभौर टाइगर रिजर्व में एक क्षेत्रीय लड़ाई में अपनी मां की मौत के बाद बारिश के बीच ठंड से एक कमजोर शावक की मौत हो गई।

रिज़र्व में पिछले आठ वर्षों में बड़ी बिल्लियों की आबादी में 45फीसदी की वृद्धि देखी गई है और अधिकारियों ने बाघों के लिए अपने क्षेत्र को चिह्नित करने के लिए पर्याप्त जगह की कमी के बारे में चिंता व्यक्त की है। इसके अलावा, बाघों के लिंग अनुपात में गंभीर असंतुलन के कारण बड़ी बिल्लियों की आबादी में भी वृद्धि हुई है, जिससे उनमें से कई को या तो पार्क छोड़ने के लिए मजबूर होना पड़ा है या क्षेत्रों और मादाओं पर लड़ाई में मरने के लिए मजबूर होना पड़ा है। इन झगड़ों में शावक उन बाघों द्वारा घायल भी हो जाते हैं जिन्होंने उन्हें नहीं पाला है। वन्यजीव अधिकारियों ने कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के मामले का हवाला दिया, जहां तीन से पांच साल की उम्र के एक दर्जन से अधिक वयस्क बाघों के पास कोई क्षेत्र नहीं है, यानी वे इस प्रक्रिया में रिजर्व की परिधि में घूम रहे हैं, जिससे शावक अन्य मांसाहारियों के प्रति असुरक्षित हो गए हैं। देश के 700 अभयारण्यों में से, रातापानी एकमात्र बाघ अभयारण्य है जिसमें 60 बाघ और 15 शावक हैं। सूत्रों के मुताबिक, बाघों की संख्या तो बढ़ी है, लेकिन उनका क्षेत्रीय क्षेत्र घट गया है। एक रिपोर्ट के मुताबिक जनवरी 2019 से जनवरी 2022 तक रणथंभौर नेशनल पार्क, सरिस्का टाइगर रिजर्व, मुकुंदरा हिल्स नेशनल पार्क समेत अन्य में 32 मादा बाघिनों में से ज्यादातर प्रजनन आयु में हैं, जिसके कारण इनकी संख्या में बढ़ोतरी हुई है।

# प्रदेश में 80 सीटें जीतने का लक्ष्य पूर्ण करेगीः भूपेन्द्र

● बूथ स्तर पर विजय की रणनीति बनाकर काम करना हैः सुनील बंसल

● सम्पर्क, संवाद, समन्वय व सक्रियता से परिणाम भाजपा के अनुकूल होगाः धर्मपाल सिंह



**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी की लोकसभा प्रवास योजना बैठक शुक्रवार को राजधानी लखनऊ में संपन्न हुई। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी की अध्यक्षता तथा राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल व प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह की उपस्थिति में आयोजित बैठक में प्रदेश के मैनपुरी, श्रावस्ती, लालगंज, अम्बेडकरनगर तथा रायबरेली संसदीय क्षेत्रों की लोकसभा प्रवास योजना के तहत समीक्षा तथा आगामी कार्ययोजना पर चर्चा हुई। बैठक में मैनपुरी, श्रावस्ती, लालगंज, अम्बेडकरनगर तथा रायबरेली संसदीय क्षेत्रो के लोकसभा संयोजक, लोकसभा प्रभारी, लोकसभा विस्तारकों सहित लोकसभा प्रवास योजना की प्रदेश टोली के सदस्य सम्मिलित हुए।

राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल ने बैठक में कहा कि विगत लोकसभा चुनाव में भाजपा को उप्र में जिन लोकसभा सीटों पर सफलता नहीं मिल सकी, ऐसी सीटों पर विशेष कार्ययोजना तैयार करते हुए काम करना है। उन्होंने कहा कि बूथ स्तर पर विजय की रणनीति बनाकर काम करना है। प्रत्येक विधानसभा में अधिक से अधिक लोगों को प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना से जु ?ने के लिए प्रेरित करना है तथा आयुष्मान कार्ड बनाने में लोगों का सहयोग करना है। बूथ स्तर पर युवाए किसानए महिलाओं तथा लाभार्थियों से सम्पर्क व संवाद स्थापित कर सरकार की योजनाएं तथा नीतियां पहुंचाना है। बूथ स्तर पर माइक्रोमैनेजमेंट तथा टीमवर्क हमें लक्ष्य की प्राप्ति में सहायक होगा। वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के साथ संवाद तथा प्रत्येक कार्यकर्ता के लिए कार्य तथा कार्यक्रम का निर्धारण हमारी योजना का हिस्सा होना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश की सभी 80 सीटें जीतने का लक्ष्य और उस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए कठिन परिश्रम के साथ हम सभी को मिलकर काम करना होगा।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि 2019 के लोकसभा चुनाव में विपक्ष के एक साथ लामबंद होने के बावजूद उत्तर प्रदेश में भाजपा को 50 फीसदी से ज्यादा वोट प्राप्त हुए थे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पूरे देश का वातावरण भाजपा के अनुकूल है। 2024 के लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकारों के कार्य् कार्यकर्ताओं का परिश्रम, सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास की नीति से भाजपा प्रदेश में 80 सीटें जीतने का लक्ष्य पूर्ण करेगी। प्रदेश में पार्टी के परिश्रमी कार्यकर्ता अपने परिश्रम से प्रत्येक कार्यक्रम व अभियान को सफ्ल बनाकर फ्रि एक बार मोदी सरकार के संकल्प को पूर्ण करने में जुटे हुए है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व की केन्द्र सरकार तथा मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व की प्रदेश भाजपा सरकार ने संकल्प पत्र के सभी संकल्पों को पूर्ण किया है। आज देश में यह सोच विकसित हुई है कि भाजपा जो कहती है वह करती है और यही सोच भाजपा को सर्वव्यापी बनाती है।

प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने बैठक में सशक्त बूथ की संरचना को जीत का मंत्र बताते हुए कहा कि हमारी प्रत्येक कार्ययोजना में सम्पर्क, संवाद, समन्वय तथा सक्रियता से प्रत्येक परिणाम भाजपा के अनुकूल होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन 17 सितम्बर से सेवा पखवाड़ा प्रारम्भ हुआ है। सेवा पखवाड़ा के अन्तर्गत आयुष्मान भव कार्यक्रम के माध्यम से रक्तदान शिविरए निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर तथा आयुष्मान कार्ड बनवाने में सहयोग का काम पार्टी के पदाधिकारी तथा कार्यकर्ता कर रहे है। पार्टी का बूथ सशक्तिकरण अभियान, बूथ विजय का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ रहा है और बूथ की मजबूत इकाई से निश्चित विजय का खाका तैयार हो रहा है। 24 सितम्बर को मन की बात तथा 25 सितम्बर को पण् दीनदयाल उपाध्याय जयन्ती का कार्यक्रम बूथ स्तर पर आयोजित होगा। आगामी दिनों में समस्त सामाजिक व राजनैतिक बिन्दुओं पर विधानसभा तथा बूथ स्तर पर तैयार कार्ययोजना पर पार्टी कार्य करेगी। बैठक में लोकसभा प्रवास योजना के केन्द्रीय सदस्य आशीष सूद, कैबिनेट मंत्री सूर्य प्रताप शाही, प्रदेश उपाध्यक्ष विजय बहादुर पाठक, प्रदेश महामंत्री अमर पाल मौर्य तथा क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा उपस्थित रहे। कलस्टर इंचार्ज मुकुट बिहारी वर्मा ने संचालन किया।

# यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो से एग्जीबिटर्स गदगद, सीएम योगी को दिया धन्यवाद

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**इंडिया** एक्सपो मार्ट में आयोजित पांच दिवसीय यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में प्रदेशभर से दो हजार से अधिक एग्जीबिटर्स अपने अपने उत्पादों के साथ पहुंचे हैं। वहीं ट्रेड शो को लेकर एग्जीबिटर्स में गजब का उत्साह देखने को मिल रहा है। यहां की व्यवस्थाओं की सभी सराहना कर रहे हैं। एग्जीबिटर्स इसके लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का विशेष रूप से धन्यवाद देते दिखे।

वाराणसी निवासी अंगिका कुशवाहा यहां डमी लूम के साथ पहुंची हैं। उन्होंने बताया कि वह बनारसी साड़ी तैयार करती हैं। उनके पास 300 करघे हैं, जिस पर एक हजार लोगों की टीम बनारसी साड़ी तैयार करती है। टेक्सटाइल में पीएचडी अंगिका के अनुसार यहां हम बनारसी साड़ी के निर्माण की बारीकियों को प्रदर्शित कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार में बुनकरों को तमाम तरह की सुविधाएं मिल रही हैं। उन्हें लोन आदि लेने के लिए अब परेशान नहीं पड़ता।

मुरादाबाद के पद्मश्री सम्मान से सम्मानित शिल्पकार दिलशाद हुसैन यहां पीतल पर बनी नक्काशियों का प्रदर्शन कर रहे हैं।

उन्होंने बताया कि इंटरनेशनल ट्रेड शो के जरिए यूपी के एग्जीबिटर्स को दुनियाभर के बायर्स के सामने अपने उत्पादों को प्रदर्शित करने का मौका मिल रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को विशेष धन्यवाद देते हुए कहा कि यहां बहुत अच्छी व्यवस्था, पहली बार एग्जीबिटर्स को इतनी बेहतरीन सुविधाओं के साथ अपने उत्पादों को प्रदर्शित करने का मौका मिला है। मेरठ निवासी कला साधक पद्मश्री अवार्ड से सम्मानित शीश राम भी यूपी इंटरनेशनल ट्रेड में आकर काफी खुश दिखे। भारतीय सेना में 40 वर्षों तक सेवा देने के बाद पोट्रेट चित्रकला और मूर्तिकला के क्षेत्र में अतुलनीय काम करने वाले शीश राम की कलाकृतियां दुनियाभर में पसंद की जाती हैं। उन्होंने इंटरनेशनल ट्रेड शो को उत्तर प्रदेश की प्रतिष्ठा बढ़ाने वाला आयोजन बताया। कहा कि ऐसे आयोजन से सिर्फ कलाकारों और शिल्पकारों का ही मान नहीं बढ़ाते बल्कि इससे यूपी और हमारे देश का भी मान पूरे विश्व में बढ़ रहा है।

# भाजपा सरकार में शोपीस बनकर रह गई है एम्बुलेंस सेवाः अखिलेश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**सपा अध्यक्ष** एवं नेता विरोधी दल अखिलेश यादव ने कहा है कि उत्तर प्रदेश में भाजपा सरकार ने समाजवादी सरकार के जनहित के कामों को बर्बाद कर जनता को उसके रहमोकरम पर छोड़ दिया है। लोगों को समय से इलाज न मिल पाने के कारण असामयिक मौतें हो रही हैं। एम्बुलेंस सेवा की बदहाली की वजह से एक विदेशी मेहमान की मौत तो दुनिया भर में बदनामी का कारण हो सकती है। अखिलेश ने कहा कि समाजवादी सरकार में प्रसूताओं को अस्पताल लाने ले जाने के लिए 102 तथा सड़क दुर्घटना में घायलों के तत्काल इलाज के लिए 108 डायल एम्बुलेंस की सुविधा दी गई थी जिसे भाजपा सरकार ने पूरी तरह से चौपट कर दिया है। उन्होंने कहा कि फ तेहपुर सीकरी में एक विदेशी मेहमान फ्रांसीसी पर्यटक की मौत एम्बुलेंस उपलब्ध न होने से हो गई जो बहुत ही दुखद है। उसका पति चिल्लाता रहा कॉल द एम्बूलेंस पर एम्बुलेंस घंटे भर तक नहीं मिल सकी। इस घटना से उत्तर प्रदेश की छवि अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर तार-तार हो गई है।

यादव ने कहा कि बुन्देलखण्ड के जिला अस्पतालों में एम्बुलेंस सेवा वेंटिलेटर पर है। यह एम्बुलेंस सेवा एक तरह से शो-पीस बनकर रह गई है। कई जगहों पर इसका प्रयोग वीआईपी ड्यूटी में हो रहा हैं। इनसे अस्पताल का सामान ढोने का भी काम हो रहा है। 108 डायल नम्बर की गाड़ियां धूल खा रही है। सीतापुर में जिला महिला अस्पताल में मरीज को लेकर आई एम्बुलेंस खराब हो गई। धक्का लगाने पर भी स्टार्ट नहीं हुई।

## मोहन सिंह की 10वीं पुण्यतिथि पर सपा प्रमुख ने दी श्रद्धांजलि



**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने गुरुवार को पार्टी मुख्यालय में वरिष्ठ समाजवादी नेता एवं पूर्व मंत्री मोहन सिंह की 10वीं पुण्यतिथि पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन भेंट किए। मोहन सिंह तीन बार लोकसभा में सांसद निर्वाचित हुए थे और उन्हें सर्वश्रेष्ठ सांसद का सम्मान भी मिला था। वे उप्र विस के भी सदस्य रहे तथा राज्य मंत्रिमंडल में राज्यमंत्री भी रहे थे। 22 सितम्बर 2013 को उनका निधन हुआ था। अवधेश प्रसाद एवं राजेन्द्र चौधरी पूर्वमंत्रीगण तथा पूर्व सांसद अरविन्द कुमार सिंह, विधायकगण कमाल अख्तर, प्रदीप कुमार, रफीक अंसारी, पूर्व एमएलसी रामबृक्ष सिंह यादव एवं उदयवीर सिंह, समाजवादी युवजन सभा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष विकास यादव, छात्रसभा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दिग्विजय सिंह देव, कोषाध्यक्ष उत्तराखण्ड प्रदेश एसके राय, प्रदेश अध्यक्ष समाजवादी शिक्षक सभा एसपी सिंह पटेल, डॉ. कुलदीप सक्सेना, चौधरी राजपाल सिंह, साधु यादव, बन्ने खां की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

# निर्धारित समय पर गुणवत्ता के साथ हो निर्माण कार्य : संजय प्रसाद

● पुलिस के आवासीय व अनवासीय भवनों के निर्माण के लिए 22 करोड़ 29 लाख की धनराशि मंजूर

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**शासन** ने जनपदों में तैनात पुलिस कर्मियों के लिए आवासीय एवं अनावसीय भवनों यथा हास्टल, बैरक, विवेचना कक्ष एवं पुलिस चौकी परामर्श केन्द्र के भवन आदि के निर्माण की स्वीकृति प्रदान करते हुए 9 जनपदों मेरठ, संतकबीर नगर, कासगंज, मऊ, महोबा, प्रतापगढ़, फि रोजाबाद, लखीमपुर खीरी एवं मुरादाबाद के लिए कुल 22 करोड़ 29 लाख रुपए से अधिक की धनराशि की स्वीकृति प्रदान कर दी है। प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद ने बताया कि पुलिस आधुनिकीकरण के तहत जनपद मेरठ की पुलिस लाइन में बहुद्देशीय ऑडटोरियम के निर्माण के लिए 1करोड़ 32 लाख 54 हजार रुपए व 6वीं वाहिनी पीएसी मे पुरानी एवं जीर्ण शीर्ण पाइप लाइन को बदलवाने के लिए 1 करोड़ 10 लाख 29 हजार रुपए तथा जनपद संतकबीर नगर के थाना बेलहरकला में 48 क्षमता के हास्टल, बैरक एवं विवेचना कक्ष के निर्माण के लिए1 करोड़ 13 लाख 99 हजार रुपए व थाना कोतवाली खलीलाबाद में 48 कर्मियों के लिये हास्टलव बैरक एवं 1 विवेचना कक्ष के निर्माण के लिए 1 करोड़ 5 लाख 32 हजार रुपए की धनराशि स्वीकृत की गयी है। उन्होंने बताया कि इसी प्रकार जनपद मुरादाबाद के पुलिस थाना मंझोला में 48 क्षमता के हास्टलध्बैरक एवं विवेचना कक्ष के निर्माण हेतु 1 करोड़ 7 लाख रूपये 59 हजार रूपये की धनराशि धनराशि की स्वीकृति प्रदान कर दी गयी है।

प्रमुख सचिव गृह ने बताया कि जनपद फि रोजाबाद के नवीन थाना रजावली के आवासीय भवनों के निर्माण कार्यो के लिए 1 करोड़ 34 लाख 89 हजार रुपए, जनपद लखीमपुर खीरी के थाना मितौली में 48 क्षमता के हास्टल, बैरक एवं विवेचना कक्ष के निर्माण के लिए 1 करोड़ 1 लाख 20 हजार रुपए, जनपद प्रतापगढ़ के तहसील पट्टी मुख्यालय पर ग्राम बीबीपुर में 2 यूनिट के अग्निशमन केन्द्र के आवासीय-अनावासीय भवनों के निर्माण के लिए 4 करोड़ 76 लाख 94 हजार रुपए, जनपद महोबा के थाना कुलपहाड़ के नवीन थाना में आवासीय भवनों के निर्माण कार्य के लिए 4 करोड़ 15 लाख 18 हजार रुपए की धनराशि की स्वीकृति प्रदान की गयी है।

प्रमुख सचिव गृह ने बताया कि पुलिस कर्मियों की सुविधा को वरीयता देते जनपद मऊ के थाना कोपागंज में 8 महिला तथा 24 पुरुषों के लिए हॉस्टल-बैरक एवं विवेचना कक्ष के निर्माण कार्य के लिए1 करोड़ 68 लाख 70 हजार रुपए व जनपद कासगंज की पुलिस लाइन में 100 क्षमता के पुरुषों के लिए हॉस्टल-बैरक के निर्माण के लिए 3 करोड़ 62 लाख 61 हजार रुपए की धनराशि की स्वीकृति प्रदान की गई है। प्रमुख सचिव गृह ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार स्वीकृत भवनों का निर्माण कार्य निर्धारित मानक एवं पूर्ण गुणवत्ता के साथ कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने यह निर्देश भी दिए हैं कि निर्माण कार्य निर्धारित समयावधि के अन्दर पूर्ण कराया जाए ताकि यथाशीघ्र निर्माण कार्य पूर्ण हो जाने के फलस्वरूप निर्मित भवनों का बेहतर उपयोग हो सके। उन्होंने कड़े निर्देश दिए हैं कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता आदि की कमी पाए जाने पर संबंधित दोषी कर्मियों को बख्शा नही जाएगा।

पायनियर वर्गीकृत

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं अपने पुत्र मोहम्मद अलबाब पुत्र शरफुद्दीन बेग का नाम बदलकर अलबाब बेग पुत्र शरफुद्दीन बेग कर किया है भविष्य में उसे अलबाब बेग के नाम से जाना व पहचाना जाए शरफुद्दीन बेग पुत्र स्वर्गीय कमरूद्दीन बेग निवासी कस्बा-महोना, तहसील बक्शी का तालाब जिला लखनऊ

## सूचना

सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र का नाम अंश प्रकाश खरे पुत्र संजय प्रकाश है। जो उसके शैक्षिक अभिलेखों, आधार कार्ड में अंकित है। मैंने अपने ज्योतिषाचार्य के अनुसार अपने पुत्र के उज्ज्वल भविष्य हेतु उसका नाम अंश प्रकाश खरे से बदलकर आदित्य प्रकाश खरे रख लिया है। भविष्य में मेरे पुत्र को आदित्य प्रकाश खरे पुत्र संजय प्रकाश के नाम से जाना व पहचाना जाये। संजय प्रकाश 27/18 बाबा जी का बाग (इण्डियन प्रेस के पीछे) टैगोर टाउन प्रयागराज।

## सूचना

**सूचना**

जनपद सोनभद्र में उत्तर प्रदेश महिला कल्याण निगम (राज्य सरकार का उपक्रम) के सहयोग से भागीरथ सेवा संस्थान द्वारा वृद्ध महिला आश्रम का संचालन किया जा रहा है, जहां निराश्रित वृद्ध महिलाएं स्वेच्छा से निवास कर सकती हैं। यहां उनकी अच्छी देखभाल एवं खाना- रहना पूर्णता निशुल्क है। उत्तर प्रदेश सरकार की इस योजना का लाभ लेने हेतु मोबाइल नंबर 9839042092 अथवा ईमेल आईडी-bhagirathi.vraddha.ashram866@gmail.com

## आवश्यकता है

**Bhagirath Sewa Sansthan**

**आवश्यकता है**

महिला वृद्धा आश्रम चोपन, सोनभद्र हेतु कार्मिकों की आवश्यकता है।

**क्र.सं.** 1 **पदनाम** आवासीय अधीक्षिका **योग्यता** एम. एस. डब्ल्यू./परास्तातक **पदों की संख्या** 1 **क्र.सं.** 2 **पदनाम** सहायक अधीक्षिका **योग्यता** स्नातक **पदों की संख्या** 1 **क्र.सं.** 3 **पदनाम** काउं. सलर **योग्यता** परास्नातक **पदों की संख्या** 1 **क्र.सं.** 4 **पदनाम** ट्रेंड नर्स **योग्यता** नर्सिंग में डिग्री **पदों की संख्या** 1 **क्र.सं.** 5 **पदनाम** लिपिक **योग्यता** स्नातक एवं लिपिकी कार्य कार्यों का अनुभव **पदों की संख्या** 1 **क्र.सं.** 6 **पदनाम** चौकीदार **योग्यता** 5वीं पास, साइकिल चलाने का ज्ञान **पदों की संख्या** 4 **क्र.सं.** 7 **पदनाम** स्वीपर **योग्यता** 5वीं पास अथवा अनपढ़ **पदों की संख्या** 2

इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन मेल के माध्यम से प्रेषित कर सकते हैं। आवेदन की अन्तिम तिथि-प्रेस विज्ञप्ति/सूचना जारी होने के 10 दिवस के अन्दर। आवेदन हेतु अपना बायोडाटा मेल आई०डी० bhagirathi.vraddha.ashram866@gmail.com पर भेजें, अधिक जानकारी हेतु दूरभाष नं. 9839042092 पर सम्पर्क करें।

# बरसाना में आज मनाया जाएगा राधा रानी का जन्मोत्सव

● मथुरा के अन्य मंदिरों में भी जन्मोत्सव मनाने की पूरी तैयारःजयवीर सिंह

**लखनऊ।** पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि राधारानी का जन्मोत्सव बरसाना में भव्य रूप से मनाया जाता है। पर्यटन विभाग का यह प्रयास है कि यहां दूर-दूर से आने वाले पर्यटक सुखद स्मृति लेकर लौटें। जगह-जगह सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए मंच लगवाए गए हैं, ताकि लोग मंदिरों में दर्शन.पूजन के बाद यहां भक्ति रस में गोते लगा सकें। पर्यटन मंत्री ने बताया कि श्रीकृष्ण की प्रियतमा राधारानी शनिवार भोर में जन्म लेंगी। ब्रह्मांचल पर्वत पर स्थित लाली मंदिर में श्री विग्रह का अभिषेक किया जाएगा। इस पल का साक्षी बनने के लिए देश.दुनिया से लाखों लोग बरसाना पहुंच रहे हैं। ब्रज तीर्थ विकास परिषद की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए मंच लगाए गए हैं। कलाकारों द्वारा सांस्कृति कार्यक्रम प्रस्तुत किये जा रहे हैं। नंदगांव से काफी संख्या में गोस्वामी राधाष्टमी के एक दिन पहले बरसाना पहुंचे। यहां बधाई गायन हुआ। बरसाना के गोस्वामियों ने नंदगांव के गोस्वामियों को मिठाई खिलाई। इस बधाई गायन के एक दिन पहले 21 सितंबर को बरसाना के कुछ लोग चाव निकालकर राधारानी मंदिर पहुंचे। इसमें महिला पुरुष और वृद्ध.बच्चे सभी शामिल थे। पर्यटन मंत्री ने बताया कि राधाष्टमी को लेकर पूरे बरसाना और नंदगांव में आकर्षक सजावट की गई है। देवालयों के अलावा लोगों ने अपने घरों और सार्वजनिक स्थलों को आकर्षक ढंग से सजाया है। इन दोनों स्थलों के अलावा मथुरा में अन्य जगह जहां.जहां योगेश्वर भगवान श्रीकृष्ण का मंदिर है।

# महिला आरक्षण बिल का लाभ 15 से 16 साल तक नहीं मिल पायेगाः मायावती

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**बसपा** सुप्रीमो मायावती ने महिला आरक्षण बिल को लेकर केंद्र सरकार पर सवाल उठाए हैं। मायावती ने कहा कि इस बिल के मुताबिक आने वाले 15-16 सालों में देश में महिलाओं को आरक्षण नहीं दिया जाएगा। इस बिल के पास होने के बाद इसे तुरंत लागू नहीं किया जा सकेगा। सबसे पहले देश में जनगणना कराई जाएगी और इसके बाद सीटों का परिसीमन किया जाएगा।

शुक्रवार को सोशल मीडिया एक्स पर बसपा सुप्रीमो मायावती ने लिखा कि महिला आरक्षण बिल संसद के दोनों सदनों से पारित हो जाने का स्वागत, किन्तु देश इसका भरपूर व जोरदार स्वागत करता अगर उनकी अपेक्षाओं के मुताबिक यह अविलम्ब लागू हो जाता। अब तक लगभग 27 वर्षों की लम्बी प्रतीक्षा के बाद अनिश्चितता का अब आगे और लम्बा इंतजार करना कितना न्यायसंगत। उन्होंने आगे लिखा कि वैसे देश की आबादी के बहुसंख्यक ओबीसी समाज की महिलाओं को आरक्षण में शामिल नहीं करना बहुजन समाज के उस बड़े वर्ग को न्याय से वंचित रखना है। इसी प्रकार एससी व एसटी समाज की महिलाओं को अलग से आरक्षण नहीं देना भी उतना ही अनुचित व सामाजिक न्याय की मान्यता को नकारना है। उन्होंने कहा कि किन्तु जहाँ चाह है वहाँ राह है और इसीलिए सरकार ओबीसी समाज को इस महिला आरक्षण बिल में शामिल करे, एससी व एसटी वर्ग की महिलाओं को अलग से आरक्षण दे तथा इस विधेयक को तत्काल प्रभाव से लागू करने के सभी जरूरी उपाय करे। धार्मिक अल्पसंख्यक समाज की महिलाओं की भी उपेक्षा अनुचित। उधर मायावती ने कहा कि दिल्ली से भाजपा सांसद द्वारा बीएसपी सांसद दानिश अली के खिलाफ सदन में आपत्तिजनक टिप्पणी को हालाँकि स्पीकर ने रिकार्ड से हटाकर उन्हें चेतावनी भी दी है व वरिष्ठ मंत्री ने सदन में माफी मांगी, किन्तु पार्टी द्वारा उनके विरुद्ध अभी तक समुचित कार्रवाई नहीं करना दुखद, दुर्भाग्यपूर्ण।

# आरटीआई कानून को समाप्त करने की साजिश कर रही सरकारः अजय राय

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**प्रदेश** कांग्रेस मुख्यालय में उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी सूचना का अधिकार विभाग के प्रदेश पदाधिकारियों तथा जिला व शहर चेयरमैन की एक महत्वपूर्ण बैठक विभाग के अध्यक्ष पुष्पेंद्र श्रीवास्तव की अध्यक्षता में हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय मौजूद रहे। संचालन विभाग के उपाध्यक्ष रमेश श्रीवास्तव ने किया। अजय राय ने कहा कि सूचना का अधिकार कानून सरकारी कामकाज में पारदर्शिता लाने और आम जन के हाथ में निरंकुश अधिकारियों के लिए एक लगाम की तरह है मगर पिछले नौ वर्षो में केन्द्र की भाजपा सरकार ने इसे लगातार कमजोर किया है। उनकी मंशा इस अधिनियम को समाप्त करने की है ताकि उनके द्वारा किए जा रहे भ्रष्टाचार जनता के बीच उजागर न हो सके।

बैठक की अध्यक्षता कर रहे उप्र कांग्रेस कमेटी सूचना का अधिकार विभाग के चेयरमैन पुष्पेन्द्र श्रीवास्तव ने कहा कि विभाग के पदाधिकारियों द्वारा मांगी जा रही 95 प्रतिशत आरटीआई का जवाब सरकारी विभाग नहीं दे रहे हैं। सरकार की मंशा सच को छिपाने की है मगर हम प्रतिबद्ध हैं कि सच को जनता के समक्ष लाकर रहेंगे भले ही इसके लिए हमें किसी भी स्तर तक लड़ना पड़े। प्रमुख रूप से प्रदेश कांग्रेस सूचना का अधिकार विभाग के उपाध्यक्ष अमित उठवाल, रमेश श्रीवास्तव, अरुण सोनी, महासचिव सीमा देबनाथ, महेन्द्र श्रीवास्तव, रामानंद राजपूत, सचिव कीर्ति प्रकाश पाण्डेय, सुभाष चन्द्र पाण्डेय एवं जिलाध्यक्ष अजय भाटी, जियाउर रहमान, नीलेश कनौजिया, केसर शहजादी मौजूद रहे।

# 275 करोड़ रुपए से यूपी की सड़कों को गड्ढा मुक्त बनाने की जारी है प्रक्रिया

● 93 प्रतिशत सड़कों के रीस्टोरेशन कार्यो को किया पूर्ण, शेष पर भी जारी है कार्य

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**प्रदेश** में वर्ष 2022-23 के बीच गड्ढा मुक्ति के लक्ष्यों को हासिल करने में 100 प्रतिशत सफलता मिली है, वहीं रीस्टोरेशन कार्यों को 93 प्रतिशत तक पूर्ण किया जा चुका है। बाकी के 7 प्रतिशत कार्यों को भी पूर्ण करने की ओर तेजी से प्रयास किए जा रहे हैं। सीएम योगी की हमेशा से परिकल्पना गड्ढा मुक्त उत्तर प्रदेश की रही है और इसी परिकल्पना को पूर्ण करने के लिए लोकनिर्माण विभाग द्वारा इस वर्ष अब तक 275 रुपए प्रदेश के सभी जिलों को निर्धारित मार्ग सुदृढ़ीकरण के लक्ष्यों को पूरा करने के लिए आवंटित किया जा चुका है।

लोकनिर्माण विभाग के आंकड़ों के अनुसारए प्रदेश में कुल 10 विभागों के अंतर्गत 100867 मार्गों के गड्ढा मुक्ति के लक्ष्य को प्राप्त किया। वर्ष 2022-23 के आंकड़ों के अनुसार, इस दिशा में 100 प्रतिशत सफ लता प्राप्त की गई है। वहीं, मार्गों के रीस्टोरेशन वर्क्स को पूर्ण करने के लिए 98355 सड़कों के रीस्टोरेशन कार्यों को पूर्ण कर लिया गया है। इस प्रकार कुल 93 प्रतिशत कार्यों को वर्ष 2022-23 के बीच पूर्ण कर लिया गया है। बाकी के 7 प्रतिशत कार्यों को भी पूर्ण करने के लिए लोकनिर्माण विभाग द्वारा सतत प्रक्रिया जारी है और सभी कार्यों की सिलसिलेवार समीक्षा और मॉनिटरिंग की जा रही है। जिन विभागों के संयोजन से इन कार्यों को पूर्ण किया जा रहा है उनमें लोक निर्माण विभाग के अतिरिक्त नेशनल हाइवे (पीडब्ल्यूडी), नेशनल हाइवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई-वेस्ट यूपी), एनएचएआई (ईस्ट यूपी), मंडी परिषद विभाग, पंचायती राज विभाग, सिंचाई विभाग, ग्राम्य विकास विभाग (यूपीआरआरडीए), नगर विकास विभाग, गन्ना विभाग, आवास एवं शहरी नियोजन विभाग तथा अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास विभाग प्रमुख हैं।

उल्लेखनीय है कि प्रदेश में मार्गों के नवीनीकरण की प्रक्रिया के अनुसार समयसीमा निर्धारित की गई है। इसके अनुसारए राज्य मार्ग के लिए 4 वर्ष, प्रमुख जिला मार्ग के लिए 4 वर्ष, अन्य जिला मार्ग के लिए 5 वर्ष व ग्रामीण मार्गों के नवीनीकरण के लिए 8 वर्ष की समय सीमा निर्धारित की गई है। इसके अंतर्गत आने वाली सड़कों के रीस्टोरेशन, पैचवर्क और सौंदर्यीकरण योजनाओं से संबंधित समस्याओं के निस्तारण, बजट आवंटन व तकनीकी गुणवत्ता निर्धारण समीक्षा समेत अन्य पहलुओं के निर्धारण समेत टेंडरिंग व रेगुलर मॉनिटरिंग के व्यवस्थित फ्रेमवर्क को तैयार कर लिया गया है।

# कांग्रेस ने सहकारिता विभाग के बी.पैक्स सदस्यता अभियान में लगाया भ्रष्टाचार का आरोप

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**कांग्रेस पार्टी** ने कहा है कि प्रदेश के सहकारिता विभाग में बी. पैक्स सदस्यता अभियान में व्याप्त भ्रष्टाचार अब किसानों के लिए शोषण और उत्पीड़न का सबब बन चुका है। मुख्यमंत्री और सहकारिता मंत्री जहां करोड़ों रुपए सदस्यता का ढोल पीट रहे हैं वहीं किसान सहकारिता विभाग के सचिवगणों द्वारा प्रदेश के लगभग हर जिले में सदस्यता शुल्क और अंशदान के मद में दोगुना पैसा लेकर रसीदें काट कर किसानों का शोषण कर रहें हैं। उत्तर प्रदेश कांग्रेस सहकारिता प्रकोष्ठ के चेयरमैन कृपा शंकर मिश्र एडवोकेट ने शुक्रवार को बी. पैक्स सदस्यता अभियान 2023 में अनियमितता एवं शोषण किए जाने के सम्बन्ध में सहकारिता विभाग के आयुक्त एवं निबंधक को शिकायती पत्र लिखकर भ्रष्टाचार को नियंत्रित करने की मांग की है। मिश्र ने बताया कि हर जनपद में सदस्यता शुल्क 21 रुपऐ के स्थान पर 50 रुपए प्रति व्यक्ति एवं अंशदान 100 रुपए के स्थान पर 220 प्रति व्यक्ति की रसीद निर्गत की जा रही है। जनपद हमीरपुर और महोबा के पीड़ित किसानों ने रसीदें भेजकर इसकी जानकारी दी है। इसे तत्काल संज्ञान में लेकर दोषी लोगों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए।

● आयुक्त एवं निबंधक को पत्र लिखकर की कार्रवाई की मांग

**परिशिष्ट IV-A**
**(नियम 8(6) का नियम देखे)**
**अचल संपत्ति की बिक्री के लिए बिक्री सूचना**

सिक्युरिटी इंटरेस्ट (एन्फोर्समेन्ट) रूल्स, 2002 के नियम 8(6) और नियम 9(1) के नियमों को पढते हुए सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकन्स्ट्रशन ऑफ फायनांशियल एसेट्स एंड एन्फोर्समेन्ट ऑफ सिक्युरिटी इंटरेस्ट एक्ट, 2002 के अधीन अचल संपत्ति की बिक्री के लिए ई- निलामी बिक्री सूचना।

सामान्य रूप से जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ता (ओं) तथा गॅरेन्टर (ओं) को सूचित किया जाता है कि निम्नवर्णित अचल संपत्ति जो सुरक्षित लेनदार के पास गिरवी है, जिस पर सुरक्षित लेनदार अधिकृत अधिकारी **इंडियाबुल्स कमर्शियल क्रेडिट लिमिटेड [CIN: U65923DL2006PLC150632]** (**''सुरक्षित लेनदार द्वारा''**) द्वारा **रचनात्मक कब्जा** लिया जा चुका है, को **11.10.2023** को **दोपहर 02.00 से 04.00 बजे** तक **''जहां है'', ''जैसा है'', और ''जो कुछ भी है''**, की वसूली के लिए **ऋण खाता नं. HLLABRL00496564** के लिए **रु. 68,16,267/- (रुपए अड़सठ लाख सोलह हजार दो सौ सड़सठ मात्र)** के लिए **18.09.2023** तक बकाया मूलधन, बकाया (विलंब शुल्क के समेत) और ब्याज ऋण समझौते तथा अन्य सम्बन्धित ऋण दस्तावेजों के संदर्भ में लागू भावी ब्याज तथा कानूनी व्यय और अन्य खर्चों के साथ **19.09.2023** से प्रभावी जो **मुबारक खान (प्रोपराइटर, डायनामाइट ट्रेडर्स), ज़ेबा फातिमा और हैट्सऑफ मेटल्स प्राइवेट लिमिटेड** पर सुरक्षित लेनदार द्वारा बकाया है की वसूली के लिए बेचा जाएगा।

अचल संपत्ति की नीलामी के लिए आरक्षित मूल्य **रु. 70,00,000/- (रुपए सत्तर लाख मात्र)** होगा और अर्नेस्ट मनी डिपॉजिट (**''ईएमडी''**) **रु. 7,00,000/- (रुपए सात लाख मात्र)** यानि आरक्षित मूल्य के 10% के बराबर होगा।

**अचल संपत्ति का वर्णन**

**खसरा नंबर 101 के भाग वाली भूमि के आवासीय फ्रीहोल्ड प्लॉट की संपत्ति, जिसका माप 140.42 वर्ग मीटर + 140.00 वर्ग मीटर, कुल माप 280.42 वर्ग मीटर है, गांव बरवारा माजरा में स्थित, तहसील और जिला मुरादाबाद -201001, उत्तर प्रदेश।**

**बिक्री विलेख में उल्लिखित संपत्ति सीमाबद्ध है (क्षेत्रफल 140.42 वर्ग मीटर)**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| पूर्व | : | आराजी इल्तिमा नाज | पश्चिम | : | आराजी अलीम वली |
| उत्तर | : | 3.65 मीटर चौड़ा रास्ता | दक्षिण | : | आराजी दीगर शाक्श |

**बिक्री विलेख में उल्लिखित संपत्ति सीमाबद्ध है (क्षेत्रफल 140.00 वर्ग मीटर)**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| पूर्व | : | आराजी विकार | पश्चिम | : | आराजी सरफराज |
| उत्तर | : | 3-65 मीटर चौड़ा रास्ता | दक्षिण | : | आराजी दीगर शाक्श |

बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तो के लिए कृपया सुरक्षित लेनदार की वेबसाइट यानि www.indiabullscommercialcredit.com पर दिए गए लिंक को देखे और बोली लगाने के लिए www.auctionfocus.in पर लॉग ऑन करें।

सही/-
प्राधिकृत अधिकारी
इंडियाबुल्स कमर्शियल क्रेडिट लिमिटेड

दिनांक : 18.09.2023
स्थान : मुरादाबाद

# लखनऊ में 3 से चलेगा विशेष संचारी नियंत्रण अभियान

**17 से 31 अक्टूबर तक चलेगा दस्तक अभियान, स्वास्थ्य विभाग सहित सभी 12 विभागों को माइक्रो प्लान बनाने के निर्देश**



**लखनऊ।** लखनऊ जनपद में साल का तीसरा विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान 3 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तथा दस्तक अभियान 17 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक चलाया जाएगा। जिसके क्रम में शुक्रवार को डीएम सूर्य पाल गंगवार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला टास्क फोर्स की एक महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुई। डीएम ने सभी 8 ग्रामीण विकास खंड के खंड विकास अधिकारियों को जूम के माध्यम से जोड़ा और उन्हें निर्देश दिए कि अभियान के माइक्रोप्लान के अनुसार सभी गतिविधियों को संपादित करवाना सुनिश्चित किया जाए।

बैठक में जिलाधिकारी द्वारा ब्लाक स्तर पर चलाए गए संचारी रोग अभियान की गहन समीक्षा की गई। समीक्षा में संज्ञान में आया कि माह जुलाई में आयोजित हुए संचारी रोग नियंत्रण कार्यक्रम में ब्लॉक गोसाईगंज का कार्य संतोष जनक नही है जिसके लिए डीएम द्वारा नाराजगी व्यक्त करते हुए खंड विकास अधिकारी गोसाईगंज को स्पष्टीकरण जारी किया गया। उन्होंने कड़े निर्देश दिए की संचारी रोग नियंत्रण कार्यक्रमो में किसी भी प्रकार की शिथिलता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बैठक में जिलाधिकारी ने बताया कि 'संचारी रोग अभियान एवं दस्तक अभियान' को एक जन आंदोलन के रूप में चलाया जाए। ग्रामीण एवं शहरी इलाकों में जहां.जहां गंदगी ज्यादा है, वहां पर एंटी लार्वा, फागिंग व चूना का छिड़काव अवश्य किया जाए। उक्त के साथ सोशल मीडिया, स्कूली बच्चों की रैली एवं चौराहों पर लगी एलईडी के माध्यम से संचारी रोग अभियान का प्रचार प्रसार किया जाए। डीएम ने सभी सभी खंड विकास अधिकारियो को निर्देशित किया कि दिनभर की कार्य योजना की रिपोर्ट प्रतिदिन शाम को सीएमओ को उपलब्ध कराई जाए। प्रधान एवं एएनएम के साथ बैठक कर संचारी रोग अभियान की कार्य योजना बनाने के भी निर्देश दिए गए। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा कड़े निर्देश दिए गए की गांवो में नालियों का पानी ना रुकने पाए उसके लिए समय.समय पर साफ –सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए साथ ही गांव में जिन हैंडपंपों का पानी पीने योग्य नहीं है उनके ऊपर लाल रंग का निशान लगाया जाए और जिन हैंडपंपों के प्लेटफार्म क्षतिग्रस्त है, उनको तत्काल बनवाया जाए। उक्त के साथ ही सघन बस्तियो एवं गांव में बड़ी संवेदनशीलता के साथ कार्य किया जाए।

## डेंगू के 26 नये मरीज मिले

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में डेंगू के रोगियों के मिलने का सिलसिला जारी है। शुक्रवार को लखनऊ में डेंगू के 26 केस पाये गये हैं। इनमें अलीगंज में 4, चन्दरनगर में 2, इटौंजा में 1, एनके रोड इलाके में 4, टूड़ियागंज में 2, चिनहट में 4, इंदिरानगर में 5, सरोजनीनगर में 2 और सिल्वर जुबिली में 2 मरीज शामिल हैं। जनपद में लगभग 925 घरों एवं आस.पास मच्छरजनित स्थितियों का सर्वेक्षण किया गया और कुल 5 घरों में मच्छरजनित स्थितियां पाए जाने पर नोटिस जारी किया गया। नगर मलेरिया इकाई एवं जिला मलेरिया अधिकारी की टीमों द्वारा जनपद के विभिन्न स्थलों,भवनों का निरीक्षण किया गया तथा लार्वा रोधी रसायन का छिड़काव किया गया। जनपद में डेंगू के प्रभावी नियंत्रण को लेकर स्वास्थ्य विभाग एवं नगर निगम की संयुक्त टीमों के द्वारा आज उदयगंज चौराहा, ऐशबाग क्षेत्र स्थित जुबली इण्टर कालेज, मोहिबुल्लापुर रेलवे स्टेशन, तिवारीगंज स्थित थाना बीबीडी, सुजानपुरा स्थित न्यू पब्लिक स्कूल, लखनऊ माडल, मानस हास्पिटल, न्यू हैदरगंज, खाद गोदाम के निकट कंचनपुर गाँव, आशियाना स्थित खजाना मार्केट एवं उसके आस.पास लार्वा रोधी रसायन का छिड़काव एवं फागिंग का कार्य कराया गया तथा जनसामान्य को स्वास्थ्य शिक्षा प्रदान की गयी।

# संघ प्रमुख मोहन भागवत पहुँचे लखनऊ

**लोकसभा चुनाव से लेकर संघ के विस्तार पर होगी चर्चा**

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**राष्ट्रीय** स्वयं सेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत शुक्रवार को लखनऊ पहुंच गए हैं। तीन दिवसीय प्रवास पर पहुॅचे संघ प्रमुख शनिवार को अवध प्रान्त के प्रचारकों के साथ बैठक करेंगे। बैठक के दौरान सनातन धर्म से लेकर संगठन के विस्तार व लोकसभा चुनाव को लेकर मंत्रणा होगी। संघ प्रमुख माहन भागवत राजधानी के संघ कार्यालय भारतीय भवन और निराला नगर स्थित शिशु मंदिर में अवध प्रांत के कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करेंगे। संघ प्रमुख का लोकसभा चुनाव से पहले यह प्रवास काफी अहम माना जा रहा है। संघ प्रमुख अपने इस प्रवास के दौरान कार्यकर्ताओं से मिलकर उनके कामकाज की समीक्षा तो करेंगे ही साथ ही वह भावी योजना भी तैयार करेंगे। संघ शताब्दी वर्ष को लेकर गांव.गांव तक संघ के विचारों को ले जाने की योजना बनाई जा रही है।

सूत्र बताते हैं कि इन बैठकों के जरिये सरकार के कामकाज का फीडबैक लेने के साथ संघ की कोशिश उप्र की राजनीतिक नब्ज टटोलने की भी होगी। 80 लोकसभा सीटों वाला उप्र भाजपा के लिए सर्वाधिक महत्वपूर्ण है। अपने प्रवास के दौरान भागवत अगले वर्ष होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा और समाज के अन्य बौद्धिक वर्ग के साथ बैठक करने की संभावना है। बता दें कि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सरसंघचालक डॉक्टर मोहन भागवत अपने वार्षिक प्रवास के क्रम में 22 से लेकर 25 सितंबर तक लखनऊ में रहेंगे। इस प्रवास के दौरान वह संगठनात्मक कार्यों के विस्तार एवं दृढ़ीकरण की समीक्षा, विभिन्न श्रेणी व गतिविधियों पर्यावरण, कुटुंब प्रबोधन, ग्राम विकास, गौसेवा, धर्म जागरण से जुड़े हुए कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करेंगे।

# भारतीय इतिहास, संस्कृति एवं कला पुस्तक का विमोचन



**लखनऊ।** विश्वविद्यालय के एपी सेन हाल में कुलपति प्रो आलोक कुमार राय, न्यायमूर्ति अशोक कुमार तथा प्राचीन भारतीय इतिहास एवं पुरातत्त्व विभाग के पूर्व अध्यक्ष एवं कला संकाय के पूर्व डीन प्रो किरण कुमार थपल्याल, हिन्दी सेवी राम किशोर बाजपेयी ने प्रो शैलेन्द्र नाथ कपूर द्वारा लिखित पुस्तक भारतीय इतिहासए संस्कृति एवं कला लेख संग्रह का विमोचन किया। इस अवसर पर प्रो राय ने पुस्तक की उपयोगिता एवं वर्तमान में इसकी प्रासंगिकता को रेखांकित किया। उन्होंने छात्रों से यह भी कहा कि किसी भी पुस्तक को पढ़कर उसका परीक्षण करिए फिर तथ्यों पर विश्वास कीजिए। इससे ही आप भी विद्वान बन सकते हैं। न्यायमूर्ति अशोक कुमार ने इस पुस्तक द्वारा भारतीय संस्कृति को समझने में सरलता की बात कही। प्रो थपल्याल ने बताया कि प्राचीन इतिहास के अवगाहन करने के लिए किस प्रकार प्राचीन भारतीय ब्राह्मी लिपि पढ़ी गई। उन्होंने कहा कि इस पुस्तक में लेखन कला सम्बन्धी लेखों से हम अपने ज्ञान में वृद्धि कर सकते हैं। प्रो कपूर ने बताया कि निष्पक्ष इतिहास लेखन वर्तमान एवं भावी पीढ़ी का मार्ग दर्शन करता है। उन्होंने कहा कि उनके लेख और व्याख्यान इस पुस्तक में समाहित हैं। इस अवसर पर अध्यक्ष प्राचीन भारतीय इतिहास एवं पुरातत्व विभाग प्रो पीयूष भार्गव ने मंच का संचालन करते हुए भारतीय संस्कृति एवं कला में निहित गौरव को रेखांकित किया। प्रो अरूप चक्रवर्ती ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

# सार्क देशों के साथ शैक्षिक संबंध प्रगाढ़ करने की तैयारी मे लविवि

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सार्क** देशों में शामिल भारत, पाकिस्तान, बांग्लादेश, श्रीलंका, नेपाल, भूटान और मालदीव के साथ लखनऊ विश्वविद्यालय शैक्षणिक और अनुसंधान संबंधों को बढ़ावा देने की तैयारी में है। इसको लेकर विश्वविद्यालय ने सार्क सदस्य देशों के विश्वविद्यालयों और संस्थानों के साथ सहयोग और साझेदारी की एक श्रृंखला शुरू की है। जिसके अंतर्गत कई सार्क देशों के साथ बातचीत की श्रृंखला में संभावना है कि सितंबर माह में ही नेपाल के कई उच्च शिक्षा संस्थानों और विश्वविद्यालयों के साथ एमओयू किये जा सकते हैं। इससे पूर्व विवि को भूटान और बांग्लादेश के विश्वविद्यालयों से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल चुकी है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय का मानना है कि विश्वविद्यालय हमेशा अपने छात्रों और शिक्षकों को वैश्विक परिप्रेक्ष्य प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध रहा है। सार्क देशों के साथ सहयोग करने से हमें इसमें लाभ उठाने का मौका मिलता है। हमारे पड़ोसी देशों का समृद्ध ज्ञान और परंपराए, आपसी सीखने और विकास के माहौल को बढ़ावा देती हैं। सार्क देशों के बीच सहयोगात्मक प्रयासों में शैक्षणिक और अनुसंधान विषयों की एक विस्तृत श्रृंखला शामिल है, जिसमें छात्र और संकाय विनिमय कार्यक्रम, ट्विनिंग, दोहरी और संयुक्त डिग्री, संयुक्त अनुसंधान पहल, संयुक्त सम्मेलन और सेमिनार, सांस्कृतिक आदान.प्रदान शामिल हैं।

# डॉक्टर शकुंतला मिश्रा पुनर्वास विश्वविद्यालय का दीक्षान्त आज

**कनुभाई टेलर होंगे मुख्य अतिथि**

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविधालय में दशम दीक्षांत समारोह शनिवार को होगा। समारोह की अध्यक्षता प्रदेश की राज्यपाल और विश्वविद्यालय की कुलाध्यक्ष आनंदी बेन पटेल करेंगी। जबकि गुजरात के सूरत स्थित डिसेबल वेलफेयर ट्रस्ट ऑफइंडिया के अध्यक्ष पद्मश्री कनुभाई हसमुखभाई टेलर बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे।

आज विवि परिसर में दीक्षांत समारोह का पूर्वाभ्यास किया गया। परीक्षा विभाग के अनुसार समारोह में वितरित की जाने वाली डिग्री और मेडल बनकर आ गए हैं। सभी को दीक्षांत परिधान का वितरण कर दिया गया है। शकुन्तला विवि के प्रवक्ता डा. यशवंत विरोदय ने बताया कि सभागार में मेधावियों से लेकर अन्य छात्रों सहित शिक्षकों, कर्मचारियों के बैठने के स्थान निर्धारित है। तय जगह पर ही अन्य अतिथियों को बैठाया जाएगा। शैक्षणिक यात्रा के साथ ही समारोह की शुरूआत होगी। विशिष्ट अतिथि के रूप में दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग के राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेंद्र कश्यप मौजूद रहेंगे। कुल 1622 छात्र.छात्राओं को मिलेगी डिग्री डॉ यशवंत के अनुसार दीक्षांत समारोह में कुल 1622 विद्यार्थियों को डिग्री प्रदान की जाएगी। साथ ही 112 मेधावियों को 142 मेडल से अलंकृत किया जाएगा। विवि के सर्वश्रेष्ठ छात्र के रूप में बैचलर ऑफ टेक्नोलॉजी के कंप्यूटर साइंस एडं इंजीनियरिंग कोर्स के अभिनव तिवारी को चांसलर मेडल से सम्मानित किया जाएगा। वहीं एमए राजनीति शास्त्र विभाग में पहला स्थान हासिल करने वाली छात्रा भावना मिश्र को मुलायम सिंह मेडल से नवाजा जाएगा। समारोह में 11 मेधावी दिव्यांग विद्यार्थियों को विभिन्न मेडल देकर सम्मानित किया जाएगा। इसमें पांच दृष्टिहीन दिव्यांग विद्यार्थी शामिल हैं।

## एकेटीयू: दूसरे चरण की काउंसलिंग में सीटें आवंटित

**लखनऊ।** डॉ एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय से संबद्ध इंजीनियरिंग कॉलेज के जेईई मेंस के तहत बीटेक और नाटा के जरिये पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए कुलपति प्रो जेपी पांडेय के निर्देशन में दूसरे चरण की काउंसलिंग प्रक्रिया में शुक्रवार को सरकारी कॉलेज के बी टेक की 4569 सीट में से 3303 सीट आवंटित की गयी। वहीं, ऑनलाइन विलिंगनेस फ्रीज और फ्लोट, पेमेंट ऑफ सीट कंफर्मेशन और ऑनलाइन विड्रॉल 22 से 24 सितंबर तक होगा। जबकि सीयूईटी यूजी और पीजी पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए शुक्रवार को ऑनलाइन च्वॉइस फिलिंग एल्टरेशन एंड लॉकिंग की प्रक्रिया हुई। इसका सीट अलॉटमेंट शनिवार को किया जाएगा। आपको बता दें कि प्रथम राउंड की काउंसलिंग के तहत 23454 सीटों के अलॉटमेंट के सापेक्ष जेईई मेंस के तहत बीटेक में 19243 अभ्यर्थियों ने सीट कन्फर्मेशन फीस जमा किया है। इसी तरह नाटा के तहत बीआर्क में 156 आवंटित सीटों के सापेक्ष 93 ने फीस जमा किया है।

# बन्द पड़े मकान से टोटियां खोल रहे शातिर चोर गिरफ्तार

**मोहनलालगंज।** बन्द पड़े मकान से टोटियां खोल रहे शातिर चोर को सिक्योरिटी गार्डों ने दबोचकर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। मोहनलालगंज के डीएलएफ गार्डेन सिटी में सिक्योरिटी सुपरवाइजर शिवदर्शन सिंह शुक्रवार को राउण्ड कर रहे थे। तभी बन्द पड़े मकान से खटपट की आवाज सुनकर रुक गए। फिर अन्य सिक्योरिटी गार्डों को बुलाकर मकान के अंदर से शातिर युवक को खोली गई टोटियों के साथ दबोचकर मोहनलालगंज पुलिस को सौंप दिया। सिक्योरिटी सुपरवाइजर की शिकायत पर पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। इंस्पेक्टर संतोष कुमार आर्य ने बताया आरोपी से पूछताछ के बाद कार्रवाई की जाएगी।



## किशोरी से गैंगरेप का एक आरोपी गिरफ्तार

**मोहनलालगंज।** किशोरी से गैंगरेप के एक आरोपी को मोहनलालगंज पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जबकि उसके दूसरे साथी की तलाश में पुलिस टीम दबिश दे रही है। मोहनलालगंज के एक गांव की किशोरी 11 सितम्बर को घर से नाराज होकर चली आई। उन्नाव निवासी नागेश उर्फ प्रदुम उसे बहाने से अपने साथ ले गया और दुष्कर्म किया। नागेश के बुलाने पर बाराबंकी निवासी उसका साथी शरीफ भी आया और किशोरी को बेहोश कर प्लाई फैक्ट्री ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। उनके चंगुल से बचकर निकली किशोरी ने परिजनों को आपबीती बताई। जिसके बाद पीड़िता की मां की शिकायत पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरु कर दी। आरोपी नागेश को पुलिस ने शुक्रवार को बनी रोड पर सैय्यद बाबा मोड़ के निकट से दबोचकर जेल भेज दिया। जबकि शरीफ की तलाश में पुलिस टीम दबिश दे रही है।

## विजयंत खंड के निवासियों की शिकायतों को सुनने का आदेश

**लखनऊ ( विधि संवाददाता )।** हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने गोमती नगर के विजयंत खंड फेज टू के निवासियों की स ?कए नाले व सीवर इत्यादि से सबंधित समस्याओं को सुनने व तीन माह में जांच कर निर्णय लेने का आदेश एलडीए व नगर निगम को दिया है। चीफ जस्टिस प्रीतिंकर दिवाकर एवम जस्टिस राजन रॉय की पीठ ने यह आदेश विनीत कुमार सक्सेना की एक विचाराधीन जनहित याचिका को निस्तारित करते हुए दिया है। वर्ष 2013 में यह याचिका दाखिल हुई थी। पीठ ने याचिकाकर्ता से भी 15 दिन में अपनी शिकायतें एलडीए व नगर निगम के समक्ष रखने को कहा है।

## तंबाकू उत्पादों के विरुद्ध याचिका की प्रशंसा

**लखनऊ ( विधि संवाददाता )।** वर्ष 2015 में तंबाकू उत्पादों के विरुद्ध दायर जनहित याचिका की हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने प्रशंसा की है। अखिल भारतीय छात्र महासभा की ओर से दायर इस याचिका पर केंद्र सरकार के अधिवक्ता का कहना था कि सिगरेट के डिब्बियों पर चेतावनी के साथ एक बड़ी तस्वीर लगाने का प्राविधान कर दिया गया है। पीठ ने इस पर याचिका को निस्तारित करते हुए कहा कि हम यह मुद्दा उठाए जाने के लिए याचिकाकर्ता की प्रशंसा करते हैं।

## राजीव कुमार बने कार्यवाहक अध्यक्ष

**लखनऊ।** डिप्लोमा फार्मेसिस्ट राजपत्रित अधिकारी एसोसिएशन उप्र जनपद शाखा लखनऊ के अध्यक्ष पद आनन्द सिंह के स्थानान्तरण के कारण रिक्त चल पद पर अग्रिम अधिवेशन/ निर्वाचन होने तक राजीव कुमार, चीफ फार्मेसिस्ट, बलरामपुर चिकित्सालय लखनऊ को संगठन का कार्यवाहक अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। यह जानकारी महामंत्री अरविन्द वर्मा ने दी है।

# आर्थिक, पर्यावरणीय व सामाजिक स्थिरता सबसे महत्वपूर्ण: दुर्गा शंकर मिश्र

**लखनऊ।** मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने शुक्रवार को 'सेकेण्ड सस्टेनेबल अर्बन इनोवेशन कॉन्क्लेव यूपी एडिशन' में मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग किया। मुख्य सचिव ने कहा कि लोग अक्सर स्थिरता को केवल प्रौद्योगिकी समझ लेते हैं, लेकिन ऐसा नहीं है। आर्थिक, पर्यावरणीय और सामाजिक स्थिरता सबसे महत्वपूर्ण है, इसलिये सरकार द्वारा शहरों के समग्र सतत विकास पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। शहरी आबादी तेजी से बढ़ रही है, और अधिक से अधिक लोग उन्नत जीवनशैली के लिए शहरी क्षेत्रों में स्थानांतरित हो रहे हैं। यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता है कि लोगों को टिकाऊ जीवन सुनिश्चित करने के लिए पानी, आवास, शिक्षा और ऊर्जा जैसी बुनियादी सुविधाएं मिले। अतीत में पानी कभी भी शहरी नियोजन का हिस्सा नहीं रहा है, चीजें बदलनी शुरू हो गई हैं। टेक्नोलॉजी के माध्यम से जल प्रबंधन की चुनौतियों का आसानी से सामना कर सतत विकास की प्रक्रिया को बढ़ा सकते हैं।




शहरी क्षेत्रों के तेजी से विकास और ग्रामीण क्षेत्रों से बढ़ी आबादी के स्थानांतरण के साथ, एक का योगदान दूसरे के बिना पूरा नहीं हो सकता। 2022 में भारत की शहरी आबादी 50 करोड़ पार कर चुकी है, अनुमान के मुताबिक 2031 तक यह संख्या 60 करोड़ तक पहुंच जाएगी और 2051 में यह आबादी 88 करोड़ क्रास कर जायेगी, हम प्रमुख रूप से शहरी आबादी वाला देश बन जाएंगे।

## जल को स्वच्छ करने के लिये क्लोरीन का उपयोग निर्धारित मानक से अधिक नहीं हो

**लखनऊ।** मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने नमामि गंगे एवं जलापूर्ति विभाग के अन्तर्गत जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा की। पानी को स्वच्छ करने के लिये क्लोरीन का उपयोग निर्धारित मानक से अधिक नहीं होना चाहिये इसके लिए संबंधित कर्मियों को प्रशिक्षित किया जाये। प्रचार.प्रसार के माध्यम से आम जनमानस को जागरूक किया जाए।

# अनूप व प्रज्ञा को मिला विजय विश्व भारती रत्न सम्मान

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**इंटरनेशनल** बौद्ध शोध संस्थान, लखनऊ में विजयी विश्व भारती फ़ाउंडेशन द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में उन्नाव जनपद में सेवारत पुलिस सब इंस्पेक्टर अनूप मिश्रा 'अपूर्व' और शिक्षिका प्रज्ञा त्रिवेदी को 'विजयी विश्व भारती रत्न सम्मान' से सम्मानित किया गया । वरिष्ठ समाज सेवक, संस्था के अध्यक्ष एवं आयोजक मनोज सिंह चौहान ने बताया कि कार्यक्रम में पूरे देश से आए विभिन्न समाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों के साथ समाज सेवा, शिक्षा, चिकित्सा, अभिनय, संगीत एवं पत्रकारिता आदि क्षेत्र से जुड़े 121 हस्तियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पवन सिंह चौहान, विधान परिषद सदस्य और अति विशिष्ट अतिथि साहित्यकार पद्मश्री डॉ. विद्या बिंदु सिंह ने सराहनीय सामाजिक कार्यों और शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए पुलिस सब इंस्पेक्टर अनूप मिश्रा 'अपूर्व' और शिक्षिका प्रज्ञा त्रिवेदी को प्रतीक चिन्ह और अंगवस्त्र भेंट कर विजयी विश्व भारती रत्न सम्मान 2023 से सम्मानित किया।

अनूप मिश्रा गरीब बच्चों में शिक्षा की अलख जगाने वाले, वर्दीधारी मास्टर जी और पर्यावरण संरक्षण कार्यों के लिए ट्री मैन के नाम से अत्यंत लोकप्रिय हैं। वे लगभग 30 वर्षों से सामाजिक कार्यों में जुटे हैं। पुलिस ड्यूटी के दायित्व को बाखूबी निभाने के साथ साथ सराहनीय सामाजिक कार्यों के जरिये समाज में खाकी का मान सम्मान बढ़ाने वाले सब इंस्पेक्टर अनूप मिश्रा को वर्ष 2019 में स्वतंत्रता दिवस पर तत्कालीन पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश पुलिस ओपी सिंह द्वारा प्रद्दत प्रशंसा चिन्ह सिल्वर मेडल तत्कालीन अपर पुलिस महानिदेशक पीएसी मुख्यालय विनोद कुमार सिंह द्वारा प्रदान किया गया था । इसके अलावा भी उन्हें कई अवार्ड से नवाजा जा चुका है।

# मनाया गया अंतरराष्ट्रीय खगोल विज्ञान दिवस



**लखनऊ।** खगोल विज्ञान के छात्रों ने एनएसएस स्वयंसेवकों के साथ मिलकर आज लखनऊ विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय खगोल विज्ञान दिवस मनाया। कार्यक्रम का उद्घाटन डॉ अलका मिश्रा के गर्मजोशी भरे स्वागत भाषण के साथ शुरू हुआ। उन्होंने मानव जीवन में खगोल विज्ञान के महत्व के बारे में बात की और छात्रों को हमारे ब्रह्मांड के बारे में जिज्ञासा रखने के लिए प्रोत्साहित किया। एनएसएस समन्वयक प्रोफेसर रूपेश कुमार ने छात्रों को एनएसएस के बारे में संबोधित किया तथा बताया कि एनएसएस भी एक आकाशगंगा की तरह है जिसमें हर सितारा सामंजस्य बनाकर प्रदर्शन करने की कोशिश करता है। तत्पश्चात कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि डा नीरज चौबे ने व्याख्यान दिया। उन्होंने इस बारे में बात की कि कैसे अंतर्राष्ट्रीय खगोल विज्ञान दिवस का उत्सव भविष्य की पीढ़ियों को अंतरिक्ष यात्री, अंतरिक्ष वैज्ञानिक बनने या अंतरिक्ष उद्योग में काम करने, एक बेहतर कल बनाने और मानव जाति के भविष्य को बनाए रखने के लिए प्रेरित करेगा।

# किशोरों और युवाओं तक पहुँच बनाना जरूरी: डॉ पिंकी जोवेल

**शहरी कमजोर वर्ग को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएँ मुहैया कराने पर मंत्रणा**

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**राष्ट्रीय** स्वास्थ्य मिशन, स्वास्थ्य निदेशालय और पापुलेशन सर्विसेज इंटरनेशनल इण्डिया के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को एक निजी होटल में मंत्रणा कार्यशाला आयोजित की गयी। पीएसआई के द चैलेन्ज इनिशिएटिव कार्यक्रम के तहत आयोजित कार्यशाला में शहरी कमजोर वर्ग को गुणवत्तापूर्ण परिवार नियोजन और बेहतर किशोर स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराने पर मंत्रणा हुई। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उत्तर प्रदेश की मिशन निदेशक डॉ पिंकी जोवेल ने कहा कि प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं को गुणवत्तापूर्ण और सभी के लिए सुलभ बनाना सरकार की पहली प्राथमिकता में शामिल है। उन्होंने किशोरों और युवाओं तक पहुँच बढ़ाने और उनकी सोच में बदलाव लाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि किशोर और किशोरियों में शारीरिक बदलाव समान तरीके से होते हैं, ऐसे में उनकी जिज्ञासाएं तरह–तरह की होती हैं। उनकी जिज्ञासाओं को शांत करना बहुत जरूरी होता है हालाँकि आज सोशल मीडिया से वह जानकारी तो बहुत जुटा लेते हैं लेकिन सही और गलत का निर्णय लेने में वह अक्षम होते हैं। इसलिए उनको इसी उम्र में सही जानकारी मिल जाए तो वह देश के निर्माण में सहायक बन सकते हैं। परिवार नियोजन कार्यक्रम में पुरुष भागीदारी बढ़ाने पर भी उन्होंने जोर दिया। मिशन निदेशक ने कहा कि देश तेजी के साथ विकास की ओर अग्रसर है, जिस कारण से प्रवासी कामगार भी बढ़े हैं, जिन्हें स्वास्थ्य सुविधाएँ मुहैया कराना ही बड़ी चुनौती के रूप में है। इसमें सहयोगी संस्थाएं बड़ी मददगार साबित हो सकती हैं। इस मौके पर महानिदेशक परिवार कल्याण डॉ बृजेश राठौर ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं को घर.घर तक पहुँचाने के लिए आशा कार्यकर्ताओं की बड़ी फौज तैनात है लेकिन अभी शहरी क्षेत्र में ऐसा नहीं है। नगरीय स्वास्थ्य केन्द्रों के जरिये जरूर घर के करीब स्वास्थ्य सुविधाएँ मुहैया करायी जा रहीं हैं।

पीएसआई इण्डिया के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर मुकेश कुमार शर्मा ने कार्यशाला के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने शहरी कमजोर वर्ग में प्रजनन और किशोर स्वास्थ्य सेवाओं की चुनौतियों और संभावनाओं पर भी विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यशाला में एनएचएम के राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के महाप्रबन्धक डा मनोज कुमार शुकुल ने किशोरों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराने के लिए प्रदेश में चलाये जा रहे कार्यक्रमों में पीएसआई के योगदान के बारे में विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन पीएसआई इण्डिया की मीनाक्षी दीक्षित ने किया । पीएसआई इण्डिया के डिप्टी डायरेक्टर समरेन्द्र बेहरा ने सभी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

# ऊर्जा मंत्री ने न्यू उतरेठिया उपकेंद्र का किया औचक निरीक्षण

## ● अभियान के तहत एके शर्मा ने पिपरौली गांव, साउथ सिटी पहुंचकर उपभोक्ताओं की समस्याएं जानी

## ● नीलमथा, हरिहरपुर और तेलीबाग क्षेत्र की विद्युत समस्या के निदान के लिए उपकेन्द्र में 10 एमवीए का नया ट्रांसफार्मर लगाने के दिए निर्देश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**नगर** विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने तेलीबाग, नीलमथा व हरिहरपुर क्षेत्र की ओवरलोडिंग एवं लो-वोल्टेज की विद्युत समस्याओं के स्थायी समाधान के लिए न्यू उतरेठिया उपकेन्द्र में 10 एमवीए का नया ट्रांसफार्मर शीघ्र लगाने के निर्देश एमडी मध्यांचल को दिया। ऊर्जा मंत्री ने सभी विद्युत कार्मिकों को अपने क्षेत्रों में जाकर उपभोक्ताओं की शिकायतों के त्वरित समाधान के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी विद्युत कार्मिक की कार्यशैली एवं उपभोक्ताओं से व्यवहार को लेकर शिकायत पर सख्त कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश की विद्युत व्यवस्था को और बेहतर बनाने तथा उपभोक्ताओं की विद्युत आपूर्ति, मीटरिंग, बिलिंग व राजस्व संग्रह में आ रही समस्याओं के समाधान के लिए विद्युत विभाग उपभोक्ताओं के द्वार अभियान चला रहा है।

ऊर्जा मंत्री एके शर्मा शुक्रवार को अपराह्न 1 बजे 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्र, न्यू उतरेठिया, लखनऊ का औचक निरीक्षण किया और विद्युत विभाग उपभोक्ताओं के द्वार अभियान के तहत उस क्षेत्र के पिपरौली गांव, साउथ सिटी पहुंचकर उपभोक्ताओं से मिले और उनकी विद्युत समस्याओं, परेशानियों को सुना और शिकायतों के समाधान के बारे में जानकारी ली। प्रियदर्शिनी पीआई कॉलेज के आस-पास के उपभोक्ताओं में दुकानदार विनोद सिंह यादव, वाईपी सिंह, शिवेन्द्र कुमार अवस्थी आदि से मुलाकात कर उनकी विद्युत समस्याएं जानी। उपभोक्ताओं ने बताया कि डेढ़ महीने पहले ट्रांसफार्मर में शिकायत आयी थी लेकिन इस समय यहां पर किसी प्रकार की समस्या नहीं है। मंत्री ने उपभोक्ताओं से अपने विद्युत बिलों का समय से भुगतान करने की भी अपील की। निरीक्षण के दौरान ऊर्जा मंत्री ने उपकेन्द्र में उपस्थित उपभोक्ताओं से भी मुलाकात की। उपभोक्ताओं द्वारा एसडीओ के न मिलने की शिकायत पर ऊर्जा मंत्री ने जमकर फटकार लगायी और कार्य संस्कृति में सुधार के निर्देश दिए। मंत्री ने उपकेन्द्र के लोड पैनल, लागबुक, बिलिंग काउण्टर, शट डाउन के लिए लाल स्टीकर के प्रयोग और ट्रांसफार्मर का निरीक्षण किया। उन्होंने उपकेन्द्र परिसर की साफ-सफाई के सख्त निर्देश दिए। लागबुक की जांच में उन्होंने रात 10 बजे लिए गए शटडाउन की जानकारी ली और निर्देश दिये कि रात में शटडाउन लेने से बचें। उन्होंने अधिशासी अभियंता से उपकेन्द्र द्वारा पोषित फीडरों तथा उपकेन्द्र की अन्य समस्याओं के बारे में जानकारी ली। ऊर्जा मंत्री ने क्षेत्र के उपभोक्ताओं द्वारा की गयी शिकायतों का फीडबैक जानने के लिए 5 उपभोक्ताओं से फोन पर बात की। इसमें अंकित शर्मा, गौरव, अल्का देवी, रोहित कुशवाहा, आशीष कुमार गुप्ता की लो-वोल्टेज, कनेक्शन लेने, बिल रोकने, तार हटाने, ट्रांसफार्मर की क्षमता वृद्धि जैसी शिकायतों का उन्होंने मौके पर ही समाधान किया तथा पांच उपभोक्ताओं में ओम प्रकाश त्रिपाठी, अंकित कुमार, हरी जी, अभय सिंह, विनीता यादव की विद्युत कनेक्शन, ओवरलोडिंग, बिल अर्जेस्टमेंट, लो-वोल्टेज की समस्याओं के शीघ्र समाधान के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एमडी मध्यांचल भवानी सिंह खंगरौत, मुख्य अभियंता लेसा संजय जैन, अधीक्षण अभियंता रामप्रीत प्रसाद, अधिशासी अभियंता लेसा, उप खण्ड अधिकारी राजेश कुमार, अवर अभियंता जितेन्द्र मिश्रा, विधायक प्रतिनिधि व सभासद खरिका केएन सिंह उपस्थित थे।

# परिषदीय विद्यालयों के छात्र अब फुल पैंट शर्ट पहनकर आएंगे

## ● संचारी रोगों से बचाव के लिए प्रदेश सरकार ने सभी परिषदीय विद्यालयों को जारी किए निर्देश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**बच्चों** को संचारी रोगों से बचाव के लिए योगी सरकार ने निर्देश दिए हैं कि परिषदीय विद्यालयों के छात्रों को फुल पैंट शर्ट में आने के लिए प्रोत्साहित किया जाए। विद्यालय प्रांगण में पानी का जमाव न होने दिया जाए। मच्छरों से संबंधित फागिंग कराई जाए। साथ ही नोडल अध्यापक के माध्यम से छात्रों को डेंगू, मलेरिया व चिकनगुनिया जैसी बीमारियों से बचाव के लिए जागरूक किया जाए।

उल्लेखनीय है कि सीएम योगी के निर्देश पर बेसिक शिक्षा निदेशक डॉ. महेंद्र देव की ओर से सभी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारियों को पत्र जारी कर कहा गया है कि तीन अक्टूबर से शुरू हो रहे संचारी रोग नियंत्रण अभियान में बेसिक शिक्षा विभाग भी अपनी सक्रिय भूमिका निभाए। परिषदीय स्कूलों व निजी स्कूलों में संचारी रोगों के प्रति जागरूकता को लेकर गतिविधियां आयोजित कराई जाएं। पत्र में निर्देशों का कड़ाई से पालन किए जाने को भी कहा गया है।

पत्र में कहा गया है कि परिषदीय विद्यालयों के छात्रों को निर्देश दिए जाएं कि वह विद्यालय फुल पैंट शर्ट पहनकर आएं, जिससे कि मच्छरों से फैलने वाली बीमारी जैसे डेंगू, मलेरिया इत्यादि से बचा जा सके। साथ ही ये भी निर्देश दिए गए हैं कि यदि विद्यालय में अत्यधिक संख्या में छात्र-छात्राएं बुखार से पीड़ित हों तो तत्काल पीएचसी को सूचित करते हुए डॉक्टर से चिकित्सीय परीक्षण एवं समुचित उपचार सुनिश्चित कराया जाए।

संचारी रोग खासकर मलेरियाए डेंगू इत्यादि के नियंत्रण व रोकथाम के लिए आवश्यक है कि परिषदीय विद्यालयों के प्रांगण के साथ-साथ उसके आसपास की जगहों पर साफ-सफाई की पूर्ण व्यवस्था की जाए। चूंकि डेंगू और मलेरिया जैसी बीमारियां जलभराव के कारण होती हैं, इसलिए विद्यालय प्रांगण व आसपास कहीं भी जलभराव न हो इसका विशेष ध्यान रखा जाए। विद्यालय में गमलों, टायरों, बोलतों आदि में लगाए गए पौधों में भी पानी जमा न हो यह सुनिश्चित किया जाए। स्थानीय निकाय के पदाधिकारियों से समन्वय स्थापित कर विद्यालय में मच्छरों से संबंधित फागिंग कराई जाए। प्रत्येक स्कूल में एक स्वास्थ्य नोडल अध्यापक तैनात किया जाए जो विद्यार्थियों को डेंगू, मलेरिया व चिकनगुनिया इत्यादि से बचाव के लिए जागरूक करे। स्वास्थ्य नोडल अध्यापक समय-समय पर स्वास्थ्य विभाग से समन्वय कर बीमारियों से बचाव के उपाय भी बताए। साथ ही विभिन्न कक्षाओं में शिक्षक वाट्सएप ग्रुप बनाकर अभिभावकों को उससे जोड़ें और समय-समय पर उन्हें जागरूक करने के लिए वीडियो भेजें। आनलाइन मीटिंग के माध्यम से भी उन्हें सतर्क करें।

# ट्रांसफर के बावजूद ज्वाइन नही कर रहे जेई, सबस्टेशनों का कामकाज रामभरोसे

**मोहनलालगंज।** जेई की कमी से जूझ रहे सेस तृतीय खण्ड में ट्रांसफर होकर आए जेई ज्वाइन नही कर रहे हैं। लिहाजा सेस तृतीय खण्ड के तीन सबस्टेशन की जिम्मेदारी संभालनी पड़ रही है। लिहाजा सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन और उपभोक्ताओं को बेहतर सुविधाएं मुहैया कराने में बाधा पहुंच रही है। उधर अफसर मामले में कुछ भी बोलने से बच रहे हैं। सेस तृतीय खण्ड के निगोहां और मोहनलालगंज न्यू सबस्टेशन पर जूनियर इंजीनियर की तैनाती नही होने से तीन सबस्टेशन की जिम्मेदारी एक ही जेई को संभालनी पड़ रही है। कमोवेश यही हाल अमेठी सबडिवीजन का भी है। जहां पूरनपुर सबस्टेशन पर जेई तैनात नही होने से गोसाईगंज सबस्टेशन के जेई को एक.दूसरे से 25 किलोमीटर दूर दो सबस्टेशन की जिम्मेदारी निभानी पड़ रही है। लिहाजा राजस्व वसूली और उपभोक्ता सेवाएं समेत अन्य सभी कार्यों की ठीक ढंग से निगरानी नही हो पा रही है। जिसका खामियाजा उपभोक्ताओं को परेशानी झेलकर चुकाना पड़ रहा है। लेसा सिस गोमती प्रशासन ने सेस तृतीय खण्ड के निगोहां सबस्टेशन के लिए जुलाई में जेई की तैनाती की थी। दो माह बीत चुके हैं फिर भी ट्रांसफर होकर आए जेई ने अब तक ज्वाइन नही किया है। उधर टेस्ट डिवीजन से लेसा सिस गोमती क्षेत्र में ट्रांसफर होकर आए एक अन्य जेई की आमद का भी अफसर इंतजार कर रहे हैं। हालांकि जिम्मेदारों की लापरवाही से उपजी स्टाफ की समस्या का सीधा असर ऊर्जा विभाग की योजनाओं के क्रियान्वयन और राजस्व वसूली पर पड़ रहा है। सेस तृतीय खण्ड के अधिशाषी अभियन्ता घनश्याम त्रिपाठी जेई की कमी के मुद्दे पर कुछ भी बोलने से बचते नजर आए। उन्होने उच्च अधिकारियों को पत्र भेजकर अवगत कराए जाने की बात कहकर चुप्पी साध ली। जबकि अधीक्षण अभियन्ता रामप्रीत प्रसाद के सीयूजी नंबर पर सम्पर्क करने की कोशिश की गई लेकिन बात नही हो सकी।

# एबीसी सेंटर संचालित करने के लिए नगर विकास ने किया अनुबंध

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**नगर** विकास विभाग के विशेष सचिव डॉ. राजेन्द्र पैंसिया की अध्यक्षता में बापू भवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में शुक्रवार को एबीसी सेंटर को संचालित करने के लिए संस्थाओं को प्रशिक्षण दिए जाने के लिए अनुबंध किया गया। नगर विकास विभाग के सचिव व निमल वेलफेयर ऑफ इण्डिया, भारत सरकार सुजीत कुमार दत्ता तथा नगर निगम लखनऊ के मध्य अनुबंध किया गया। इस अनुबंध के माध्यम से जरहरा एबीसी सेंटर लखनऊ को स्टेट ऑफ द आर्ट के रूप में पूरे भारत के लिए मॉडल के रूप में बनाने का निर्णय लिया गया है। उप्र पूरे भारत का पहला प्रदेश है, जहां की राज्य सरकार द्वारा भारत सरकार के सहयोग से ऐसे उच्च स्तरीय प्रशिक्षण केन्द्र की स्थापना की जा रही है।

# निर्बाध विद्युत आपूर्ति के साथ राजस्व संग्रह में वृद्धि प्राथमिक पर हो: डॉ. आशीष कुमार गोयल

**लखनऊ/नोएडा।** डॉ आशीष कुमार गोयल अध्यक्ष उत्तर प्रदेष पावर कारपोरेशन की अध्यक्षता में एनटीपीसी, ग्रेटर नोएडा स्थित सभागार में शुक्रवार को विद्युत विभाग की कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित हुयी। बैठक के दौरान अध्यक्ष उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेषन ने कहा कि सभी सम्मानित उपभोक्ताओं को बेहतर विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था सुनिष्चित की जाये। उपभोक्ताओं को बिना किसी परेशानी के बिजली उपलब्ध कराना सरकार का लक्ष्य है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि एटीएडसी हानियां न्यूनतम कर, राजस्व वसूली में वृद्धि की जाये। अध्यक्ष उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लि. ने निर्देष दिये कि सभी सम्मानित उपभोक्ताओं को सुचारू रूप से निर्बाध विद्युत आपूर्ति के साथ-साथ राजस्व संग्रह में वृद्धि का कार्य भी प्राथमिक तापर किया जाये। राजस्व संग्रह में तेजी लाने के लिए जमीनी स्तर पर और अधिक जागरूकता लाने की आवश्यकता है। राजस्व संग्रह के लिये जागरूकता अभियान चलाया जाये। राजस्व वृद्धि में तेजी लाने के लिए अधिक से अधिक संख्या में कैम्पों का आयोजन किया जाये। राजस्व वसूली लक्ष्य को रणनीति बनाकर षत प्रतिषत प्राप्त किया जाये। आरडीएसएस योजना की समीक्षा करते हुये अध्यक्ष उप्र पावर कारपोरेशन लि. ने योजना का लाभ उपभोक्ताओं तक पहुंचाने के लिए कार्यो में गुणवत्ता लाने पर बल दिया। उन्होंने कहा योजना को धरातल पर उतारने के लिए समग्र रूप से कार्यकरने की आवष्यकता है। अध्यक्ष ने कहा कि राज्य सरकार सभी सम्मानित उपभोक्ताओं को सुचारू रूप से निर्बाध विद्युत आपूर्ति देने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रक्रिया ओंका सरलीकरण, पारदर्षिता की जवाब देही आवष्यक है। योजनाओं को आवष्यकता नुसार गुणवत्तापूर्ण व समय बद्धपूर्ण कराने के प्रयास किये जाये। बैठक में उन्होंने कहा विद्युत चोरी पर अंकुश लगाने के लिए अधिषासी अभियन्ता परीक्षण की भूमिका महत्वपूर्ण है।



# सभी मंडल मुख्यालयों पर निर्मित 18 अटल आवासीय विद्यालयों का लोकार्पण आज

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 23 सितंबर को रूद्राक्ष इन्टरनेशनल कन्वेन्शन सेन्टर, वाराणसी से प्रदेश के सभी मंडल मुख्यालयों पर निर्मित 18 अटल आवासीय विद्यालयों का लोकार्पण करेंगे। लोकार्पण कार्यक्रम का सजीव प्रसारण सभी अटल आवासीय विद्यालयों में किया जायेगा। इसी प्रकार लखनऊ मंडल के सिठौली कलां, मोहनलालगंज में निर्मित अटल आवासीय विद्यालय में भी सजीव प्रसारण किया जायेगा। कार्यक्रम में प्रमुख सचिव श्रम, मंडलायुक्त, जिलाधिकारी, अपर श्रमायुक्त, क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि, आवासीय विद्यालय के प्रधानाचार्य, स्टाफ, स्कूल के छात्र एवं अभियन्ता शिरकत करेंगे।

# जूट बोरों को खरीदने के लिए 103.82 करोड़ रुपए का अग्रिम मंजूर

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार ने खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 के तहत धान खरीद के लिए 31000 गांठ जूट बोरों को खरीदने के लिए 103.82 करोड़ रुपए की अग्रिम आहरण की स्वीकृति दे दी है। खाद्य एवं रसद विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार 31000 गांठ जूट बोरों की खरीद के लिए प्रशासकीय, वित्तीय और जूट कमिश्नर, कोलकाता को भुगतान करने के लिए प्रतिगांठ 33493.30 रुपए की दर से अग्रिम आहरण की स्वीकृति दी गई है। आदेश में यह भी कहा गया है कि खाद्य आयुक्त द्वारा जूट गांठ बोरों की खरीद के लिए माहवार आवश्यकता के अनुसार आवश्यक धनराशि का आहरण किया जाएगा।

# ऋणमुक्ति के लिए आर्यावर्त बैंक अदालत आज

**लखनऊ।** आर्यावर्त ग्रामीण बैंक, बाराबंकी परिक्षेत्र बाराबंकी जिले में 61 शाखाओ एवं अयोध्या जिले में 10 शाखाओ के माध्यम से सतत सेवरत है। क्षेत्रीय प्रबन्धक संजीव कुमार द्वारा यह बताया गया कि बहुत से कृषक ने हमारी शाखा से ऋण लिया है परन्तु फसल खराब होने के कारण ससमय अदायगी न करने के कारण खाते एनपीए हो गए, ऐसे एनपीए ऋण खाताधारकों कों सरकारी योजना के अन्तर्गत ऋण एवं अनुदान का लाभ नहीं मिल पाता है। आर्यावर्त बैंक द्वारा बाराबंकी परिक्षेत्र के ऐसे आपदाग्रस्त किसानों कों ऋणमुक्ति के लिए 23 सितम्बर शनिवार को बैंक अदालत का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें एनपीए ऋण खाता धारकों कों ऋण मुक्ति के लिए मूलधन एवं ब्याज में आकर्षक छूट का लाभ दिया जाएगा। इस वृहद आयोजन में किसान की सुविधा कों ध्यान में रखते हुए इसका आयोजन क्षेत्रीय कार्यालय, देवा रोड बाराबंकी एवं बैंक की रुदौली शाखा में किया जा रहा है।

# परिवहन निगम के अधिकारियों को साइबर सुरक्षा के बढ़ते खतरों से किया जागरूक

## ● दो दिवसीय साइबर सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के अधिकारियों के लिए दो दिवसीय साइबर सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुक्रवार को समापन हुआ। जीएम आईटी ने बताया कि इस कार्यक्रम का मूल उद्देश्य परिवहन निगम के कर्मचारियों एवं अधिकारियों को आज के युग मे बढ़ते हुए साइबर खतरों से परिचित कराते हुए उनसे बचाव के सुरक्षित तरीको की जानकारी दिया जाए। उन्होंने बताया कि इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के आयोजन से परिवहन निगम के कर्मचारियों-अधिकारियों को साइबर सुरक्षा की दिशा में जागरूक बनाए जाने की पहल की गयी।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता राहुल मिश्रा साइबर सिक्योरिटी एक्सपर्ट द्वारा अनेकों रियल लाइफ के साइबर अपराधों से भी प्रतिभागियों को अवगत कराते हुए इन खतरों से बचाव के विभिन्न उपाय बताए गए। साइबर सुरक्षा के इस प्रशिक्षण कार्यक्रम को समस्त प्रतिभागियों द्वारा भरपूर सराहा गया तथा ऐसे और अधिक कार्यक्रमों को आयोजित किए जाने का फीडबैक प्रतिभागियों की ओर से प्राप्त हुआ है, जिसे स्वीकार करते हुए नये-नये साइबर खतरों के दृष्टिगत निकट भविष्य में इस तरह के और भी कार्यक्रम आयोजित कराए जाने की घोषणा के साथ प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हुआ।

# ग्राम रोजगार सेवकों को और अधिक दक्ष बनाया जायेगा: केशव प्रसाद मौर्य

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**गांवों** में महात्मा गाँधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारन्टी योजना ;मनरेगाद्धके कार्यों को कुशलता से संचालित व क्रियान्वित कराने के उद्देश्य से गांवों में तैनात ग्राम रोजगार सेवकों को और अधिक सक्षम व दक्ष बनाने के लिए उत्तर प्रदेश में उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्वए निर्देशन व प्रबन्धन में ग्राम रोजगार सेवकों के प्रशिक्षण की तैयारी की जा रही है। इस हेतु भारत सरकार की गाइडलाइंस के अनुसार मसौदा तैयार किया गया है।

सरकार द्वारा मनरेगा योजना के कार्यों के सुचारू संचालन हेतु ग्राम पंचायत स्तर पर रखे गये ग्राम रोजगार सेवकों को कार्यों में दक्षता बढ़ाने हेतु प्रशिक्षित किये जाने के निर्णय को मूर्तरूप देने के सार्थक प्रयास किए जा रहे हैंएजिससे प्रदेश के ग्रामों के विकास को गति मिलेगी तथा ग्राम रोजगार सेवकों को अपने कैरियर को आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी।

ग्राम्य विकास आयुक्त एस प्रियदर्शी ने बताया कि ग्राम रोजगार सेवकों को दक्ष बनाने के लिए राष्ट्रीय ग्रामीण विकास संस्थानए हैदराबाद एक प्रशिक्षण प्लेटफार्म विकसित कर रहा है। प्रशिक्षण प्लेटफार्म विकसित होने के बाद इसका लिंक शेयर किया जायेगा। जिसके उपरान्त ग्राम रोजगार सेवकों का माह अक्टूबरए 2023 से पंजीकरण शुरू होगा ।पंजीकरण के पश्चात ग्राम रोजगार सेवकों को प्रशिक्षण प्लेटफार्म को लागिन करने के बाद वीडियो एवं पठन सामग्री उपलब्ध होगी। ग्राम रोजगार सेवकों द्वारा आनलाइन उपलब्ध पठन सामग्री के अध्ययन के उपरान्त 02 माह के भीतर आनलाइन टेस्ट देना होगा। इस टेस्ट को पास करने हेतु 02 माह के अन्दर 04 अवसर दिये जायेंगें। टेस्ट पास करने वाले ग्राम रोजगार सेवकों को राष्ट्रीय ग्रामीण विकास संस्थानए हैदराबाद, ग्रेड के अनुसार प्रमाणित करेगा।

जिसका भौतिक मूल्यांकन जनपद स्तर पर माह जनवरीए 2024 से किया जायेगा। उल्लेखनीय है कि महात्मा गाँधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारन्टी योजना सरकार की अति महत्वाकांक्षी योजना है। योजना का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में ग्रामीण आजीविका के प्राकृतिक संसाधनों को सुदृढ़ और टिकाऊ परिसम्पत्तियों का सृजन करना एवं ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसे प्रत्येक परिवार को एक वित्तीय वर्ष में कम से कम 100 दिनों का गारन्टीयुक्त रोजगार उपलब्ध कराना हैए जिसके वयस्क सदस्य अकुशल शारीरिक श्रम करने के लिए इच्छुक हों।

# आश्रय केन्द्र का एसडीएम ने किया निरीक्षण, खामियों पर बिफरे लगाई फटकार



**मोहनलालगंज।** कमालपुर बिचलिका में डण्ठल युक्त हरे चारे से 13 बेजुबान गोवंश की मौत की घटना से भी मोहनलालगंज के सचिव और प्रधान सबक नही ले रहे हैं। शुक्रवार को निराश्रित गोवंश आश्रय केन्द्र परेहटा का जायजा लेने पहुंचे एसडीएम हनुमान प्रसाद मौर्य को गोवंशों के सामने डण्ठल युक्त हरा चारा बिखरा मिला। नाराज एसडीएम ने गोपालकों को फटकार लगाकर हरे चारे को हमेशा मशीन से काटकर चरही में डालने की हिदायत दी। निरीक्षण कर रहे एसडीएम को आश्रय केन्द्र की सभी चरही खाली और गोवंश भूखे नजर आए। जिस पर उन्होने गोपालकों से अपने सामने ही चरही में भूसा डलवाया और सफाई के अतिरिक्त हर वक्त चरही में चारा मौजूद रखने के निर्देश दिए। आश्रय केन्द्र में एक गोवंश बीमार देखकर एसडीएम ने पशु चिकित्सक को फोन कर पशुपालन विभाग की टीम प्रतिदिन उपचार के लिए गोवंश आश्रय केन्द्र नही पहुंचने की शिकायत पर नाराजगी जताई। उन्होने बीमार गोवंश के उपचार के लिए अविलम्ब टीम भेजने के निर्देश दिए। निराश्रित गोवंश आश्रय केन्द्र में हर तरफ गन्दगी की भरमार देखकर एसडीएम का पारा चढ़ गया।

# ग्राम रोजगार सेवकों को और अधिक दक्ष व सक्षम बनाया जाएगा

**लखनऊ।** गांवों में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारन्टी योजना (मनरेगा) के कार्यों को कुशलता से संचालित व क्रियान्वित कराने के उद्देश्य से गांवों में तैनात ग्राम रोजगार सेवकों को और अधिक सक्षम व दक्ष बनाने के लिए उत्तर प्रदेश में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व, निर्देशन व प्रबन्धन में ग्राम रोजगार सेवकों के प्रशिक्षण की तैयारी की जा रही है। इसके लिए भारत सरकार की गाइडलाइंस के अनुसार मसौदा तैयार किया गया है। सरकार द्वारा मनरेगा योजना के कार्यों के सुचारू संचालन के लिए ग्राम पंचायत स्तर पर रखे गये ग्राम रोजगार सेवकों को कार्यों में दक्षता बढ़ाने हेतु प्रशिक्षित किए जाने के निर्णय को मूर्तरूप देने के सार्थक प्रयास किए जा रहे हैं। जिससे प्रदेश के ग्रामों के विकास को गति मिलेगी तथा ग्राम रोजगार सेवकों को अपने कैरियर को आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी।

ग्राम्य विकास आयुक्त जीएस प्रियदर्शी ने बताया कि ग्राम रोजगार सेवकों को दक्ष बनाने के लिए राष्ट्रीय ग्रामीण विकास संस्थान, हैदराबाद एक प्रशिक्षण प्लेटफार्म विकसित कर रहा है। प्रशिक्षण प्लेटफार्म विकसित होने के बाद इसका लिंक शेयर किया जायेगा। जिसके उपरान्त ग्राम रोजगार सेवकों का माह अक्टूबर 2023 से पंजीकरण शुरू होगा। पंजीकरण के पश्चात ग्राम रोजगार सेवकों को प्रशिक्षण प्लेटफार्म को लागिन करने के बाद वीडियो एवं पठन सामग्री उपलब्ध होगी। ग्राम रोजगार सेवकों द्वारा आनलाइन उपलब्ध पठन सामग्री के अध्ययन के उपरान्त 2 माह के भीतर आनलाइन टेस्ट देना होगा। इस टेस्ट को पास करने के लिए 2 माह के अन्दर 4 अवसर दिये जायेंगें। टेस्ट पास करने वाले ग्राम रोजगार सेवकों को राष्ट्रीय ग्रामीण विकास संस्थान, हैदराबाद, ग्रेड के अनुसार प्रमाणित करेगा। जिसका भौतिक मूल्यांकन जनपद स्तर पर माह जनवरी 2024 से किया जायेगा। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारन्टी योजना सरकार की अति महत्वाकांक्षी योजना है। योजना का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में ग्रामीण आजीविका के प्राकृतिक संसाधनों को सुदृढ़ और टिकाऊ परिसम्पत्तियों का सृजन करना एवं ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसे प्रत्येक परिवार को एक वित्तीय वर्ष में कम से कम 100 दिनों का गारन्टीयुक्त रोजगार उपलब्ध कराना है, जिसके वयस्क सदस्य अकुशल शारीरिक श्रम करने के लिए इच्छुक हों।

# प्रवर्तन दलों ने बीते माह की 124242 बसों की जांच, वसूला 32 लाख से अधिक का जुर्माना

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश परिवहन निगम द्वारा संचालित बसों की प्रवर्तन दलों द्वारा नियमित जांच की जाती है। अगस्त 2023 में प्रवर्तन दलों द्वारा यूपीएसआरटीसी द्वारा संचालित बसों की कुल 124242 बार जांच की गयी। कुल 32 लाख 85 हजार 80 रुपए का प्रशमन शुल्क वसूला गया। यह जानकारी प्रधान प्रबंधक प्रवर्तन अशोक कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि परिवहन मंत्री एवं प्रबंध निदेशक के निर्देशों के अनुपालन में जांच दल द्वारा यूपीएसआरटीसी की संचालित बसों की जांच की जाती है। इसमें बिना टिकट यात्रीए बिना बुक भार वहन, चालक-परिचालक की अल्कोहल टेस्ट इत्यादि की जांच की जाती है। प्रधान प्रबंधक प्रवर्तन ने बताया कि अगस्त माह में जांच दलों द्वारा जांच के दौरान कुल 4049 यात्री बिना टिकट यात्रा करते पकड़े गए जबकि 136.82 टन बिना बुक भार पकड़ा गया।

# एमएआईएम के कई नेता कांग्रेस में शामिल

**लखनऊ।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की नीतियों एवं विचारधार में आस्था जताते हुए बलरामपुर के एमआईएम के पूर्व जिलाध्यक्ष जैद निजामुद्दीन, एमआईएम के पूर्व प्रान्तीय अध्यक्ष मो. नौमान, कानपुर के एमआईएम के सक्रिय सदस्य नदीम खान, लखनऊ के एमआईएम के संगठन मंत्री उबैदुरहमान, बलरामपुर के एमआईएम के सक्रिय सदस्य फैजान अली, बलरामपुर के सक्रिय सदस्य मन्जूर खान, आगरा के सुरेश चन्द्र सोनी एवं सोनू कन्नौजिया ने अपने साथियों सहित प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय एवं प्रदेश महासचिव प्रशासन दिनेश कुमार सिंह के समक्ष कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

**विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह की अनूठी पहल**

# रामरथ श्रवण अयोध्या यात्रा ने पूरे किये एक वर्ष

## ● अब तक 1500 से अधिक श्रद्धालुओं ने की तीर्थयात्रा

**लखनऊ।** सरोजनीनगर के समग्र विकास के लिए दृढ़ संकल्पित सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह की अनूठी पहल 'रामरथ श्रवण अयोध्या यात्रा' पिछले एक वर्ष से वृद्धजनों के तीर्थयात्रा के सपने को पूरा कर रही है। डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा शुरू की गई इस अभिनव पहल और विशेष यात्रा का पहली बार संचालन 27 सितंबर 2022 को जैतीखेड़ा से हुआ था। तब से निरंतर जारी इस निःशुल्क बस सेवा के माध्यम से अब तक 1500 श्रद्धालु अयोध्या में श्रीराम लला, नैमिषारण्य धाम यात्रा तथा अन्य तीर्थ स्थलों के दर्शन कर चुके हैं। विभिन्न गांवों से यह बस वृद्धजनों को ले जाकर तीर्थयात्रा करवाती है, इस दौरान उनके खाने-पीने से लेकर हर प्रकार की उचित व्यवस्था रहती है। इस पूरी यात्रा का व्यय डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा किया जाता है। इस यात्रा के प्रति क्षेत्र के वृद्धजन उत्साहित रहते हैं और विधायक की इस पहल की प्रशंसा करते नहीं थकते हैं।



नियमित तौर पर संचालित 'रामरथ श्रवण अयोध्या यात्रा' के अंतर्गत शुक्रवार को 15वीं रामरथ श्रवण अयोध्या यात्रा को ग्राम गोड़वा से रवाना किया गया। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं के लिए खाने-पीने की व्यवस्था से लेकर आवश्यक सुविधाओं का प्रबंध भी किया गया। अयोध्या पहुंच श्रद्धालुओं ने रामलला के दिव्य स्वरूप के दर्शन किए। यात्रा के अंत में श्रद्धालुओं को रामचरितमानस की प्रति भेंट की गई। पूरे सफर में वालंटियर्स ने वृद्धजनों को यात्रा के दौरान किसी प्रकार की समस्या नहीं होने दी। अयोध्या यात्रा कर बुजुर्ग बेहद खुश और संतुष्ट दिखे। उन्होंने अपने विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह की इस विशेष पहल की सराहना की तथा उनका आभार व्यक्त किया।

बता दें कि रामरथ श्रवण अयोध्या यात्रा के लिए चलने वाली बसें नियमित अंतराल पर सरोजनीनगर के वृद्धजनों व महिलाओं को निःशुल्क अयोध्या दर्शन करवाती है, जिसका पूर्णतया व्यय विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा किया जाता है। इससे पहले रामरथ के माध्यम से जैती खेड़ा, पिपरसंड, हाइडल चौराहा वृद्धाश्रम, कृष्णा लोक कॉलोनी, हसनपुर खेवली, खुर्रमपुर, नानमऊ, खटोला, बेंती, नटकुर, खांडेदेव, हिंदू खेड़ा और बरकताबाद से श्रद्धालुओं को ले जाकर अयोध्या दर्शन करवाया जा चुका है। इसके अतिरिक्त सार्वजनिक शिक्षोन्नयन संस्थान वृद्धाश्रम के वृद्धजनों को नैमिषारण्य तीर्थ के दर्शन करवाए गये हैं। इस बारे में डॉ. राजेश्वर सिंह कहना है कि वृद्धजनों को तीर्थ यात्रा करवाना मेरा सौभाग्य है। तीर्थयात्रा के दौरान वरिष्ठजनों के चेहरे की खुशी और संतुष्टि देखना सुखद हैए उनका आशीर्वाद ही मेरी सामर्थ्य है। रामरथ श्रवण अयोध्या यात्राश् के सफलता माता तारा सिंह की प्रेरणा, वृद्धजनों का आशीर्वाद और क्षेत्रवासियों का समर्थन का ही सुखद परिणाम है। क्षेत्रवासियों को तीर्थयात्रा करवाने के लिए रामरथ श्रवण अयोध्या यात्रा अनवरत जारी रहेगी।

# मातृ शक्ति सम्मेलन में होगा बड़ी संख्या में महिलाओं का समागम

● मातृ शक्ति सम्मेलन महिलाओं को राष्ट्र निर्माण के लिए सशक्त बनाने में उत्साहवर्धन करेगा: निधि द्विवेदी

संवाददाता। रायबरेली




**महिलाओं** को सशक्त बनाया जा सके उनकी आर्थिक और सामाजिक प्रगति को एक नया आयाम दिलाया जा सके इसके लिए नारी शक्ति जागरण मंच के तत्त्वाधान में हजारों महिलाओं के समागम का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा सगोपाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज रतापुर में 24 सितंबर दिन रविवार को प्रातरू 10.00 बजे से अपराह्न 02.00 बजे तक आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में पद्मश्री से सम्मानित पर्वतारोही अरुणिमा सिन्हा एवं सुधा सिंह के साथ राष्ट्र सेविका समिति की अखिल भारतीय अधिकारी शरद रेणु भी संबोधित करेंगी सकार्यक्रम की विभाग संयोजिका निधि द्विवेदी ने बताया कि इस कार्यक्रम का लक्ष्य लखनऊ विभाग की उन हजारों महिलाओं को सम्मानित करना है और समाज के लिए कुछ करने का भाव जागृत करना है जो विभिन्न क्षेत्रों में अपनी सेवाएं देकर समाज को मजबूत करने का काम कर रही है जिससे देश की आधारशिला भी मजबूत हो रही है ऐसी महिलाओं को सम्मानित करके नारी शक्ति जागरण मंच उन्हें इस बात का आभास दिलाना चाहता है की समाज उनकी सेवा से कृतज्ञ है कार्यक्रम के मुख्य समन्वयक अमित सिंह चौहान व सह समन्वयक जामवंत रॉय ने बताया कि कार्यक्रम में आने वाली हजारों महिलाओं के लिए ससम्मान हर प्रकार की उचित व्यवस्था की जाएगी।

# डॉक्टर ने बिना ऑपरेशन के बच्चे की छाती से निकाला दस रुपये का सिक्का

संवाददाता। सोनभद्र

**डॉक्टर** को धरती पर भगवान का दर्जा दिया जाता है और कभी-कभी कुछ ऐसे वाकये सामने आते है जब इसकी बानगी देखने को मिलती है। बीते गुरुवार ऐसा एक अनोखा मामला रेणुकूट स्थित हिण्डाल्को अस्पताल में सामने आया जिसे सुन कर हर किसी ने दांतों तले अंगुली दबा ली। गौरतलब है कि अनपरा के रहने वाले धर्मजीत सिंह आनन-फानन में उस वक्त हिण्डाल्को अस्पताल पहुंचे जब उनके 13 साल के बच्चे अविनाश सिंह ने खेल-खेल में 10 रुपये का सिक्का निगल लिया, जिसकी वजह से बच्चे की गर्दन व छाती में गंभीर दर्द हो रहा था। ईएनटी स्पेशलिस्ट डॉक्टर शोभित श्रीवास्तव द्वारा की गई प्रारम्भिक जांच में बच्चे के गले में कोई सिक्का नहीं दिखा जो कि चिंता का विषय था हालांकि डॉक्टर को यह समझने में देर नहीं लगी कि सिक्का नीचे सरक कर छाती या पेट में जा सकता है। तत्पश्चात हिण्डाल्को हॉस्पिटल के सीएमओ डॉक्टर भास्कर दत्ता के निर्देशन में डॉक्टर शोभित श्रीवास्तव ने सर्वप्रथम बच्चे की छाती का एक्स-रे किया। एक्स-रे की रिपोर्ट में छाती के नीचे की ओर एक दस का सिक्का स्पष्ट रूप से फंसा हुआ दिख रहा था। डॉक्टर शोभित श्रीवास्तव की सूझ-बूझ का ही नतीजा था कि उन्होंने बिना देर किये बच्चे को बेहोश कर सिक्का निकालने का निर्णय लिया। डॉक्टर ने बिना ऑपरेशन के समझदारी के साथ दूरबीन विधि के जरिये सिक्का बाहर निकाल दिया जिससे न केवल बच्चे ने बल्कि उनके परिजनों ने भी चैन की सांस ली। परिजनों ने डॉक्टर शोभित श्रीवास्तव का आभार जताया। बच्चे के पिता ने बताचीत में बताया कि जैसे ही उन्हें मालूम चला कि बच्चे ने सिक्का निगल लिया है वह अनपरा से सीधे हिण्डाल्को हॉस्पिटल के लिए भागे क्योंकि उन्हें पता था कि इस मामले में जिले में सिर्फ एडवांस टेक्नोलॉजी से लैस हिण्डाल्को हॉस्पिटल के डॉक्टर ही मदद कर सकते हैं।

# जल्द चालू हो संजय गांधी अस्पताल वरना सड़क पर होगा संघर्ष:जयसिंह प्रताप यादव

**अमेठी** ।पिछले दिनों मुंशीगंज स्थित संजय गाँधी अस्पताल का लाइसेंस निलंबित व सभी सेवाएं बंद होने के खिलाफव अस्पताल को यथाशीघ्र चालू कराये जाने के लिए सपा नेता जयसिंह प्रताप यादव ने शुक्रवार को दर्जनों साथियो के साथ उपजिलाधिकारी अमेठी के द्वारा महामहिम राज्यपाल व मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन सौंपा ।सपा नेता जयसिंह प्रताप यादव ने कहा कि संजय गाँधी अस्पताल बंद होने से अमेठी सहित आस पास के अन्य जनपदो के हजारों मरीजों को इलाज के लिए कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा हैएअस्पताल एक ऐसी संस्था है जो जाती.धर्मएभेद.भाव से ऊपर उठकर बेहतर स्वास्थ्य के लिए मरीजों का इलाज कर सेवा करती है ! राजनीति का शिकार हुआ है संजय गाँधी अस्पतालएयह अमेठी जिले का मात्र एक ऐसा अस्पताल है जहाँ पर कम खर्चे में लोग इलाज पाते हैंएअस्पताल बंद किया जाना अमेठी व अन्य जिलों के मरीजों के भविष्य के साथ खिलवाड़ हैएहम सब पीड़ित परिवार के साथ हैंएमांग करते हैं कि घटना की उच्च स्तरीय जाँच कराकर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई कर पीड़ित परिजनों के साथ न्याय होएअस्पताल बंद होने के नाते जहाँ अमेठी के नागरिको में रोष है तो लोग दु:खी भी हैं ।सपा नेता जयसिंह ने कहा कि कर्मचारियों व अमेठी जनहित को देखते हुए अस्पताल को यथा शीघ्र चालू किया जाये वरना जरुरत पड़ी तो समाजवादी पार्टी आंदोलन के माध्यम से सड़क पे संघर्ष करेंगी ।इस मौके पर सपा जिलासचिव राजेश मिश्राएश्रीनाथ यादव अंकुश कोरीए संजीव कश्यपएसुधांशु शर्माएसत्यम यादवएमोण्दानिशएविपिन यादवए ि व क ा स सिंहएकमलेशएआशीषएरोहितएइसरार फारुकी मौजूद रहे ।

## दिब्यांगो की सेवा सबसे पुनीत कार्य .

तिलोईएअमेठी ।दिव्यांगों की सेवा सबसे बड़ा पुण्य कार्य है और यह कार्य तब और पुनीत हो जाता है जब छोटे दिव्यांग बच्चों को बिना किसी लालच के आश्रम व्यवस्था से पालन पोषण के साथ उन्हे समाज में जीने की कला के साथ शिक्षित किया जाय।यह उद्गार इंडोरामा जगदीशपुर के महा प्रबंधक राजेंद्र सांख्येय ने सिंहपुर के फूला गांव स्थित जीवन पथ दिव्यांग विद्यालय में शिक्षारत दिव्यांग बच्चों से मिलकर व्यक्त किए। इंडोरामा के महा प्रबंधक अपनी पत्नी उषा सांख्येय और पुत्री डा मयूरी सांख्येय तथा अपने एक संबंधी विनय जो दिव्यांग हैं के साथ शुक्रवार को दिव्यांग विद्यालय पहुंचे थे और दो घंटे से अधिक विद्यालय के दृष्टि बाधित बच्चों के बीच रहे।इस दौरान बच्चों के गीत और उनकी ब्रेल लिपि की पढ़ाई भी देखी साथ ही बच्चों का मोटीवेशन किया। सर्वाधिक मोटीवेशन महा प्रबंधक के साथ आए उनके संबंधी विनय कुमार ने किया।

# राजस्व निरीक्षक का शव बंद कमरे से हुआ बरामद

संवाददाता। तिलोई

**मोहनगंज** थाना क्षेत्र के कस्बा मोहनगंज में स्थित तहसील परिसर के कमरे से राजस्व निरीक्षक का शव बरामद हुआ। पुलिस जाँच पड़ताल में जुटी हुई हैं। शुक्रवार की सुबह राजस्व कर्मी तहसील पहुंचे तो पाया कि राजस्व निरिक्षण चंद्रमणि वर्मा का कमरा नहीं खुला हैं। राजस्व कर्मियों ने इस बात की सूचना उपजिलाधिकारी दिग्विजय सिंह को दिया। सूचना पर क्षेत्राधिकारी अजय सिंह एवं थानाध्यक्ष मोहनगंज धीरेन्द्र यादव भी घटना स्थल पर पहुंच गए। कमरा खुलने पर राजस्व निरीक्षक का शव कमरे में मिला। गोपालराय पुर थाना लम्भुआ जनपद सुल्तानपुर निवासी राजस्व निरिक्षण चंद्रमणि वर्मा तिलोई तहसील में तैनात थे। वह तहसील परिसर में बने अपने सरकारी आवास पर ही रात्रि निवास करते थे। गुरुवार की रात वह अपने कमरे में सोने गए लेकिन शुक्रवार की सुबह कमरे से उनका शव बरामद हुआ। सूचना राजस्व निरीक्षक के पुत्र प्रवीण कुमार भी तहसील पहुंच गए। प्रवीण ने बताया कि पिता जी शुगर की बीमारी से ग्रस्त थे। पुलिस को इस मामले को कुछ भी संदिग्ध नहीं नजर आया। बेटे का बयान आदि लेने के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया हैं। थानाध्यक्ष मोहनगंज धीरेन्द्र यादव ने बताया कि घटना संदिग्ध नहीं लग रही हैंए लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही सही तथ्य सामने आएंगे।

## ककरी परियोजना ने संविदा कर्मियों के लिए लगाया नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर

**सोनभद्र।** गुरुवार को नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के ककरी क्षेत्र ने संविदा कर्मियों के स्वास्थ्य परीक्षण हेतु वी टी सी, ककरी में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। शिविर के दौरान उपस्थित सभी लोगों के स्वास्थ्य की जाँच की गयी एवं निशुल्क दवाइयों का भी वितरण किया गया। इस दौरान कुल 51 लोग लाभान्वित हुए जिसमें 46 पुरुष एवं पांच महिलाएं शामिल थी। इस अवसर पर शिविर में नोडल ऑफिसर वेलफेयर, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. लिनी उन्नीकृष्णन और उनकी टीम एवं सभी हास्पिटल स्टाफ भी उपस्थित रहे। गौरतलब है कि एनसीएल ककरी द्वारा समय समय पर आस पास के क्षेत्र के लोगों के बेहतर स्वास्थ्य हेतु ऐसे अनेक शिविरों का आयोजन किया जाता रहा है।

# महिला आरक्षण बिल को लेकर पीएम को महिलाओं ने दी बधाई

संवाददाता। सकलडीहा/चन्दौली



**लोकसभा** और राज्य सभा में महिला आरक्षण का ऐतिहासिक बिल पारित होने पर महिलाओं में भारी खुशी है। शुक्रवार को तेन्दुईपुर गांव में भाजपा महिला मोर्चा की नेता पूनम चौहान के नेतृत्व में महिलाओं ने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को बधाई दिया है। महिलाओं ने बताया कि महिलाओं का मान सम्मान के साथ महिला सशक्तिकरण को मजबूत किया।

लम्बे समय से महिला आरक्षण बिल को लेकर लोक सभा और राज्य सभा में चर्चा होता रहा। लेकिन अभी तक बिल पास नही हो पाया। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में नये सदन में नारी शक्ति वंदन अधिनियम लोकसभा और राज्य सभा में भारी बहुमत से पारित होने पर महिलाओं में हर्ष है। भाजपा नेत्री पूनम चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में महिलाओं के लिये लम्बे समय से उठायी जा रही मांग को पूरा किया गया। इस विधयेक के पारित होने पर महिलाओं का समाज की मुख्य धारा से जुड़ने का मौका मिलेगा। महिलायें खुलकर देश और राष्ट्रहित में सेवा कर सकेंगी। अंत में महिलाओं ने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री सहित भाजपा संगठन के लोगों को बधाई दिया।

इस मौके पर पूनम चौहान, सावित्री, हीरामनी, चन्द्रकला, सुनीता, रीता, रिंकू, उर्मिला सहित अन्य महिलायें मौजूद रही।

## क्विक न्यूज

### वी ऐप गणेशोत्सव दो हजार तेइस के उत्साह को बढ़ाने के लिए तैयार

**वाराणसी।** सालाना गणेश उत्सव आ गया है और महाराष्ट्र अपने सबसे प्रिय बप्पाए भगवान गणेश के स्वागत के लिए बेहद उत्सुक है। 19.28 सितम्बर 2023 के बीच दस दिन के गणेशोत्सव के दौरान महाराष्ट्र उत्सव के रंग में रंगा नज़र आएगा। आराम से अपने बप्पा भगवान गणेश के दर्शन कर सकेंए इसके लिए जाना.माना दूरसंचार सेवा प्रदाता वीए वी ऐप तथा वी मुवीज़ एवं टीवी ऐपके माध्यम से लालबागचा राजाए दगडुसेठ गणपति और चार अष्टविनायक मंदिरों के लाईव दर्शन की लाईव स्ट्रीमिंग करने जा रहा है।

### आईपीओ पच्चीस सितंबर दो हजार तेइस को खुलेगा

**वाराणसी।** संपूर्ण भारत, इक्कीस सितंबर दो हजार तेईस अपडेटर सर्विसेज लिमिटेड 'कंपनी, सोमवार, 25 सितंबर, 2023 को इक्विटी शेयरों की अपनी आरंभिक सार्वजनिक पेशकश के संबंध में अपनी बोली/प्रस्ताव खोलेगी। इस आईपीओ में रु 4,000.00 मिलियन तक के कुल इक्विटी शेयर का फ्रेश इश्यू 'ताजा अंक' और विक्रेता शेयर धारकों के 8,000,000 इक्विटी शेयरों तक का ऑफर फॉर सेल 'ऑफर फॉर सेल' और फ्रेश इश्यू के साथ, 'ऑफर' शामिल है। एंकर निवेशक बोली की तारीख शुक्रवार, 22 सितंबर, 2023 होगी। बोली/प्रस्ताव सदस्यता के लिए सोमवार, 25 सितंबर, 2023 को खुलेगी और बुधवार, 27 सितंबर, 2023 को बंद होगी।

### लोगो के विशेष प्रकार की टेक्नोलॉजी की पहल

**वाराणसी।** भारत के सर्वश्रेष्ठ 5जी स्मार्टफोन ब्रांड मोटोरोला ने आज एज सीरीज में अपनी नवीनतम पेशकश, मोटोरोला एज 40 नियो के लॉच की घोषणा की। एक डिवाइस जो अत्याधुनिक तकनीक विकसित करने और उपयोगकर्ताओं को लागत प्रभावी कीमतों पर प्रमुख सुविधाएं प्रदान करने के एज परिवार के मिशन का प्रतीक है। आगे बढ़ते हुएए मोटोरोला एज 40 नियो वास्तव में एक असली ध्यान आकर्षित करने वाला डिवाइस हैए क्योंकि इसे पैनटोन विशेषज्ञ द्वारा चुने गए ट्रेंड-सेटिंग रंग विकल्पों में लॉन्च किया गया हैए जो एक श्रेष्ठ, पतले एंडलेस एज डिज़ाइन में है। यह डिवाइस व्यक्तिगता को प्रेरित करता है और ब्लैक ब्यूटी, सूथिंग सीए और कैनील बे के पावरफुल रंगों के माध्यम से व्यक्तिगत शैली को प्रोत्साहित करता है।

### एक नई पहचान आइडियाज़ कनेक्टेड को लॉन्च किया

**वाराणसी।** भारत की सबसे बड़ी वायर और केबल निर्माता और सबसे तेजी से बढ़ती एफएमईजी कंपनियों में से एक पॉलीकैब इंडिया ने अपनी एकदम नई ब्रांड पहचान को लॉन्च किया है। इसके साथ ही कंपनी ने अपनी नई फिलॉस्फी का भी खुलासा किया है। नई ब्रांड पहचान और नई फिलॉस्फी में कंपनी का भविष्य का बिजनेस रोडमैप झलकता है। प्रोजेक्ट लीप के तहत पॉलीकैब एक उल्लेखनीय परिवर्तन के दौर से गुजर रही है। तारों और केबलों के निर्माण में अपनी उत्कृष्टता के लिए प्रसिद्ध होने के बावजूदए पॉलीकैब आधुनिक जीवन को सुरक्षितए सुविधाजनक और सस्टेनेबल बनाने के लिए बेहतर इलेक्ट्रिक सॉल्यूशंस की एक व्यापक रेंज पेश करने का प्रयास कर रही है।

### कम्पोजिट विद्यालय कोड़ार में छाता एवं स्टेशनरी वितरण



**बीजपुर/सोनभद्र।** एनटीपीसी रिहंद के नैगम सामाजिक दायित्व के अंतर्गत म्योरपुर ब्लॉक के कम्पोजिट विद्यालय कोड़ार में स्कूल बैग, छाता एवं स्टेशनरी वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य म्योरपुर ब्लॉक में स्थित विद्यालय के छात्रों को जरूरी राहत प्रदान करना था।कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि अध्यक्षा वर्तिका महिला मण्डल समिति माया सिंह ने अन्य सह-अतिथियों के साथ वृक्षारोपण कर किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं सहअतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ देकर एवं स्वागत गीत गाकर किया गया।कंपोजिट स्कूल कोड़ार, 110 छात्रों को शिक्षा प्रदान करता है, जिनमें से अधिकांश स्कूल के आसपास रहने वाले आदिवासी समुदाय से हैं। स्थानीय समुदाय की भलाई और शिक्षा के प्रति एनटीपीसी रिहंद की वर्तिका महिला मण्डल समिति हमेशा से ही प्रतिबद्ध है और ग्रामीण विद्यार्थियों के शिक्षा एवं सर्वांगीण विकास के लिए तत्पर रही है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से वर्तिका महिला मण्डल की पदाधिकारी महिलाएं, वरिष्ठ प्रबन्धक तनुजा सिंह, कार्यपालक नर्गिस अंसारी आदि उपस्थित रही।

## संदिग्ध परिस्थितियों मे छत पर मिला विवाहिता का शव

**जगदीशपुर, अमेठी।** छत पर बने कमरे में सो रही विवाहिता का शव सुबह बिस्तर पर मिलने से परिजनों में कोहराम मच गया सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम हेतु भेजा। थाना क्षेत्र के अंतर्गत स्थित मंगौली गांव निवासी नसीबा बानो पत्नी मोहम्मद शकील उम्र लगभग 23 वर्ष जो छत पर कमरे में लेटी थी सुबह परिजन उसका शव बिस्तर पर पडा देख रोने बिलखने लगे जिसकी सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने परिजनों से पूंछतांछ कर ही रही थी कि घटना की जानकारी पाने पर मृतका के पिता गौस मोहम्मद निवासी सेमरौता थाना शिवरतनगंज जनपद अमेठी भी मौके पर पहुंचे और आरोप लगाया कि दहेज में बाइक की मांग की जा रही थी मांग पूरी ना होने पर मेरी बेटी को मार दिया गया जिसकी लिखित तहरीर पुलिस को देकर कार्यवाई की मांग की। अंतोगत्वा पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया। इस संबंध में पुलिस ने बताया कि मृतका के पिता द्वारा तहरीर मिली है।

# कई महीनों से दरीबा काटकर मार्ग राहगीरों के लिए बना है जी का जंजाल

● हजारों की आबादी सड़क न बनने से आए दिन पूरे दुर्घटना की शिकार

संवाददाता। रायबरेली



**प्रधानमंत्री** ग्राम सड़क योजना की दरीबा से लेकर कठगर की सड़क बाद से बद से बत्तर स्थिति में पहुंच चुकी है। रोजाना दर्जनों लोग चुटहिल हो रहे हैं। जगह-जगह गड्ढे में पानी भरा हुआ है। लगभग 15 से 20000 की आबादी रोज इसी मार्ग से होकर गुजरती है लेकिन इस मार्ग के निर्माण की जिम्मेदारी ओढ़े हुए ग्रामीण अभियंत्रण सेवा विभाग (प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना) रायबरेली पूरी तरह से लापरवाह बना हुआ है। आपको बताते चले कि यह मार्ग पिछले एक वर्ष से निर्माण के लिए प्रस्तावित है लेकिन इस पर कार्य कब आरंभ होगा यह कोई तय नहीं है। इस मार्ग से होकर गुजरने वाले लोगों को आए दिन दुर्घटनाओं से दो-चार होना पड़ता है।

रोज-रोज की दुर्घटनाओं को देखकर क्षेत्रीय जागरूक नागरिकों ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर इसकी आईजीआरएस में शिकायत तक दर्ज करवाई है। शिकायत का निस्तारण करते हुए प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना ग्रामीण अभियंत्रण सेवा विभाग रायबरेली ने अपनी आख्या में स्वयं स्वीकारा है कि एफडीआर ग्रुप संख्या 167 संख्या 58179 में 100 मीटर पच ट्रायल कर कराया गया है बारिश की वजह से आगे का कार्य करना संभव नहीं है। लेकिन यह कैसी समस्या है की बारिश के समय कोई कार्य नहीं हो सकता कम से कम गड्ढों को पाटा जा सकता है। उस पूरे मार्ग को गड्ढा मुक्त तो किया ही जा सकता है। शिकायतकर्ता नागरिकों का कहना है कि इस मार्ग से 15 से 200 00 राहगीर प्रतिदिन आते जाते हैं इसी मार्ग से छात्र-छात्राएं कोचिंग और कॉलेज आना जाना रहता है ग्रामीणों को भी इधर से गुजरना होता है। सभी तरीके से मूलभूत समस्याएं हैं। विभाग अपने इमरजेंसी फंड से उन गड्ढों को मुक्त नहीं कर रहा है। इंतजार देख रहा है की बारिश का मौसम समाप्त हो उसके बाद उसका कार्य कराया जाए। लेकिन तब तक न जाने कितनी दुर्घटनाएं इस मार्ग पर हो चुकी होगी। प्रतिदिन दर्जनों लोग गड्ढों में गिरकर चुटहिल हो रहे हैं।

# स्वच्छता ही सेवा है, कचरा मुक्त भारत है बनाना: डीपीआरओ



संवाददाता। सकलडीहा/चन्दौली

**स्वच्छता** ही सेवा है इस विजन के साथ दो अक्तूबर तक गांव गांव में अभियान चलाकर कचरा मुक्त भारत बनाने का पहल शुरू किया गया है। शुक्रवार को मनिहरा गांव में डीपीआरओ ब्रम्हचारी दूबे के नेतृत्व ब्लॉक प्रमुख अवधेश सिंह सहित ग्रामीणों ने स्वच्छ भारत का संकल्प लिया। इस मौके पर विभागीय कर्मचारियों का प्रतिदिन फोटो अपलोड करने को बताया गया। गांव से लेकर गली मुहल्ला और सामुदायिक शौचालय, गड्ढा सोखता, स्कूल और सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ भारत मिशन के तहत अभियान चलाकर कचरा मुक्त भारत बनाने का पहल 15 सितम्बर से दो अक्तूबर तक चलाया जायेगा। इस कड़ी में डीपीआरओ ब्रम्हचारी दूबे जनप्रतिनिधियों के माध्यम से प्रतिदिन दो घंटा गांव के आसपास लोगों को घर और मुहल्ले को स्वच्छ भारत बनाने के लिये संकल्प के साथ श्रमदान कराने का पहल शुरू किया है। मनिहरा गांव में पहुंचकर ब्लॉक प्रमुख अवधेश सिंह के साथ स्वच्छता का संकल्प दिलाया। अंत में कर्मचारियों को दो दो गतिविधिकयों का फोटो अपलोड करने के बारे में निर्देशित किया।

# चार विद्यालयों में वितरित किए पंखा, पेन-कापी

● समिति अध्यक्ष शिप्रा पांये ने विद्यालय प्रधानाचार्य और शिक्षको को किया सम्मानित

संवाददाता। नसीराबाद रायबरेली



**विकास** खण्ड छतोह क्षेत्र में शुक्रवार को शिवपती देवी शिवदर्शन पाण्डेय सेवा समिति की अध्यक्ष शिप्रा, पाण्डेय व संस्थापक अखिलेश रामविशाल पाण्डेय ने क्षेत्र के चार विद्यालयो में उमस भरी गर्मी से राहत पाने के लिए 31 पंखा दिए व विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओ को कॉपी व पेन वितरित किया। सबसे पहले क्षेत्र के आईजी विद्यालय पूरे तिलक मजरे बभनपुर पहुची। समिति की अध्यक्ष शिप्रा, पाण्डेय ने विद्यालय के सभी शिक्षक व प्रधानाचार्य को सम्मानित किया इसके बाद छात्र-छात्राओ को कॉपी पेन व चॉकलेट का वितरण किया और विद्यालय को आठ पंखा दिया। इसके बाद शिव सत्य नारायण प्राथमिक स्कूल पूरे दरियाव मजरे बभनपुर में 10 पंखा व सभी शिक्षको को सम्मानित करते हुए छात्र-छात्राओ को कॉपी व पेन दिया। मुनिराज शिक्षण संस्थान बभनपुर में भी 5 पंखा व छात्र छात्राओ को कॉपी पेन दिए इसके बाद एन एम जीनियस पब्लिक स्कूल बभनपुर में सभी शिक्षको को सम्मानित करते हुए विद्यालय को 8 पंखा दिए और छात्र छात्राओ को कॉपी व पेन दिया। कॉपी पेन पाकर छात्र-छात्राओ के चेहरे खुशी से खिल गए। इस मौके पर रामविशाल पाण्डेय, सत्रोहन पाण्डेय, भूपेन्द्र सिंह, प्रधानाचार्य राकेश द्विवेदी, प्रधानाचार्य राकेश सिंह, प्रधानाचार्य अनुराग द्विवेदी, जीतेन्द्र कौशल, रामसुख यादव, अर्जुन लाल शर्मा सहित आदि लोग मौजूद रहे।

## डेढ़ किलो गांजा के साथ पुलिस के हत्थे चढ़ा आरोपी

**बीजपुर/सोनभद्र।** अवैध मादक पदार्थों पर अंकुश लगाने हेतु जनपद के पुलिस उच्चाधिकारियों के निर्देशों के अनुपालन में प्रभारी निरीक्षक बीजपुर मिथिलेश कुमार मिश्र द्वारा गठित एक टीम की अगुवाई कर रहे उप निरीक्षक अमिताभ चंद ने वृहस्पतिवार की रात्रि गश्त के दौरान एक आरोपी को गिरफ्तार किया। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बीजपुर थाना के उप निरीक्षक अमिताभ चंद आरक्षी अभिषेक कुमार व अर्जुन सिंह के साथ वृहस्पतिवार की रात्रि गश्त पर निकले हुए थे उसी दौरान रात्रि लगभग ढाई बजे जैसे ही उनकी टीम थाना क्षेत्र के ग्राम सभा सिरसोती रेलवे पुलिया के पास पहुंची वैसे हीं उसी ग्राम सभा का निवासी बीस वर्षीय सूरज पुत्र अर्जुन सिंह जाता हुआ दिखाई दिया। जब पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर उसकी तलाशी ली तो उसके पास से डेढ़ किलो ग्राम गंजा मिला। पूछताछ में उसने पुलिस को बताया कि वह उस गाजे को मध्य प्रदेश बेचने ले जा रहा था।

# टीबी मरीजों को गोद लेना सराहनीय कार्य

संवाददाता। मीरजापुर

**मीरजापुर** क्षय विभाग के डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर सतीश शंकर यादव द्वारा कछवा क्रिश्चियन स्कूल के भारी संख्या में उपस्थित छात्र-छात्राओं के बीच टीबी रोग जैसे गंभीर बीमारी के संदर्भ में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि यह रोग समाज के लिए एक गंभीर चुनौती के रूप में बनी हुई है, जिसे माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा 2025 तक देश से पूर्ण रूप से समाप्त करने का संकल्प लिया गया है।

यादव ने कहा कि यह संकल्प तभी पूरा किया जा सकता है जब हम आप सभी एक सच्चे भारत नागरिक होने के नाते इस चुनौती के प्रति समाज के अन्य लोगों को भी जागरूक करने का बीड़ा उठाएंगे तो निश्चित रूप से विजय प्राप्ति होगी, अत: आप सभी से अनुरोध है कि आप किसी भी व्यक्ति को यदि दो सप्ताह से अधिक समय से खांसी आनाए खांसी के साथ बलगम व खून आना, रात को अक्सर बुखार आ जानाए सीने में दर्द बना रहना, भूख न लगना, वजन में गिरावट आना जैसे लक्षण से प्रभावित पाते हैं तो ऐसे लक्षण प्रभावित लोगों को नजदीकी सरकारी स्वास्थ्य केंद्र पर उपलब्ध नि:शुल्क जांच एवं इलाज का लाभ दिलाने में सहयोगी बने तथा उन्हें यह भी बताएं कि सरकार द्वारा ऐसे रोगियों को रु.500 प्रतिमाह उनके खाते में पूरे इलाज अवधि तक दिया भी जाएगा। ऐसा नेक कार्य करके आप सभी अपने साथ-साथ अपने घर परिवार एवं समाज को इस रोग से सुरक्षित बनाए रखने में सहयोगी सिद्ध हो।

डीपीसी संध्या गुप्ता द्वारा लोगों से अपील की गई की टीबी प्रभावित व्यक्ति को नियमित दवा का सेवन करना अनिवार्य होता है अत: एक दिन का भी रोगियों को दवा लेने में गैप नहीं करना चाहिए। वही कछवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉक्टर सीबी पटेल द्वारा बच्चों के बीच एचआईवी एवं एड्स जैसे रोग के विषय में भी विस्तार पूर्वक जीवन उपयोगी जानकारी प्रदान की गईए साथ ही डॉ. पटेल द्वारा विद्यालय प्रांगण से बच्चों के माध्यम से जागरूकता क्रम में पूरे बाजार भ्रमण हेतु निकली रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। कार्यक्रम के अंत में कछवा क्रिश्चियन अस्पताल द्वारा उक्त अवसर पर 10 टीबी प्रभावित मरीजों को पुन: खाद्य पदार्थ का पैकेट भेंट करते हुए गोद लेने का सराहनीय कार्य किया गया।

वहीं डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर सतीश यादव द्वारा उपरोक्त उपस्थित रोगियों में शारीरिक रूप से अत्यधिक कमजोर एक महिला रोगी को अपनी तरफ से स्वास्थ्य लाभ हेतु रु500 नगद भेंट किया गया। उपरोक्त आयोजन में कछवा क्रिश्चियन अस्पताल प्रबंधक शंकर रामचंद्रन एवं डॉ जॉर्ज, प्रेम, रामपाल आदि के साथ-साथ टीबी चैंपियन राकेश कुमार, एसटीएस प्रदीप कुमार, अकाउंटेंट सत्य प्रकाश सोनकर, सुरेश शर्मा, प्रतीक कुमार एवं क्रिश्चियन स्कूल के प्रधानाचार्य रमेश दर्शन, कार्यालय अधीक्षक अगस्तीन मसीह, संजय प्रकाश, राकेश मिश्रा, अकांक्षा, चन्द्र मणि आदि उपस्थित रहे।


## नौ घंटे फेल रही ग्रामीण क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति

**ऊंचाहार ( रायबरेली )।** बृहस्पतिवार की मध्य रात्रि अमांवा से तहसील स्थित विद्युत उपकेंद्र आने वाली 33 केवीए लाइन में खराबी आ गई। जिसकी वजह से तहसील स्थित विद्युत उपकेंद्र की बिजली गुल हो गई। कस्बा व जमुनापुर फीडर को रघुपुर से जोड़कर विद्युत आपूर्ति की गई। वहीं लक्ष्मीगंज फीडर के लोग अंधेरे में रहे हैं। बृहस्पतिवार की रात करीब 11 बजे बूंदाबांदी होने लगी। इसके बाद अमांवा 132 ट्रांसमिशन से तहसील की 33 केवीए विद्युत लाइन के डिस्क पंचर हो गए। उपकेन्द्र को विद्युत आपूर्ति न होने की दशा में जिम्मेदारों द्वारा रघुपुर स्थित 33 केवीए लाइन से कस्बा की टाउन व जमुनापुर कोटिया चित्रा फीडर को जोड़कर विद्युत आपूर्ति चालू कर दी गई। वहीं लक्ष्मीगंज फीडर से हटवा, लक्ष्मीगंज, सवैया धनी, सवैया राजे, सवैया भैसासुर, सवैया हसन, मनीपुर भटेहरी, जमालपुर माफी, पूरे मालिन, पूरे चांदन, खोजपुर समेत 24 गांवों की करीब 30 हजार आबादी में रही।

# अमेरिका से दोस्ती

## बाइडेन की भूमिका

**अमेरिकी** राष्ट्रपति जो बाइडेन ने भारत से दोस्ती मजबूत करने के सभी प्रयास किए हैं। वे आगामी गणतंत्र दिवस परेड में मुख्य अतिथि हो सकते हैं। पिछले महीने नई दिल्ली में जी20 सम्मेलन में कुछ बेचैनी इस बात को लेकर थी कि रूसी राष्ट्रपति व्लादीमिर पुतिन तथा चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने इसमें भाग न लेने की घोषणा की थी। लेकिन अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने विभिन्न मंचों से इसकी सफलता की प्रशंसा की है। इस प्रकार उन्होंने भारतीय राजनयिक दृष्टिकोण को रेखांकित किया है जो सभी देशों को बिना किसी द्वेष के एकसाथ लेकर चलना चाहता है। बाइडेन ने सोशल मीडिया के माध्यम से उम्मीद करते हुए जोर दिया है कि जी20 वैश्विक चुनौतियों का सामना करने वाली संचालक शक्ति बना हुआ है। उन्होंने कहा, ऐसे समय जब विश्व अर्थव्यवस्था जलवायु संकट, अस्थिरता व टकराव के कारण झटके झेल रही है, इस वर्ष के शिखर सम्मेलन ने दिखा दिया है कि जी20 अधिकांश महत्वपूर्ण समस्याओं के समाधान खोज सकता है। पिछले शनिवार को अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने भारत-मध्य पूर्व-यूरोप कारीडोर का महत्व रेखांकित करते हुए पुन: दुहराया कि उनका देश टिकाऊ व गतिशील ढांचागत संरचना बनाने में साथियों से सहयोग का वादा पूरा करेगा। वैश्विक ढांचागत निवेश साझीदारी-पीजीआईआई तथा भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक कारीडोर कार्यक्रम में बोलते हुए बाइडेन ने कहा कि जी20 सम्मेलन का ध्यान मजबूत ढांचागत संरचना तथा गुणवत्तापूर्ण ढांचागत निवेश को प्रोत्साहित करना था। इससे सबको अवसर, गरिमा व समृद्धि के साथ बेहतर भविष्य के मौके मिलेंगे।



एकता प्रदर्शित करते हुए अमेरिका, भारत, ब्राजील व दक्षिण अफ्रीका के नेताओं ने जी20 तथा वैश्विक समस्याओं के समाधान निकालने के प्रति साझा प्रतिबद्धता प्रकट की। नई दिल्ली में जी20 'लीडर्स समिट' के पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राष्ट्रपति जो बाइडेन ने मजबूत द्विपक्षीय संबंधों तथा जीवन्त वैश्विक सेमीकंडक्टर सप्लाई श्रृंखलायें बनाने के प्रति प्रतिबद्धता प्रकट की थी। जो बाइडेन ने संरा. सुरक्षा परिषद में स्थाई सीट के लिए भारत की लंबे समय से चली आ रही मांग का समर्थन किया। इसके साथ ही उन्होंने 2028-29 में गैर-स्थाई सदस्य के रूप में भारत के एक और कार्यकाल का भी समर्थन किया।

इन मैत्रीपूर्ण संबंधों को नजदीकी व गरमाहट से भरा बनाए रखने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन अगले साल की गणतंत्र दिवस परेड में मुख्य अतिथि के रूप में भाग ले सकते हैं। यह घटनाक्रम मुख्यत: दोनों देशों के बीच बढ़ती दोस्ती का प्रत्यक्ष परिणाम है। जून में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अमेरिका की राजकीय यात्रा के समय रक्षा सहयोग को काफी बढ़ावा मिला। जनरल एलेक्ट्रिक व हिंदुस्तान एयरोनाटिक्स लिमिटेड के बीच भारत में जीई एफ-414 जेट इंजन बनाने पर मेमोरैंडम आफ अंडरस्टैंडिंग-एमओयू वास्तव में मील का पत्थर है। इस सहयोग से भारत को महत्वपूर्ण तकनीक का हस्तांतरण होगा जिससे रणनीतिक साझेदारी और मजबूत होगी। जी20 सम्मेलन पहली बार भारत में हुआ। अपनी अध्यक्षता के दौरान भारत ने समावेशी विकास, डिजिटल खोज, जलवायु स्थिरीकरण तथा समतापूर्ण वैश्विक स्वास्थ्य पहुंच जैसे विभिन्न मुद्दों पर ध्यान केन्द्रित किया। जी20 देश दुनिया की 85 प्रतिशत जीडीपी, 75 प्रतिशत से अधिक विश्व व्यापार तथा दुनिया की दो तिहाई जनसंख्या का प्रतिनिधित्व करते हैं। नवंबर में भारत के बाद ब्राजील अब जी20 की अध्यक्षता करेगा।

# जी-20 में जलवायु परिवर्तन मुद्दा

**जी20 सम्मेलन की दिल्ली घोषणा में जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए समावेशी व समतापूर्ण दृष्टिकोण रखा गया है जिसमें स्थानीय परिस्थितियों पर भी ध्यान दिया गया है।**



स्मिता अग्रवाल
(लेखिका, दिल्ली विश्वविद्यालय में असिस्टेंट प्रोफेसर हैं)

भारत की अध्यक्षता में हाल ही में नई दिल्ली में आयोजित जी20 के शिखर सम्मेलन में 'वसुधैव कुटुम्बकम' का नारा रखा गया। इसके साथ ही 'एक धरती, एक परिवार' की भावना ने सारी दुनिया के लिए समावेशन व समता की भावना भी प्रदर्शित की गई। 9 सितंबर, 2023 को शुरू हुए शिखर सम्मेलन में नई दिल्ली के नेताओं ने एक घोषणापत्र तैयार किया। सम्मेलन में उपस्थित सभी देशों की सहमति से 'दिल्ली घोषणा' नामक इस घोषणापत्र को स्वीकार किया गया। सम्मेलन की अध्यक्षता करते हुए भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पूरी दुनिया में पैदा विश्वास के संकट को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि दुनिया में विश्वास का यह संकट दूर करने की आवश्यकता है क्योंकि पूरी दुनिया इस समय मानव-निर्मित व प्राकृतिक आपदाओं का संकट झेल रही है। यह संकट दुनिया के अनेक भागों में स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दिशा निर्देशन में तैयार दिल्ली घोषणा में समावेशन के मूलभूत आयाम पर जोर दिया गया है। यह तथ्य महत्वपूर्ण है कि समावेशन की यह अवधारणा भारतीय सभ्यता का अंतर्निहित मूल्य है।

उन्होंने कहा कि इस भारतीय सभ्यतामूलक मूल्य के आधार पर हम दुनिया भर में विभिन्न देशों तथा संगठनों व व्यक्तियों के बीच पैदा विश्वास के इस संकट का समाधान करते हुए वैश्विक समस्याओं से निपटने के लिए सहमति तैयार कर सकते हैं, फिर चाहे ये समस्यायें मनुष्यों के व्यवहार से पैदा हुई हों अथवा जलवायु परिवर्तन व पर्यावरण प्रदूषण के कारण पैदा होने वाली प्राकृतिक आपदायें हों। जी20 के नई दिल्ली सम्मेलन में सभी देशों द्वारा स्वीकृत घोषणा में इन आयामों को रेखांकित किया गया है।

वर्तमान समय में दुनिया में रूस-यूक्रेन युद्ध की जटिल पहेली सबका ध्यान आकर्षित कर रही है। इसके कारण न केवल रूस और यूक्रेन, बल्कि दुनिया के विभिन्न देशों के बीच तनाव व आक्रामक व्यवहार के कारण तृतीय विश्व युद्ध का खतरा पैदा होने तक की बातें कही जाने लगी हैं। ऐसे समय में संपूर्ण मानवजाति को किसी भावी युद्ध की विभीषिका से बचाने तथा उसका अस्तित्व सुनिश्चित करने के लिए यह 'विश्वास का संकट' दूर करना जरूरी हो गया है। इस दिशा में भारत द्वारा एक समग्र व समावेशी घोषणा तैयार करने के साथ ही अफ्रीकी संघ को जी20 का स्थाई सदस्य बनाने का प्रस्ताव किया जो 55 अफ्रीकी देशों का प्रतिनिधित्व करता है। यह जी20 के इतिहास में एक अत्यधिक उल्लेखनीय कदम है। अफ्रीकी संघ को जी20 में शामिल करने से इस संगठन की यह छवि टूटती है कि यह केवल दुनिया के अमीर देशों का प्रतिनिधित्व करता है।

इस प्रकार अफ्रीकी संघ को शामिल करना समावेशन तथा समता को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे 'वैश्विक उत्तर' व 'वैश्विक दक्षिण' का विभाजन काफी सीमा तक समाप्त हुआ है और यह मंच अब जी21 बन गया है। इसके साथ ही अफ्रीकी संघ को शामिल करने से एक क्षेत्रीय मंच द्वारा बहुपक्षीय संगठन में सहयोग का नया अध्याय खुला है। इस प्रक्रिया का उद्देश्य विश्वास का वह संकट दूर करना है जो अनेक देशों के संकुचित राष्ट्रवाद के कारण खासकर अफ्रीका में नस्ली टकराव का कारण बना था। नई दिल्ली में नेताओं द्वारा तैयार घोषणा में दुनिया के सभी लोगों के लिए मजबूत, टिकाऊ, संतुलित व समावेशी विकास गा आधार तैयार किया गया है। 'दिल्ली घोषणा' में स्पष्ट रूप से दुनिया के सभी देशों द्वारा एकजुट होकर टिकाऊ विकास लक्ष्यों के प्रति स्पष्ट प्रतिबद्धता प्रकट की गई है। उल्लेखनीय है कि संयुक्त राष्ट्रसंघ ने दुनिया की समस्त मानवता की समग्र प्रगति के लिए टिकाऊ विकास लक्ष्यों-एसडीजी का निर्धारण किया है तथा वह इनको समयबद्ध रूप से पूरा करने की प्रेरणा दे रहा है। दिल्ली घोषणा में इस आयाम पर जोर देने से 'उत्तर-दक्षिण विभाजन' से अलग हट कर अब पूरी दुनिया की सहभागी प्रतिबद्धता पर जोर दिया जा रहा है। सारी दुनिया को प्रताड़ित करने वाली असमानता, भूख, स्वास्थ्य संकट, आदि विभीषिकाओं का मुकाबला करने के लिए सांस्कृतिक मूल्यों को महत्व देने की बात की गई है। घोषणा में शामिल वित्तीय समावेशन की अवधारणा ने दुनिया भर में व्याप्त आर्थिक असमानता दूर करने की मांग की है। इससे यह महत्वपूर्ण तथ्य भी रेखांकित होता है कि टिकाऊ विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में धीमी प्रगति का प्रमुख कारण आर्थिक असमानता है।

नई दिल्ली में भारत के नेताओं द्वारा तैयार घोषणा में जेंडर समानता लाने तथा दुनिया भर में जेंडर विभाजन समाप्त करने पर जोर दिया गया है। इसमें उन क्षेत्रों पर खास जोर दिया गया है जहां महिलायें या तो 'अदृश्य' हैं या पूरी तरह गायब हैं। दिल्ली घोषणा में खासकर पुरुषों व महिलाओं के बीच 'डिजिटल विभाजन' समाप्त करने पर जोर दिया गया है। संयुक्त राष्ट्रसंघ की एजेंसी 'इंटरनेशनल टेलीकम्युनीकेशन यूनियन' द्वारा जारी नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार, महिलाओं और पुरुषों के बीच भारी डिजिटल विभाजन है जिसके कारण महिलाओं के वित्तीय समावेशन तथा प्रगति में बाधा आ रही है। इसके साथ ही घोषणा में जलवायु परिवर्तन के नकारात्मक प्रभावों पर जोर दिया गया है जिसके कारण महिलाओं के स्वास्थ्य व पोषण आवश्यकताओं पर व्यापक हानिकारक प्रभाव पड़ता है। जलवायु परिवर्तन के कारण बरसात तथा फसल चक्र पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है जिससे खाद्यान्नों का उत्पादन घटा है। संयुक्त राष्ट्रसंघ तथा अन्य शोधकर्ताओं की रिपोर्टों के अनुसार खाद्यान्न उत्पादन घटने के कारण इनकी कीमतें बढ़ रही हैं।

इससे पैदा होने वाला खाद्यान्न संकट पुरुषों की तुलना में महिलाओं को ज्यादा प्रभावित करता है। इस प्रकार इस खतरनाक स्थिति को रेखांकित कर 'दिल्ली घोषणा' ने एक बार फिर नीतिगत हस्तक्षेपों व समावेशन को केन्द्रीय मंच पर ला दिया है। इस घोषणा में एक बहुपक्षीय संस्थान बनाने की पैरवी की गई है जिसे 'ग्लोबल बायोफ्यूल एलायंस' का नाम दिया गया है। यह गठबंधन सभी देशों के लिए खुला है। इसका उद्देश्य फासिल ईंधनों पर निर्भरता का मुकाबला करने के लिए एक सहयोगी दृष्टिकोण अपनाना है। इससे उस हानिकारक उत्सर्जन में कमी आएगी जो मुख्य रूप से जलवायु परिवर्तन का जिम्मेदार है।


इस एलायंस में शामिल होने वाले जी20 व अन्य देशों से उन विकासशील देशों की हिचक दूर हो सकती है जो उत्सर्जन में लक्षित कटौतियों का विरोध करते रहे हैं, जबकि जलवायु परिवर्तन सभी विभिन्न घोषणाओं तथा विभिन्न अन्य दस्तावेजों में इनको जरूरी बताया गया है। इसके साथ ही इसमें वह रणनीति, योजना व सहयोग रेखांकित किया गया है जिसके आधार पर बायोईंधनों के उत्पादन से पूरी मानवजाति को लाभ हो सकता है। इस प्रकार जी20 के दिल्ली सम्मेलन द्वारा स्वीकार 'दिल्ली घोषणा' ने जलवायु संकट से निपटने के अनेक नए आयाम खोले हैं। इस घोषणा में सभी देशों का आह्वान किया गया है कि वे विकासशील देशों की सहायता के लिए कम खर्च वाले विकल्प तैयार करें ताकि वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों की ओर सहज परिवर्तन हो सके तथा इससे उनका विकास एजेंडा भी न प्रभावित हो। दिल्ली घोषणा में वैश्विक स्तर पर नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों को प्राप्त करने के प्रयासों को 'तिगुना' करने का आह्वान किया गया है, हालांकि इसके लिए प्रत्येक देश की राष्ट्रीय परिस्थितियों का ध्यान रखना भी जरूरी है।

इस प्रकार स्थानीय आवश्यकताओं व परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए एकजुट प्रयासों के माध्यम से ऊर्जा के टिकाऊ व नवीकरणीय स्रोतों की ओर बढ़ने पर जोर दिया गया है। दिल्ली घोषणा में 5.8-5.9 ट्रिलियन डालर की आवश्यकता बताई गई है जो विकासशील देशों को 2030 तक नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों में परिवर्तन करने में सहायक होगा। घोषणा में इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए सामूहिक, गणना योग्य व पारदर्शी वित्तीय प्रतिबद्धता पर जोर दिया गया है। इस प्रकार 'दिल्ली घोषणा' ने उन कमियों को रेखांकित किया है जिनके चलते जलवायु परिवर्तन से निपटने में वैश्विक सहयोग में बाधा आ रही है। वर्तमान परिस्थितियों पर गौर करते हुए इस घोषणा में अपनी स्थानीय परिस्थितियों का ध्यान रखते हुए सारी दुनिया के सहयोग का आह्वान किया गया है।




# भारत-कनाडा रिश्तों में कड़वाहट

> "एक कड़े संदेश में, पीएम मोदी ने अपने कनाडाई समकक्ष को कनाडा में चरमपंथी तत्वों की भारत विरोधी गतिविधियों को जारी रखने के बारे में चिंताओं से अवगत कराया।"



कुमारदीप बनर्जी
(लेखक, नीति विश्लेषक हैं)

कनाडाई पीएम जस्टिन ट्रूडो पिछले कुछ हफ्तों से काफी गुस्से में हैं। वह जी20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए पिछले सप्ताह नई दिल्ली आए थे, लेकिन घरेलू राजनीति में विदेशी हस्तक्षेप के बारे में उनकी टिप्पणी, कनाडा की धरती से सक्रिय खालिस्तानी अलगाववादी ताकतों के बारे में वास्तविक भारतीय चिंताओं के संदर्भ में, भारत में प्रतिनिधिमंडल के लिए बेहद गर्मजोशी से स्वागत सुनिश्चित किया गया। एक कड़े संदेश में, प्रधानमंत्री मोदी ने अपने कनाडाई समकक्ष को कनाडा में चरमपंथी तत्वों की भारत विरोधी गतिविधियों को जारी रखने के बारे में चिंताओं से अवगत कराया।

वे अलगाववाद को बढ़ावा दे रहे हैं और भारतीय राजनयिकों के खिलाफ हिंसा भड़का रहे हैं, राजनयिक परिसरों को नुकसान पहुंचा रहे हैं, और कनाडा में भारतीय समुदाय और उनके पूजा स्थलों को धमकी दे रहे हैं। संगठित अपराध, ड्रग सिंडिकेट और मानव तस्करी के साथ ऐसी ताकतों का गठजोड़ कनाडा के लिए भी चिंता का विषय होना चाहिए। ऐसे खतरों से निपटने में दोनों देशों का सहयोग करना जरूरी है। फिर, नियति का एक अदृश्य हाथ प्रबल हुआ और कनाडाई प्रधानमंत्री अपने पूरे प्रतिनिधिमंडल के साथ अपने वीवीआईपी विमान में कथित तकनीकी खराबी के कारण 36 घंटे तक नई दिल्ली में फंसे रहे।

कनाडाई पीएम ने इस हफ्ते अपने देश लौटकर भारत पर उनके देश में खालिस्तानी आतंकवादी की हत्या की साजिश रचने का आरोप लगाया। हालांकि, श्री ट्रूडो के बयान में सावधानीपूर्वक आतंकवादी शब्द को नागरिक से बदल दिया गया। इससे भारत और कनाडा के बीच राजनयिक गतिरोध बढ़ गया। नई दिल्ली ने जवाब दिया, इस तरह के निराधार आरोप खालिस्तानी आतंकवादियों और चरमपंथियों से ध्यान हटाने की कोशिश करते हैं, जिन्हें कनाडा में आश्रय दिया गया है और जो भारत की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के लिए खतरा बने हुए हैं। इस मामले पर कनाडाई सरकार की निष्क्रियता लंबे समय से चली आ रही है। जैसे को तैसा की कूटनीतिक कार्रवाई में, कनाडा ने पहले एक वरिष्ठ भारतीय राजनयिक को निष्कासित कर दिया, जबकि उसे नई दिल्ली में भी इसी तरह की जवाबी कार्रवाई का सामना करना पड़ा। यह भारत-कनाडाई रिश्ते के लिए मंच तैयार करता है, जो पिछले कुछ समय से अपने निचले स्तर से गुजर रहा है। भारत और कनाडा व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते (सीईपीए) के नाम पर सक्रिय व्यापार वार्ता कर रहे थे। सीईपीए को कमजोर साझेदारियों को बहुत जरूरी आर्थिक ताकत प्रदान करनी थी, भले ही दोनों तरफ राजनीतिक चिंताएं जोरों से बढ़ रही थीं। कई सूत्रों ने बताया कि कनाडा ने कुछ महीने पहले भारत को कोई आधिकारिक सूचना दिए बिना प्रस्तावित सीईपीए वार्ता पर रोक लगा दी थी, इस बीच, नई दिल्ली के अधिकारियों ने वार्ता में रोक की पुष्टि की।

भारत कनाडा के लिए महत्वपूर्ण व्यापार साझेदारों में से एक है, हालांकि चीन की तुलना में यह एक छाया है जिसने एक बड़ा हिस्सा ले लिया है। एक महत्वपूर्ण कदम में, कनाडा और चीन ने कुछ महीने पहले एक-दूसरे की घरेलू राजनीति और नीतियों में हस्तक्षेप का हवाला देते हुए एक-दूसरे के वरिष्ठ राजनयिकों को निष्कासित कर दिया था। कनाडा में चीन और भारत की तुलनात्मक प्रवासी आबादी है और इससे दोनों देशों पर घरेलू राजनीति को प्रभावित करने के लिए अपनी प्रवासी आबादी का उपयोग करने का आरोप लगा है।

हालांकि, कनाडा का चीन के प्रति नरम रवैया है और वह उसके मानवाधिकारों के उल्लंघन पर चीन को उपदेश देने से आगे नहीं बढ़ता है। कनाडा ने पिछले साल जारी अपनी इंडो-पैसिफिक नीति में चीन को इंडो-पैसिफिक में एक प्रमुख विघटनकारी खिलाड़ी के रूप में मान्यता दी थी और इसलिए वह अपने घरेलू हितों को ध्यान में रखते हुए ड्रैगन के प्रति एक संतुलित दृष्टिकोण की वकालत करता है। उल्लेखनीय है कि चीन की सरकारी कंपनियों की कनाडा की तीन सबसे बड़ी खनन कंपनियों में हिस्सेदारी है, जो महत्वपूर्ण धातुओं की खोज में शामिल हैं। भले ही चीन-कनाडा संबंधों में कड़वाहट है, लेकिन नई दिल्ली से हाल ही में आई ठंडक के कारण प्रधानमंत्री को अपने घरेलू निर्वाचन क्षेत्र में प्रतिष्ठा बचाने के लिए एशिया में नए सहयोगियों की तलाश करनी पड़ेगी।



# आप की बात

## महिला आरक्षण बिल

**महिला आरक्षण बिल** गत 25 वर्षों से धूल खा रहा था। लोकसभा में कई बार पेश होने के बावजूद दृढ़ता के अभाव में व आरक्षण में आरक्षण की मांग के चलते यह पास नहीं हो सका। जब बीजेपी ने इसे संकल्प पूर्वक लोकसभा में रखा तो अपेक्षा से भी अधिक भारी बहुमत से यह बिल पास हुआ। राज्यसभा में पूर्ण समर्थन और ज्यादा आश्चर्यजनक रहा। महिलाओं की भावना है कि जब आबादी का 50 प्रतितश हिस्सा महिलाओं का है तो आरक्षण में उनको आधा हिस्सा मिले। हालांकि 33 प्रतिशत आरक्षण से भी सदन में महिलाओं की संख्या वर्तमान संख्या से कई गुना ज्यादा होगी। भविष्य में आरक्षण का प्रतिशत बढ़ाया भी जा सकता है। महिला आरक्षण बिल पास होने के बाद अब महिलाओं को भी कमर कस कर राजनीति के मैदान में उतरना होगा। वर्तमान माहौल में दृढ़ निश्चय और आत्मबल वाली महिलाएं ही राजनीति में अपना स्थान बना सकती हैं। अनेक महिलाओं को तो परिवार में भी दोयम दर्जे का व्यवहार झेलना पड़ता है। अब सभी दलों को पर्याप्त टिकट व संगठन में स्थान देकर महिलाओं को राजनीति में आगे आने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए। यह उनके लिए परीक्षा और चुनौती का अवसर भी है कि वे अपने वादों पर कहां तक खरे उतरते हैं।

– **सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

## योगी आदित्यनाथ का प्रयास

**भारत** का बुद्ध अंतरराष्ट्रीय सर्किट ग्रेटर नोएडा, उत्तर प्रदेश दुनिया का एक रोमांचकारी रेसिंग स्पोर्ट्स सेंटर है। मुख्यमंत्री मायावती के कार्यकाल में यहां 2011 में फॉर्मूला वन रेस का आयोजन हुआ था। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रशंसा करनी चाहिए जिनके नेतृत्व में यहां मोटो जीपी मोटर बाइक रेस का आयोजन किया जा रहा है। इस खेल प्रतियोगिता से न केवल भारत का अंतरराष्ट्रीय खेल जगत में नाम रोशन होगा, बल्कि भारत को विदेशी मुद्रा भी मिलेगी। प्रदेश सरकार पर्यटन बढ़ाने के दृष्टिकोण से अनेक एडवेंचर स्पोर्ट को बढ़ावा दे रही है। मोटोरेस उसी दिशा में एक कदम है। योगी आदित्यनाथ उत्तर प्रदेश के सर्वांगीण विकास में अनेक महत्वपूर्ण कदम उठा रहे हैं। राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने उत्तर प्रदेश के अंतरराष्ट्रीय व्यापार उत्सव का उद्घाटन किया है। इससे उत्तर प्रदेश के हर जिले के उत्पादों को अंतरराष्ट्रीय बाजार मिलेगा तथा प्रदेश में देशी-विदेश निवेश भी आएगा। प्रदेश के पर्यटन विकास में सांस्कृतिक धरोहरों का उल्लेखनीय योगदान है। अयोध्या में भव्य राम मंदिर कुछ महीने बाद सारी दुनिया के लोगों को आकर्षित करेगा।

– **वीरेंद्र कुमार जाटव,** दिल्ली

## कैदियों का कल्याण

**सुप्रीम कोर्ट** ने लंबे समय से जेल में बंद उन कैदियों को रिहा करने की बात कही है जो लम्बे समय तक जेल में रहकर काफी हद तक सुधर जाते हैं। ऐसा न करना उनके सामान्य एवं जीवन जीने के मौलिक अधिकारों का उल्लंघन होगा। लंबे समय से जेल में बंद कैदियों को समय से पहले रिहाई की राहत से वंचित करना समाज के क्षमा न करने की आदत को भी दिखाता है। इससे कैदियों को सुधरने की प्रेरणा भी नहीं मिलती है। भारत में जेल सुधार और कैदियों के कल्याण के अनेक कदम अतीत में उठाए गए हैं। यदि सुप्रीम कोर्ट जेल में लंबे समय से बंद, अपने अपराध का प्रायश्चित कर चुके तथा काफी सीमा तक सुधर चुके कैदियों की रिहाई के लिए कोई व्यापक दिशा-निर्देश देता है तो उसे स्वीकार किया जाना चाहिए। दुनिया भर में कैदियों के कल्याण के अनेक उपाय किए गए हैं और भारत में भी खुली जेलों का प्रयोग हुआ है। लेकिन विडंबना है कि प्रशासनिक लापरवाही, सुस्ती या संवेदनहीनता के चलते आज भी भारतीय जेलों में विचाराधीन कैदियों की संख्या बहुत अधिक है जो अपनी गरीबी के कारण कानूनों का लाभ नहीं उठा पाते हैं।

– **मनमोहन राजावत,** शाजापुर

## आर्टीफिशियल इंटेलीजेंस

**आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस**-एआई अभी प्रारंभिक दौर में है और उसके द्वारा मानव की गंभीर समस्याओं का समाधान शुरू हो गया है। हम कल्पना कर सकते हैं कि अगले एक दो दशक में एआई मानव जीवन को स्वस्थ, दीर्घजीवी और शक्तिशाली बनाने के साथ-साथ जीवन के लिए उपयोगी सभी क्षेत्रों में अपना कमाल दिखाएगा। बीमारियों के इलाज, विषाणुओं के लिए टीके, इंजीनियरिंग, विज्ञान, साहित्य, आदि हर जगह एआई अपना जलवा दिखाता रहेगा। बस डर इसी बात का है कि कहीं तानाशाही देश इस तकनीक के जरिए मानव के विध्वंस का सामान तैयार न करने लगें। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस-एआई से रोजगारों में कमी की आशंका भी निरर्थक है क्योंकि रोजगार तो बढ़ेंगे ही बस उनका तरीका और तकनीक अलग ढंग के होंगे। एआई तथा अन्य आधुनिकतम तकनीकों के मानवीय प्रयोग के लिए स्कूली शिक्षा से ही उनको समाहित करना तथा इनके प्रयोग पर नियंत्रण के लिए कठोर नियामकीय व्यवस्थायें बनाना जरूरी हो गया है। ऐसा करके ही हम नई तकनीकों का लाभ उठा सकते हैं।

–**विभूति बुपक्या,** खाचरोद

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

# मंडलायुक्त ने की मंडलीय उद्योग बंधु समिति बैठक की अध्यक्षता, दिये निर्देश

● समस्याओं के प्राथमिकता से निस्तारण पर दिया जोर

**संवाददाता।** प्रयागराज



**मण्डलायुक्त** विजय विश्वास पंत की अध्यक्षता में शुक्रवार को गांधी सभागार में मण्डलीय उद्योग बंधु समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में निवेश मित्र पोर्टल पर प्राप्त प्रकरणों प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम मुख्यमंत्री युवास्वरोजगार योजना अप्रेंटिस के लम्बित भुगतान के सम्बंध में एक जनपद एक उत्पाद योजना ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट 2023 में मण्डल अधीनस्थ जनपदों में विभागवार प्राप्त निवेश प्रस्ताव सहित अन्य विषयों की बिंदुवार समीक्षा की गयी। मण्डलायुक्त ने उद्यमियों एवं निवेशकों की समस्याओं को शीर्ष प्राथमिकता पर निस्तारण किए जाने का निर्देश सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को दिया है। मण्डलायुक्त ने कहा कि उद्योग धंधों को बढ़ावा देना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि उद्यमियों की समस्याओं के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही एवं उदासीनता न बरती जाये। मण्डलायुक्त ने निवेश मित्र पोर्टल पर प्राप्त प्रकरणों को निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत अनिवार्य रूप से निस्तारित किए जाने का निर्देश दिया है। प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम एवं मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के तहत जनपद प्रतापगढ़ में कम आवेदन पत्र प्राप्त होने पर मण्डलायुक्त ने कैम्प लगाकर ज्यादा से ज्यादा लोगों को योजना से लाभान्वित कराये जाने का निर्देश दिया है।

मण्डलायुक्त ने बैंकों में लम्बित आवेदन पत्रों को शीघ्रता से निस्तारित करने एवं स्वीकृत लाभार्थियों के ऋण वितरण की कार्रवाई शत.प्रतिशत सुनिश्चित किए जाने का भी निर्देश दिया है। प्रयागराज में अप्रेंटिसो के पुराने लम्बित बिलों के भुगतान न होने के कारणों की जांच के लिए जिलाधिकारी द्वारा पूर्व में गठित कोषाधिकारी सहायक उपायुक्त उद्योग एवं जिला सेवायोजन अधिकारी टीम को प्रकरण की जांच की रिपोर्ट 5 अक्टूबर तक प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है।

# केंद्रीय रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव से मिलीं सांसद रीता बहुगुणा जोशी

● मुख्यालय प्रयागराज में कार्यरत कर्मचारियों के समायोजन को लेकर की भेंट



**प्रयागराज।** भाजपा सांसद प्रोफेसर डॉ रीता बहुगुणा जोशी ने आज केंद्रीय रेल विद्युतीकरण के मुख्यालय प्रयागराज में कार्यरत कर्मचारियों के समायोजन को लेकर नई दिल्ली में भारत सरकार के रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव से मुलाकात की। उन्होंने रेलवे बोर्ड के आदेश द्वारा कोर एवं अधीन सभी परियोजनाओं को क्रमवार बंद करने और कर्मचारियों को उनके मूल रेलवे में वापस करने का आदेश जारी किया गया है। जिससे लगभग 250 कर्मचारी प्रभावित हो रहे हैं। इसे लेकर सांसद डॉ जोशी ने रेल मंत्री से चर्चा की।

गौरतलब है कि गत दिनों भगवान तिवारी ने कर्मचारियों के अनुभव को ध्यान में रखते हुए केंद्रीय रेल विद्युतीकरण प्रयागराज में लंबे समय से कार्यरत कर्मचारियों को जोनल रेलवे उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज को दिए गए हाई स्पीड एवं कवच के कार्य को कोर कर्मचारियों एवं अधिकारियों द्वारा कराया जाए या उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज में समाहित करवाने हेतु सांसद प्रो रीता बहुगुणा जोशी से मिलकर ज्ञापन दिया था। इसी संदर्भ में आज प्रोफेसर डॉ रीता बहुगुणा जोशी ने रेलमंत्री अश्वनी वैष्णव से नई दिल्ली में मुलाकात कर समस्याओं से अवगत कराया।

# एनसीआर मुख्यालय में हुआ स्वरचित कविता पाठ प्रतियोगिता का आयोजन

● 29 सितंबर को राजभाषा पखवाड़ा मुख्य समारोह में सम्मानित होंगे विजेता

**संवाददाता।** प्रयागराज




**हिंदी** दिवस के उपलक्ष्य में उत्तर मध्य रेलवे के मुख्यालय में 14 सितंबर से आयोजित राजभाषा पखवाड़े के अंतर्गत आज स्वरचित कविता पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता में महाप्रबंधक कार्यालय सहित मंडलों एवं कारखानों के विभिन्न विभागों में कार्यरत कर्मचारियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों ने समसामयिक एवं सामाजिक सरोकार से संबंधित विषयों पर गीत गजल और कविताओं की भावपूर्ण एवं प्रभावशाली प्रस्तुति की। प्रतियोगिता में वित्त सलाहकार एवं मुख्य लेखा अधिकारी आदित्य जोशी तथा मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक राजेश कुमार निर्णायक के रूप में उपस्थित थे। प्रतियोगिता में ब्रजेश कुमार शर्मा उप मुख्य टिकट निरीक्षक झाँसी मंडल को प्रथम स्थान सुदेश राव वरिष्ठ सेक्शन इंजीनियर झांसी कारखाना को द्वितीय स्थान तथा रामराजा यादव हेल्पर झांसी कारखाना को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।

निर्णायक मंडल के सदस्यों ने प्रतियोगिता के उपरांत प्रतिभागियों के काव्यपाठ हेतु चुने गए विषयों की सराहना की। वित्त सलाहकार एवं मुख्य लेखा अधिकारी वित्त एवं बजट आदित्य जोशी ने कहा कि कविता में नए प्रयोग एवं युगीन भाषा होनी चाहिए। कविता को पढ़ने और सुनने के बीच फ़ासला नहीं होना चाहिए। नए कवियों की कविता में नयापन है। इसमें समसामयिक मुद्दों और विषयों के निदान की भी पहल होनी चाहिए। दोनों प्रतियोगिताओं के पुरस्कार विजेता कर्मचारियों को 29 सितंबर को आयोजित राजभाषा पखवाड़ा मुख्य समारोह में पुरस्कृत किया जाएगा।

# सांसद प्रवीण व विधायक अनिल ने मांग पत्रों के साथ नितिन गडकरी से की भेंट



**संतकबीरनगर।** सांसद प्रवीण निषाद एवं विधायक मेंहदावल अनिल त्रिपाठी ने शुक्रवार को केन्दीय राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से भेंट कर संसदीय क्षेत्र एवं मेंहदावल विधानसभा क्षेत्र के मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुन्दरीकरण के लिए अनुरोध पत्र दिये। भारत सरकार के सड़क परिवहन, राजमार्ग, जहाजरानी, जल संरक्षण मन्त्री, कर्मठता के प्रर्याय, नितिन गडकरी से सांसद ई प्रवीण निषाद के साथ शिष्टाचार भेंट के अनुक्रम में पुष्पगुच्छ प्रदान कर मार्गदर्शन एवं आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर मन्त्री से गोरखपुर, महराजगंज, सिद्धार्थनगर को जोड़ने वाली के विधानसभा मेंहदावल के निम्नवत सड़को के चौड़ीकरण-सुदृढ़ीकरण के सम्बन्ध में निवेदन किया।

बासी, नन्दौर (बेलौहा) से अतरीनानकार अन्य जिलामार्ग ल-17.55 किमी, राजेडीहा, बौरव्यास हरैया, मुसहरा होते हुये बीएमसीटी किमी 46 तक अन्य जिलामार्ग ल0-19.75 किमी0, राष्ट्रीय राजमार्ग 328 बस्ती, मेंहदावल, कैम्पियरगंज, तमकुही राजमार्ग के संसोधित संरेखण के अनुसार राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण कार्य को शुभारम्भ कराने के सम्बन्ध में पत्राचार के माध्यम से निवेदित किया।

## 20 लाख से अधिक के निर्माण कार्यों की डीएम ने की समीक्षा

**श्रावस्ती।** निर्माणाधीन विकास कार्यो को तेजी से कराकर गुणवत्तापूर्ण ढंग से उन्हें पूरा कराया जाय निर्माणाधीन विकास कार्यो में जिले के ही श्रमिकों को निर्माण कार्य में लगाया जाय ताकि उन्हें रोजी.रोजगार के लिए इधर.उधर भटकना न पड़े और सरकार की मंशा के अनुरूप उन्हें जिले में ही रोजगार मिल सके। जिले में निर्माणाधीन विकास कार्यों में शिथिलता कदापि न बरती जाय और समय सीमा के अन्तर्गत उनको हर हाल में पूरा किया जाय क्योकि निर्माणाधीन विकास कार्यों में यदि समय बढ़ता है तो उनके लागत में भी बढ़ोत्तरी होती है। इसलिए सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों व कार्यदायी संस्थाओं के परियोजना प्रबंधकों का दायित्व बनता है कि वे अपने विभागों से सम्बन्धित हो रहे निर्माण कार्यों को मौके पर जाकर देखे और गुणवत्तायुक्त ढंग से उन्हें पूरा कराये। उक्त निर्देश कार्यदायी संस्थाओं से सम्बन्धित 20 लाख से अधिक लागत के निर्माणाधीन विकास कार्यो की गहन समीक्षा में डीएम ने दिये हैं।

# स्वास्थ्य सेवाओं पर डीएम का विशेष फोकस की संचारी रोग नियंत्रण कार्यों की समीक्षा

**संवाददाता।** संतकबीरनगर




**जिलाधिकारी** महेन्द्र सिंह तंवर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान की बैठक आयोजित हुई। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी संत कुमार उपस्थित रहे। बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 अनिरुद्ध कुमार सिंह द्वारा बताया गया कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन/राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद में दिनांक 01 अक्टूबर से 31 अक्टूबर 2023 तक विशेष संचारी रोग नियंत्रण/दस्तक अभियान चलाया जाएगा।

उन्होंने बताया कि इसमें स्वास्थ्य विभाग सहित अन्य सम्बंधित विभागों की समन्वयता के साथ संचारी रोग नियंत्रण कार्यक्रम/दस्तक अभियान व जन जागरूकता कार्यक्रम के बारे में आम जनमानस को जागरूक करने के साथ-साथ वेक्टर वार्न डिजीज सहित अन्य संचारी रोगों की स्थिति, बचाव, उपचार के बारे में जागरूक किया जाएगा। जिलाधिकारी ने संचारी रोग नियंत्रण/दस्तक अभियान हेतु चलाये जा रहे अभियान एवं प्रयासों आदि में जनपद की प्रगति के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए सभी सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों एवं चिकित्साधिकारियों को निर्देश दिए कि आपसी समन्वयता बनाकर अभियान के उद्देश्यों की पूर्ति हेतु ग्रामीण स्तर पर कार्यरत स्वास्थ्य कर्मी घर-घर जाकर लोगो को जागरूक करें। उन्होंने कहा कि संचारी रागों पर नियत्रंण की दिशा में स्वास्थ्य विभाग सहित सभी सम्बंधित विभागों को ग्रामीण स्तर पर ग्रास रूट लेवल पर कार्य करने की जरूरत है।

मुख्य चिकित्साधिकारी ने बताया कि दस्तक अभियान के तहत ग्रामीण स्तर पर कार्यरत स्वास्थ्य कर्मी एवं आगनवाड़ी कार्यकत्री द्वारा घर-घर जाकर ए0ई0/जे0ई0/बुखार रोगियों को चिन्हित करना एवं उनको तेज बुखार होने पर 102/108 एम्बुलेंस द्वारा नजदीकी सीएचसी/पीएचसी पर भेजने का कार्य किया जाएगा।

## क्विक न्यूज

### कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष का प्रयागराज में हुआ भव्य स्वागत

**प्रयागराज।** कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के इलाहाबाद आगमन पर आज कांग्रेस नेताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। श्री राय वाराणसी से सड़क मार्ग द्वारा प्रयागराज जिला कचेहरी में मुकदमे के सिलसिले में आये थे। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शहर अध्यक्ष प्रदीप मिश्र अंशुमन के नेतृत्व में दर्जनों वाहनों से सरायइनायत में उनकी आगवानी की। इस मौके पर जिलाध्यक्ष यमुनापर अरुण तिवारी और गंगापर सुरेश यादव भी मौजूद रहे। सभी कार्यकर्ता अजय राय को लेकर प्रयागराज कचेहरी पंहुचे। कार्यकर्ताओं ने उन्हें फूल मालाओं से लाद दिया। जहां से श्री राय सड़क मार्ग से ही लखनऊ के लिए निकल गए। इस अवसर पर प्रभारी महासचिव राघवेन्द्र प्रताप सिंह सचिव उज्वल शुक्ला रघुनाथ द्विवेदी लल्लन पटेल अनिल तिवारी काजी अर्शी सुशील मिश्र इरशाद उल्ला भोले सिंह विनय पांडेय महेश त्रिपाठी देवी पांडेय माधवी राय अब्दुल कलाम साधु चरण तिवारी आफरीन अंजुम नाज पूनम यादव निशांत रस्तोगी सूरज शुक्ला आशीष पांडेय आदि रहे।

### युवाओं के लिए बड़ा आकर्षण

**कानपुर।** बीएमडब्ल्यू गोल्फकप 2023 टूर्नामेंट के नेशनल फाइनल्स का समापन गुरुग्राम स्थित डीएलएफगोल्फऔर कंट्री क्लब में हुआ। इस प्रतिष्ठित एमेचर गोल्फटूर्नामेंट में 39 क्षेत्रीय टूर्नामेंट विजेताओं ने शानदार फिनाले में अपनी श्रेष्ठता के लिए मुकाबला किया। अरहान नन्दा, अक्षय ओझा और ऊना खन्ना नेशनल फाइनल के विजेता हैं। ये सभी बीएमडब्ल्यू गोल्फकप के फाइनल में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे, जिसका आयोजन दक्षिण अफ्रीका में होना निर्धारित है। विक्रम पावाह प्रेसिडेंट ने कहा कि गोल्फकप एक दशक से अधिक समय से आयोजित हो रहा है और यह हमारे वर्तमान एवं भावी ग्राहकों के लिए आज भी युवा एवं आकर्षक बना हुआ है।

### कलाकारों की प्रस्तुतियों ने लोगों का मोहा मन

**प्रयागराज।** पिछले सीज़न की धमाकेदार सफलता के बाद ज़ी टीवी के प्रतिष्ठित सिंगिंग रियलिटी शो सारेगामापा ने एक धमाकेदार वापसी की है। जिसमें हिमेश रेशमिया नीति मोहन और अनु मलिक बतौर जज नजर आ रहे हैं और आदित्य नारायण होस्ट की भूमिका निभा रहे हैं। इस वीकेंड दर्शकों को गणेश उत्सव स्पेशल एपिसोड देखने को मिलेगा। सारेगामापा का गणेश उत्सव स्पेशल एपिसोड इस शनिवार और रविवार रात नौ बजे सिर्फज़ी टीवी पर आएगा। यादगार एपिसोड में निष्ठा शर्मा और रोनिता बनर्जी मिलकर एक दिलकश डुएट गाएंगे और आजा नचले और मेरा पिया घर आया जैसे गानों पर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर देंगे। इसके बाद सबको हैरान करते हुए अभिनेत्री माधुरी दीक्षित सभी की मांग पर मंच पर आएंगी और जज नीति मोहन और सारे टैलेंटेड कंटेस्टेंट्स के साथ मिलकर इस शानदार गाने पर जोरदार डांस करेंगी।

### किसानों के सामने आने वाली चुनौतियों का होगा समाधान

**प्रयागराज।** ग्रामीण फाउंडेशन ने घोषणा की है कि भारत में डिजिटल इनोवेशन द्वारा सक्षम मार्केट एक्सेस मंडी परियोजना के दूसरे चरण को लांच करके छोटे किसानों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को बढ़ाएगा। जिसे वॉलमार्ट फाउंडेशन के टू मिलियन डॉलर के अनुदान ने संभव बनाया है। मंडी द्वितीय का उद्देश्य किसान उत्पादक संगठनों एफपीओ की क्षमताओं का निर्माण करके पूर्वी उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल में छोटे किसानों विशेषकर महिलाओं के सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान करना होगा। मंडी प्रोजेक्ट के पहले चरण के दौरान जिसे वॉलमार्ट फाउंडेशन का समर्थन मिला। ग्रामीण फाउंडेशन ने पूर्वी उत्तर प्रदेश में चालीस एफपीओ की क्षमता बढ़ाने में मदद की बाजार के संचालन को सुविधापूर्ण बनाने में सहायक हुए और वित्त डेटा और प्रौद्योगिकी तक पहुँच प्रदान की। विशेष रूप से महिला शेयर होल्डरों की भागीदारी में वृद्धि की गई। यह ग्रामीण द्वारा रिपोर्ट किए गए मंडी प्रथम चरण की उपलब्धियों में शामिल है।

### बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में बीबीपुर विद्यालय के छात्रों का दबदबा

**बसखारी, अम्बेडकर नगर।** शिक्षा क्षेत्र बसखारी के अन्तर्गत न्याय पंचायत मसडा मोहनपुर में परिषदीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन नोडल शिक्षण संकुल सलाहुद्दीन के निर्देशन में तथा ग्राम प्रधान बीबीपुर दुर्विजय सिंह एव ग्राम प्रधान मसडा मोहनपुर अयोध्या प्रसाद और रामकेश मौर्य व्यायाम शिक्षक के सुपरविजन में तथा न्याय पंचायत के समस्त प्रधानाध्यापक सहायक अध्यापक अनुदेशक के उपस्थिति में संपन्न हुआ इस कार्यक्रम में न्याय पंचायत के समस्त विद्यालय के बच्चों ने प्रतिभाग किया। 50 मी की दौड़ में प्राथमिक विद्यालय के छात्र कुणाल यादव प्राथमिक विद्यालय बीबीपुर प्रथम बालिका वर्ग में खुशी बीबीपुर 100 मीटर की दौड़ में उच्च प्राथमिक स्तर पर बालक वर्ग शिवा पटेल बीबीपुर बालिका वर्ग में प्रतिमा भी 200 मीटर की रेस में प्राथमिक स्तर पर बालक वर्ग में अमन बीबी पुर बालिका वर्ग में शिवानी बीबीपुर उच्च प्राथमिक स्तर पर 400 मीटर की दौड़ में शिव पटेल बीबीपुर बालिका वर्ग में प्रियंका यूपीएस मसाला मोहन पुर ने स्थान प्राप्त किया।

## पुलिस लाइन चिल्ड्रेन पार्क का एसपी ने किया उद्घाटन

**श्रावस्ती**, भिनगा। पुलिस लाइन भिनगा चिल्ड्रन पार्क का पुर्निनिर्माण कराया गया है जिसका उद्घाटन पुलिस अधीक्षक सुश्री प्राची सिंह द्वारा किया गया। इस पार्क में बच्चों के झूलने के लिए विभिन्न प्रकार के झूला जैसे स्लाइड ट्रैम्पोलाइन स्प्रिंग राइडर सी शाण् जंगल जिम पाइरेट शिप फेरी व्हील डबल स्विंग अन्य कई प्रकार के खेल खेलने के लिए उपकरण बच्चों के बैठनें हेतु चिल्ड्रेन बेंच तथा बच्चों के उत्साहवर्धन हेतु स्टैचू भी लगाए गए हैं। साथ ही साथ पर्यावरण का पूरा ख्याल रखने के लिए पार्क में हरे.भरे फूलदार फलदार व सुंदरता को बढ़ाने के लिए विभिन्न प्रकार के पेड़ भी लगाए गए हैं। पार्क बन जाने से उद्घाटन में पहुंचे सभी बच्चे उमंग व उत्साह से खेलते नजर आए स्वच्छ व सुंदर वातावरण में बच्चों को खेलते हुए देख उनके परिजन भी काफी उत्साहित दिखे। एसपी ने कहा कि पढ़ाई के साथ .साथ बच्चों के लिए खेल भी जरूरी होता है।

# विधिक साक्षरता शिविर आयोजित कर ग्रामीणों को किया जागरूक



**संतकबीरनगर।** जिला न्यायाधीश व अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनिल कुमार वर्मा के निर्देशन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव/न्यायिक अधिकारी विकास गोस्वामी की अध्यक्षता में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिले के आखिरी सीमा ग्राम पंचायत मौर तिघरा, विकास खण्ड हैंसर बाजार तहसील धनघटा में जय नारायण इण्टर कॉलेज मौर में विधिक सेवा साक्षरता कार्यक्रम, सचिव/अपर जिला न्यायाधीश विकास गोस्वामी बतौर मुख्यातिथि के रूप में शामिल हुए तथा ग्राम वासियों को कानूनी जानकारी दी।

उन्होंने बताया की प्रत्येक नागरिक को अपने कानूनी अधिकार एवं साक्षर होना जरूरी है। जिला प्राधिकरण में संचालित हो रहे प्री लिटिगेशन सिस्टम, एवं एडीआर तंत्र के बारे में जानकारी हुए बताया की यदि किसी परिवार में आपकी विवाद अथवा मतभेद है तो वो परिवार मध्यस्थता केंद्र में आकर आपने मामले को सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित करवा सकते हैं, इस प्रक्रिया में किसी भी पक्ष का कोई शुल्क नहीं लगता तथा होने वाले फैसले को न्यायालय की डिक्री के समान समझा जाता है।

# जिलाधिकारी ने की फ्लैगशिप राजस्व एवं विकास कार्यों की मासिक समीक्षा

**संवाददाता।** अयोध्या

**जिलाधिकारी** ने मासिक समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री डैशबोर्ड की माह अगस्त की रैंकिंग में प्राप्त जनपद के प्रथम स्थान को बरकरार रखने हेतु समस्त सम्बंधित विभागों को निरन्तर बेहतर कार्य करने के निर्देश दिये। उन्होंने विकास कार्यो की समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना में डी श्रेणी प्राप्त होने पर जिला ग्रामोद्योग अधिकारी श्री राम सहाय प्रजापति पर नाराजगी व्यक्त की तथा मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना में प्राप्त आवेदनों को शीघ्र गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित कर प्रगति में सुधार लाने के निर्देश दिये।

इस दौरान जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री आवास योजना में प्रगति बी श्रेणी में पाये जाने पर इसमें सुधार लाने के निर्देश दिये। बैठक में जिलाधिकारी ने सरकार द्वारा संचालित समस्त योजनाओं को पारदर्शी ढंग से संचालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर बीए सी व डी श्रेणी में आने वाले परियोजनाओं से संबंधित विभागों के अधिकारियों को प्रगति में सुधार लाने तथा परियोजनाओं के प्रगति की फीडिंग भी सही व समय पर सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये।

जिलाधिकारी ने ऑपरेशन कायाकल्प के अन्तर्गत कायाकल्प के समस्त मानकों से अवशेष रहे विद्यालयों को भी कायाकल्प के समस्त मानकों से आच्छादित करने के कार्य को शीघ्र पूर्ण कराने हेतु जिला बेसिक अधिकारी को निर्देशित किया। राजस्व की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने डिजि शक्ति योजना से लाभान्वित बच्चों से रैंडमली बात कर क्रॉस चेक भी करने को कहा। सभी जनपद स्तरीय अधिकारी व उपजिलाधिकारी समस्त विभागों से समन्वय कर प्रकरणों के निस्तारण पर ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वामित्व योजना के तहत ड्रोन सर्वे कर घरौनी तैयार करने के कार्य में भी सुधार लाने हेतु सभी उप जिलाधिकारियों को निर्देशित किया।

इस दौरान जिलाधिकारी ने जनसुनवाई व आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त होने वाले प्रकरणों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने तथा विस्तृत एवं स्पष्ट आख्या पोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश दिये।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती अनिता यादवए ज्वाइंट मजिस्ट्रेट सदर विशाल कुमार, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ संजय जैन, मुख्य राजस्व अधिकारी, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व, जिला विकास अधिकारी, व समस्त उपजिलाधिकारियों सहित अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# अयोध्या को विश्व स्तरीय पर्यटन नगरी के तौर पर विकसित किये जाने के प्रयास जारी



**अयोध्या।** मण्डलायुक्त गौरव दयाल ने अयोध्या धाम को विश्व स्तरीय पर्यटन नगरी के रूप में विकसित करने तथा यहां आने वाले श्रद्धालुओं व पर्यटकों को ठहरने एवं खान.पान सम्बंधित विभिन्न सुविधायें सुगमता से उपलब्ध कराये जाने के दृष्टिगत अयोध्या के गुप्तारघाट के समीप सरयू नदी के निकट 75 एकड़ से अधिक क्षेत्रफल में अयोध्या विकास प्राधिकरण द्वारा प्राइवेट संस्था के माध्यम से विकसित की जाने वाले श्रीराम चलित मानस अनुभव केन्द्र के लिए चयनित स्थल का निरीक्षण किया। इस अनुभव केंद्र के अंतर्गत श्रीराम के जीवन चरित्र के साथ ही उनके जन्मस्थान अयोध्या एवं उत्तर प्रदेश की संस्कृति एवं परम्परा का अनुभव कराया जाएगा।

अनुभव केन्द्र के अन्तर्गत 125 टेंट्स की टेण्ट सिटी के साथ ही राम दरबार, धार्मिक हाट, टायलेट ब्लाक, लैंडस्केप जोन, ओपन सिटिंग, सीता रसोई, श्री राम जल समाधि स्थल, लोक नृत्य स्टेज, म्यूजिक स्टेजए रामलीला इंटरटेरमेंट जोन, सिटिंग प्लाजा, अमरेला सेंड सिटिंग, फायर्स शो स्टेज, अनुभव केंद्र, कलाग्राम, श्री राम जाप पथ, ध्यान गुफा, योगा क्षेत्र, गेस्ट रूम, ओपेन एयर थिएटर, हीलिंग गार्डन, बाजार हाट,फूड कोर्ट इंडोर स्पोर्ट एरिया सहित अन्य सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

## डीएम ने ली राजस्व कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक

**अंबेडकर नगर।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में राजस्व कार्यो की मासिक समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित किया गया। बैठक के दौरान जिलाधिकारी द्वारा राजस्व कार्यों तथा धारा. 24ए धारा 34, धारा 67, धारा, 80, धारा 122 सहित अन्य विंदुओ पर विंदुवार समीक्षा की गई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी द्वारा अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि आम जनमानस के साथ संवेदनशीलता का व्यवहार करें बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने समस्त उप जिलाधिकारीएतहसीलदारए नायब तहसीलदार को निर्देशित किया गया कि अपने कोर्ट पर नियमित रूप से सुनवाई किया जाए।जिससे लम्बित मुकदमों का ज्यादा से ज्यादा यथा शीघ्र निस्तारण हो सके। बैठक के दौरान जिलाधिकारी द्वारा समस्त उप जिलाधिकारीए तहसीलदार को निर्देशित किया गया कि आइजीआरएस प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए गुणवत्तापरक निस्तारण किया जाए।

# अंबेडकर नगर महोत्सव पर आयोजित होगा भव्य कार्यक्रम, तैयारियां हुईं तेज

● बालीबुड पार्श्व गायक कैलाश खेर तथा शबाब सबरी भी करेंगे शिरकत

**अंबेडकर नगर।** जनपद का 28 वां स्थापना दिवस मनाए जाने के संबंध में हवाई पट्टी अकबरपुर अंबेडकर नगर में तैयारिया तेज हो गई है। अंबेडकरनगर महोत्सव पर तीन दिवसीय कार्यक्रम 27, 28 व 29 सितंबर को एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा। जिसके अंतर्गत प्रदेश और देश के प्रसिद्ध कलाकारों को आमंत्रित किया गया।साथ ही साथ जनपद की प्रतिभाओं को भी मंच प्रदान किया जाएगा। इस कार्यक्रम में स्कूली बच्चों को भी प्रतिभा करने के लिए कहा गया है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत बच्चों के मनोरंजन के लिए भी आवश्यक व्यवस्थाएं भी की जाएगी। जिससे जनपद वासी जिसमें महिलाए पुरुष व बच्चे सभी प्रतिभाग कर उत्सव के माहौल में आनंद उठा सकते हैं।

अंबेडकर नगर महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत 27 सितंबर को कैलाश खेर बालीबुड पार्श्व गायक का कार्यक्रम किया जा रहा है। दिनांक 28 सितंबर को बॉलीवुड प्ले बैक सिंगर शबाब सबरी का कार्यक्रम किया जा रहा है। 70 विद्यालयों के छात्रएछात्राओं द्वारा रंगोली, पेंटिंग, लोकगीतए नाटक तथा अन्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। लखनऊ के बाल कलाकार द्वारा भी कार्यक्रम किया जाएगा। 28 सितंबर को कवि सम्मेलन कार्यक्रम में कवि सम्मेलन टीम विनीत चौहान, अलवर, शशिकांत यादव, देवास, कमलेश राजहंस, सोनभद्र, अमन अक्षर, इंदौर, पंकज पलाश, शाजापुर, सुनील व्यास, मुम्बई, निधि गुप्ता कशिश ;जबलपुर आदि कवियों द्वारा प्रतिभाग किया जाएगा।

# खरीफ गोष्ठी व किसान मेले का आयोजन



**अम्बेडकरनगर।**.कृषि सूचना तंत्र के सुद्धरणीकरण एवं कृषक जागरूक कार्यक्रम के अंतर्गत विकासखंड स्तरीय खरीफ गोष्ठी एवं किसान मेले का आयोजन रामनगर विकासखंड परिसर में किया गया।

शुक्रवार को किसान मेले में आयोजित कार्यक्रम में उप संभागीय कृषि प्रसार अधिकारी अपर्णा सिंह ने कहा कि किसान भाई खेतों में उर्वरक तथा रसायन का प्रयोग कम से कम करें इसकी अधिकता से भूमि तत्वों की कमी आ जा रही है।

मेले में कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉण् प्रदीप कुमार ने बताया कि किसान भाई आधुनिक खेती करके अपनी आर्थिक आय बढ़ाएंएसरकार द्वारा समय समय पर विभिन्न योजनाओं के माध्यम से अनुदान के साथ.साथ अन्य माध्यम से सहायता मिल हैए किसानों की आय दोगुनी करने हेतु विभाग द्वारा किसान भाइयों को पारंपरिक खेती के साथ.साथ पशुपालनए कुटकुट पालनए मछली पालनएमोटे अनाज श्री अन्न पर भी ध्यान देकर अपनी आय को बढ़ा सकते हैं। खंड विकास अधिकारी हौसिला प्रसाद ने कहा कि किसानों की समृद्धि के लिए ब्लॉक से जो भी योजनाएं संचालित हो रहे हैं उसका लाभ दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि किसान फसल अवशेष ना जलाएं इसके सदुपयोग डी कंपोजर से अच्छे कंपोस्ट तैयार कर खेत की मृदा शक्ति मजबूत कर सकते हैं। राजकीय कृषि बीज भंडार के प्रभारी सुभाष चंद्र ने बताया कि किसान आधुनिक वैज्ञानिक पद्धतियों से खेती करें जिससे आय में वृद्धि हो।

डॉ विद्यासागर ने कहा की खेती के साथ.साथ मत्स्य पालन एवं पशुपालन कर अधिक लाभ कमा सकते हैंएवहीं दूसरी ओर प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि तथा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत मेले में स्टाल लगाकर किसानों को जानकारी दी गई तथा किसान सम्मान निधि से वंचित किसानों की मौके पर आधार फीडिंग भी की गई।कार्यक्रम में राजकीय कृषि बीज भंडार के सहायक प्रभारी दुर्गेश प्रजापतिए जंग बहादुर दीपचंदए बीटीएम बाबूरामए एटीएम सुरेंद्र साहनीएमंडल अध्यक्ष भाजपा रामनगर अभिषेक निषादएमंडल अध्यक्ष भगवान पांडेएकिसान मोर्चा के उपाध्यक्ष श्यामनाथ शुक्लाए महिला मोर्चा की मंडल अध्यक्ष माला उपाध्याय ने भी अपना विचार व्यक्त किया।

## फसल अवशेष जलाये जाने से होने वाले प्रदूषण को लेकर शासन अति गंभीर

# डीएम ने कहा-रोकथाम के जतन किए जाएं

### एसडीएम के नेतृत्व में तहसीलए ब्लाकए ग्राम स्तर पर चला जागरूकता अभियान

**लखीमपुर खीरी।** फसल अवशेष जलाये जाने से उत्पन्न हो रहे प्रदूषण की रोकथाम के दृष्टिगत शासन अतिगंभीर है। परालीए फसल अवशेष जलाये जाने की सम्भावना के दृष्टिगत फसलों के अवशेष जलाये जाने से उत्पन्न होने वाले प्रदूषण की रोकथाम के लिए डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने अफसरो को सचेत करते हुए अपेक्षित कार्यवाही के लिए निर्देशित किया।

प्राप्त निर्देशों के अनुपालन में शुक्रवार को जिले की सभी तहसीलए ब्लॉकए ग्राम स्तर पर किसानों को फसल अवशेष न जलाने और आसपास के ग्रामीणों व किसानों को इस संदेश व संकल्प को प्रसारित करने हेतु प्रचार प्रसार भी कराया जा रहा। धौरहरा। तहसील धौरहरा के ग्राम कबिरहाए वाली एवं केशवपुर खुर्द मे शुक्रवार को तहसील प्रशासन के तत्वावधान में फसल अवशेष ;परालीद्ध प्रबंधन जागरूकता चौपाल आयोजित हुई। तहसीलदार आदित्य विशाल ने ग्राम वासियों को पराली के समुचित प्रबंधन के लिए जागरूक किया। खेतों में पड़े फसल अवशेष पराली को नहीं जलाने हेतु बताया। उनको पराली जलाने से होने वाले नुकसान से अवगत कराया गया।जागरूकता कार्यक्रम में नायब तहसीलदारए राजस्व परीक्षक एवं लेखपालए बड़ी संख्या में ग्रामीण वासियों द्वारा प्रतिभाग किया। मोहम्मदी। शुक्रवार को तहसील मोहम्मदी ग्राम.पिपरिया धनी के सरदारजी पैलेस में उपजिलाधिकारी डॉण् अवनीश कुमार की अध्यक्षता में पराली प्रबंधन पर बैठक की।

इसके अलावा तहसील प्रशासन ने ग्राम दयानतपुर व पड़रियाए हिम्मतपुरए बनकागांवए सहदेवाए अमरा ने भी पराली जलाने के दुष्प्रभाव बताते हुए पराली प्रबंधन के उपाय बताए।सरदारजी पैलेस में एसडीएम डॉण् अवनीश ने समस्त ग्रामवासियों व किसानों को पराली न जलाने व फसल अवशेष प्रबंधन की विभिन्न तकनीकी विधियों का उपयोग करते हुए फसल अवशेष का निस्तारण कर भूमि की उर्वरा शक्ति को बढ़ाने व सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में बताया तथा किसानों ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस मौके पर राजस्व निरीक्षक सतीश चंद्र मिश्राए लेखपाल रोहित राजए राममूर्ति गिरिए दीपक वर्माए अमरीश राज एरणधीर सिंहएअनूप वर्माए निर्भय वर्मा व कृषि विभाग के कर्मचारी व पलविंदर सिंह व ग्राम प्रधान नरेंद्र कुमारए गुरपाल सिंहए कृष्ण कुमार अवस्थी व क्षेत्रीय किसान गुरजीत सिंहए कुलवंत सिंहए मंदीप सिंह एकृपाल सिंहएआत्माराम उपस्थित रहे।

पलिया। जिले की सुदूरवर्ती तहसील पलिया में परालीध्कृषि अपशिष्ट जलाने की घटनाओं को रोके जाने के लिए एसडीएम कार्तिकेय सिंह के नेतृत्व में पूरे तहसील क्षेत्र में जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। एसडीएम ने थाना सम्पूर्णानगर क्षेत्रान्तर्गत फसलों के अवशेष जलाये जाने से उत्पन्न हो रहे प्रदूषण की प्रभावी रोकथाम हेतु किसानों को जागरूक किया। तहसीलदार पलिया आरती ने ग्राम मन्ना टाण्डा में पराली ध् फसल अवशेष प्रबन्धन हेतु द्वारा बैठक की। नायब तहसीलदार की अध्यक्षता में ग्राम परसपुर एवं गदनिया में पराली ध् फसल अवशेष प्रबन्धन हेतु जागरूकता कार्यक्रम किया गया।

मितौली। मितौली तहसील क्षेत्र में एसडीएम विनीत उपाध्याय के नेतृत्व में किसानों को फसल अवशेष न जलाने और आसपास के ग्रामीणों व किसानों को इस संदेश व संकल्प को प्रसारित करने हेतु प्रचार प्रसार भी कराया जा रहा। एसडीएम विनीत उपाध्याय ने बताया कि एनजीटी व माण् न्यायालय के निर्देश पर उच्चस्तर से पराली जलाने की घटनाओं को सेटेलाइट से मॉनिटरिंग की जा रही है। इसलिए कोई भी किसान फसल अवशेष कदापि ना जलाएं। किसानों का हित सर्वोपरि है। किसान को किसी भी दशा में कोई समस्या नही होगी इसके लिए प्रशासन कटिबद्ध है। किसान भाई पराली न जलाए। इसमें सहयोग करे। इसलिए कोई भी किसान फसल अवशेष कदापि ना जलाएं। किसानों का हित सर्वोपरि है। किसान को किसी भी दशा में कोई समस्या नही होगी इसके लिए प्रशासन कटिबद्ध है। किसान भाई पराली न जलाए। इसमें सहयोग करे। किसान भाई फसल अवशेष को प्रधान के जरिए निकटवर्ती गो आश्रय स्थल भिजवाए। पराली की घटनाओं को पूर्णतया अंकुश लगाने के लिए प्रशासन का सहयोग करें।

## पलिया-भीरा-खुटार मार्ग को गड्ढामुक्ति को त्वरित गति से कराएं गड्ढा मुक्त

### डीएम ने पीडी एनएचएआई पर जताई कड़ी नाराजगी

लखीमपुर खीरी। जिलाधिकारी महेंद्र बहादुर सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को प्रोजेक्ट डायरेक्टर एनएचएआईए बरेली के साथ गड्ढा मुक्त के संबंध में आहूत बैठक हुई। डीएम ने बताया कि प्रोजेक्ट डायरेक्टर एनएचएआई इकाई.बरेली के साथ उनके कार्य क्षेत्र के अन्तर्गत पलिया.भीरा.खुटार मार्ग को गड्ढामुक्ति के सम्बन्ध में पूर्व में जारी पत्रों पर विस्तृत चर्चा की। प्रश्नगत् मार्ग के सम्बन्ध में चर्चा करते हुये अवगत कराया कि उक्त मार्ग विगत् लगभग 22 माह से अत्यन्त खराब हैए जिसके सम्बन्ध में अनेक बार एनएसएआई से वार्ता कर सही कराने के लिए निर्देश दिये। उक्त के सम्बन्ध में अनेक पत्र भी जारी किये गये हैं। चूकिं उक्त मार्ग पर्यटन की दृष्टि से अत्यन्त महत्वपूर्ण हैंए जोकि दुधवा नेशनल पार्क को जोड़ता है। मार्ग के अत्यधिक खराब होने के कारण प्रायः दुर्घटनाऐं होती रहती हैंए जिससे जनपद के पर्यटन पर भी असर पड़ता है। निर्देश दिये गये कि उक्त मार्ग को तत्काल गड्ढामुक्त कराते हुये मरम्मत कराई जाये।

डीएम ने बताया कि आयुक्त ने भी अपनी समीक्षा बैठकों में उक्त मार्ग को सही कराने के लिए निर्देश दिये जाते रहे हैं। प्रश्नगत् सड़क के सम्बन्ध में प्रोजेक्ट डायरेक्टर द्वारा अवगत कराया कि मार्ग की कुल लम्बाई 40 किमी के सापेक्ष 11.किमी लम्बाई में ओवरलेय का कार्य तथा पैच रिपेयर का कार्य कराया गया थाए परन्तु बरसात में नये पाटहोल्स बन गये है जिनकी मरम्मत का कार्य कराया जा रहा हैए तथा शेष पैच रिपेयर का कार्य भी शीघ्र पूर्ण कर लिया जायेगा। इसके अलावा डीबीएम एवं वीसी ओवरलेय के कार्य के लिए पृथक से प्रस्ताव तैयार कर उच्चाधिकारियों को अनुमोदन हेतु प्रेषित किया जा चुका है। उपरोक्त के सम्बन्ध में निर्देश दिये कि प्रभावी कार्यवाही की जाये एवं प्रश्नगत् मार्ग को अक्टूबर 2023 तक गड्ढा मुक्त किया जाय। निर्धारित समय.सीमा में प्रश्नगत् सड़क को गड्ढामुक्तध्मरम्मत न होने पर संबंधित के विरूद्ध कार्यवाही प्रस्तावित कर दी जायेगी।

## डिप्लोमा इंजीनियर महासंघ शाहजहाँपुर इकाई निर्वाचित

फ़ोटो 3



**शाहजहाँपुर ।** उ प्र डिप्लोमा इंजीनियर महासंघ शाहजहाँपुर का जनपद अधिवेशन लो नि वि के संघ भवन एकता सदन में आयोजित हुई।संगठन के संरक्षक इं अनिल दीक्षित जी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ।प्रान्तीय महासचिव महासंघ इं जी एन सिंह, मंडल अध्यक्ष महासंघ बरेली इं रनवीर सिंह मंडल अध्यक्ष विधुत ध् यांत्रिक इं यशवीर सिंह, जिला अध्यक्ष महासंघ इं नेत्रपाल सिंह और निवर्तमान जनपद अध्यक्ष सहायक अभियंता इं एम रहमान की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।जनपद अधिवेशन के प्रथम सत्र के उपरांत दूसरे सत्र में चुनाव अधिकारी इं यशवीर सिंह और इं यशवीर सिंह की देख रेख में नई जनपद कार्यकारिणी का चुनाव सम्पन्न हुआ। लो नि वि से इं कुलदीप कुमार को जनपद अध्यक्ष , नलकूप विभाग से उपाध्यक्ष इं रामपाल रविन्द्र गौतम, सिंचाई विभाग के इं बृजेश कुमार जनपद सचिव, लो नि वि के इं ज्ञानेंद्र शर्मा वित्त सचिव, जल निगम के इं अरविंद प्रचार सचिव तथा सिंचाई यांत्रिक से इं ज्योति कन्नौजिया संगठन सचिव बनी।नई जनपद कार्यकारिणी के निर्वाचन की घोषणा चुनाव अधिकारी व मंडल अध्यक्ष बरेली इं रनवीर सिंह द्वारा की गई।नव निर्वाचित कार्यकारिणी को उनके द्वारा शपथ दिलाई। कार्यक्रम का संचालन लो नि वि के जनपद सचिव इं अहमद मुबीन द्वारा किया गया।जनपदीय अधिवेशन में संरक्षक इं अनिल दीक्षित, सहायक अभियन्ता इं सुरेंद्र कुमार राठौर , इं श्याम कुमार मिश्रा , इं ललित कुमार, इं राम औतार, इं सुबोध कुमार, इं प्रभास कुमार, इं कन्हैय्या लाल, इं संजीव कुमार सिंह, इं आशीष कुमार दीक्षित, इं रंजीत सिंह, इं भीमराव, इं जोगेंद्र गंगवार, इं रामेश्वर यादव, इं राकेश कुमार, इं गिरीश बाबू, इं अरविंद त्रिपाठी, इं राहुल कुमार, इं कुमकुम वर्मा, इं अर्चना वर्मा, इं विपिन यादव, इं सुमन यादव,इं सुमित कुमार, कृष्ण कुमार, इं अनिल कठेरिया, इं कृष्ण कुमार,इं संजय कुमार,इं रामभवन आदि उपस्थित रहे।

## महिला बदियों को दिया जा रहा ऑर्गेनिक धूप और दीपक बनाने का गहन प्रशिक्षण



**शाहजहांपुर।** जेल में जय गणेश सेवा समिति के सहयोग से महिला बदियों को स्वावलंबी बनाने के लिए तथा उनमें कौशल विकसित करने के लिए ऑर्गेनिक धूप एवं दीपक बनाने का कार्य का प्रशिक्षण प्रारंभ किया गया । उक्त कार्य में धूप बनाने के लिए सभी प्राकृतिक और ऑर्गेनिक कच्ची सामग्री का प्रयोग किया जाएगा जिसमें गाय का गोबर, वह फूल जो मंदिरों में चढ़ाए जाते हैं तथा जिन्हें उठाकर फेंक दिया जाता है और वह कहीं ना कहीं जाकर गंदगी और प्रदूषण का कारण बनते हैं उन्हें इस्तेमाल किया जाएगा । साथ ही साथ उसमें देसी घी शहद ,बादाम, लॉन्ग, तिल का तेल तथा अन्य प्राकृतिक एवं सुगंधित सामग्री जिसमें चंदन आदि का भी प्रयोग किया जाएगा। इस कार्य में सभी महिलाबंदियों को लगाया गया है तथा उत्पाद को बाजार में बिक्री कर उसे प्राप्त होने वाले लाभांश को महिला बंदियों में ही बांटा जाएगा। इस प्रकार जहां एक तरफ महिला बंदी हुनरमंद एवं आत्मनिर्भर बनेंगी वहीं दूसरी तरफ विभिन्न प्रकार की वह सामग्री जो गंदगी अथवा प्रदूषण का कारण बनती है और जो अन्यथा पवित्र मानी जाती है जैसे गाय का गोबर एवं मंदिरों पर चढ़ाए जाने वाले फूल का इस्तेमाल कर गंदगी और प्रदूषण से बचाने में मदद मिलेगी ।आगे चलकर इस कार्य को पुरुष बदियों से भी कराया जाएगा और इसका विस्तार कर इसे वृहद रूप दिया जाएगा। आगामी दीपावली के शुभ अवसर पर कारागार में गाय के गोबर एवं अन्य पवित्र सामग्री की मदद से ऑर्गेनिक दीप तैयार किए जाएंगे जिन्हें बिक्री के लिए सर्व सामान्य को सुलभ कराया जाएगा। इस कार्य में स्वयंसेवी संगठन जय गणेश सेवा समिति का सहयोग लिया जाएगा। इन दोनों कार्यों के लिए सर्वप्रथम महिलाबंदियों को स्वयंसेवी संगठन की अध्यक्षा श्रीमती पूनम मेहरोत्रा तथा महिला प्रशिक्षक द्वारा प्रशिक्षित किया जा रहा है ताकि सभी महिला बंदी प्रशिक्षित भी हो सके और उत्पादन की गुणवत्ता भी उच्च कोटि की हो ।आज इस अवसर पर जय गणेश सेवा समिति की अध्यक्ष श्रीमती पूनम मेहरोत्रा एवं उनके सहयोगी प्रशिक्षक द्वारा बंदियों को प्रशिक्षित कर धूप का उत्पादन शुरू किया गया।इस अवसर पर जेल अधीक्षक मिजाजीलाल, जेलर राजेश कुमार पांडेय, डिप्टी जेलर सुरेंद्र गौतम व पूनम तिवारी उपस्थित रहे।

## जन शिकायतों के समाधान में लापरवाही पर डीएम सख्त

# सात अधिकारियों को नोटिस जारी

**लखीमपुर खीरी।** खीरी में समन्वित शिकायत निवारण प्रणाली ;आईजीआरएसद्ध पर दर्ज जन समस्याओं के त्वरित समाधान में लापरवाही बरतने वाले सात अधिकारियों पर डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुए कारण बताओं नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण तलब किया।

डीएम ने बताया कि आईजीआरएस एवं मुख्यमंत्री हेल्पलाइन शिकायती संदर्भों की समीक्षा स्वयं मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा सर्वोच्च प्राथमिकता पर की जाती है। शासन ने आईजीआरएस पोर्टल पर जन शिकायतों का गुणवत्तापरक निस्तारण करने के निर्देश हैं एवं कोई भी संदर्भ डिफाल्टर श्रेणी में लंबित नहीं हो और असंतुष्ट फीडबैक प्राप्त संदर्भों का गुणवत्तापरक निस्तारण शिकायतकर्ता से सम्पर्क करके शिकायतकर्ता की असंतुष्ट होने एवं संतुष्ट होने की स्थिति के संबंध में स्पष्ट रूप से उल्लेख करते हुए यदि शिकायतकर्ता असंतुष्ट है तो उसका कारण अभिलिखित करते हुए आख्या प्रेषित की जाए। परन्तु उपायुक्त मनरेगाए बीएसएए डीआईओएसए जिला समाज कल्याण अधिकारीए एक्सईएन ;विद्युतद्ध मोहम्मदीए एडीओ ;पंचायतद्धए ज्येष्ठ कृषि विपणन निरीक्षक ने आईजीआरएस के समयबद्ध निस्तारण में लापरवाही बरती और परिणामस्वरूप जनपद की आईजीआरएस मासिक ग्रेडिंग प्रभावित होती है। डीएम ने जारी कारण बताओं नोटिस में उल्लेखित किया है कि प्रायः संबंधित अफसरो के लॉगिन में संदर्भ नियत तिथि तक निस्तारण के लिए लंबित रहते हैं और नियत तिथि पर ही निस्तारण किया जाता हैए जिससे सरसरी और गुणवत्ताहीन निस्तारण की पूर्ण संभावना रहती है। यह अत्यन्त खेदजनक है। इसके पूर्व भी कई बार नोटिस निर्गत कर निर्देश दिये जाने के बावजूद कार्यप्रणाली में सुधार नहीं लाया गया। डीएम ने अंतिम रूप से चेतावनी देते हुए निर्देशित किया कि यदि भविष्य में यदि संबंधित अफसरों का कोई भी संदर्भ नियत तिथि पर निस्तारण के लिए लंबित रहता है अथवा संदर्भ डिफाल्टर श्रेणी में लंबित मिला तो संबंधित को प्रतिकूल प्रविष्टि देते हुए विभागीय कार्यवाही हेतु उच्चाधिकारियों को अवगत करा दिया जाए।

## माध्यमिकए बेसिक विद्यालयों में होगी चित्रकला प्रतियोगिता

**लखीमपुर खीरी।** स्वच्छ भारत मिशन ;ग्रामीणद्ध के तहत कचरा मुक्त भारत की थीम पर आधारित ष्स्वच्छता ही सेवाष् पखवाड़ा अभियान के क्रियान्वयन के संबंध में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने अफसरों को दिशा निर्देश जारी किए।

डीएम ने अभियान के नोडल अधिकारी डीपीआरओ सौम्याशील सिंह को निर्देश दिए कि डीआईओएस डॉ महेंद्र प्रताप सिंह और बीएसए प्रवीण तिवारी से समन्वय स्थापित करते हुए प्रत्येक प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों में न केवल ष्स्वच्छता शपथष् प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों में न केवल ष्स्वच्छता शपथष् दिलाई जाए। बल्कि स्वच्छता ही सेवा की थीम कचरा मुक्त भारतष् पर चित्रकला प्रतियोगिता का भी आयोजन कराए। प्रतियोगिता में विजेता बच्चों को गांधी जयंती पर पुरस्कृत भी किया जाए।

## नगर के ककरा में स्थित निर्माणधीन नगर निगम कार्यालय का निरीक्षण किया गया



शाहजहांपुर । नगर के ककरा क्षेत्र में स्थित निर्माणाधीन नगर निगम कार्यालय का निरीक्षण नगर आयुक्त संतोश कुमार षर्मा ने किया । निरीक्षण के समय नगर आयुक्त ने तत्काल निर्माण कराये जाने हेतु मुख्य अभियन्ता एस0के0 अम्बेडकर को निर्देष दिये । नगर आयुक्त संतोश कुमार षर्मा ने न्यू सिटी ककरा क्षेत्र में निर्माणाधीन नगर निगम कार्यालय भवन के पास नगर निगम टाउनषिप एवं नगर निगम के अधिकारियों हेतु अवासीय भवन बनाये जाने की कार्यवाही किये जाने के निर्देष दिये । घाट पर होने जा रही गणेश चतुर्थी के उपलक्ष्य में मूर्तियों का विसर्जन का निरीक्षण गरी घाट पर गडढा खोद कर बेरिकेटिंग कराये जाने हेतु मुख्य अभियन्ता एस0के अम्बेडकर को निर्देशित किया । इसके साथ ही नगर स्वास्थ्य अधिकारी को साफ-सफाई के निर्देश दिये। निरीक्षण के समय अपर नगर आयुक्त एस0के0 सिंह, महाप्रबंधक जल सौरभ श्रीवास्तव, मुख्य अभियंता सिविल एस0के0 अम्बेडकर उपस्थित रहे। निरीक्षण के समय अपर नगर आयुक्त एस0के0 सिंह, महाप्रबधंक जल सौरभ श्रीवास्तव, मुख्य अभियंता सिविल एस0के0 अम्बेडकर उपस्थित रहे।

## श्री सम्पट अखंड पाठ 26 से

**बरेली । धन धन बाबा नन्द सिंह जी कलेरा वालिया की याद मे 34वा महान श्री सम्पट अखंड पाठ व समागम का आयोजन 26 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक रोजाना सुबह शाम कीर्तन दीवान गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा सुभाष नगर मे कमेटी के सहयोग से सजाया जायेगा जिसमे विशेष रूप से पंथ के महान कीर्तनी हाजिरी भरेंगे कीर्तनी हाजिरी भरने वाले भाई हरप्रीत सिंह , भाई तवनीत सिंह चंडीगढ़ वाले, भाई हरजोत सिंह , भाई जसपाल सिंह जालंधर वाले,भाई जसप्रीत सिंह सोनू वीर दिल्ली वाले, भाई जबरतोड़ सिंह दरबार साहिब अमृतसर से आये सभी रागी जत्था कीर्तन की हाजिरी भरेंगे रोजाना सुबह शाम नानकसर लुधियाना से बाबा जसप्रीत सिंह हैप्पी वीर पूरा जत्था के साथ एक हफ्ता कीर्तन व पाठ के साथ हाजिरी करेंगे प्रेस वार्ता मे कमेटी के अध्यक्ष मनजीत सिंह नागपाल,माँगा सिंह, मिक्की जोहार,राजा सलूजा आदि लोग मौजूद रहे।**

## चीनी मिलों में चल रहे मेन्टीनेस की समीक्षा

बरेली, । मण्डलायुक्त की अध्यक्षता में आज पेराई सत्र 2022-23 के बकाया गन्ना मूल्य भुगतान एवं पेराई सत्र 2023-24 हेतु चीनी मिलों में चल रह रिपेयरध्मेन्टीनेस की मण्डलीय समीक्षा बैठक आयुक्त सभागार में सम्पन्न हुई।मण्डलायुक्त को उप गन्ना आयुक्त ने अवगत कराया कि बरेली मण्डल की चीनी मिल बहेड़ी पर 142.69 करोड़, नबावगंज पर 55.89 करोड़, बरखेड़ा पर 186.69 करोड़, मकसूदापुर पर 147.43 करोड़ एवं चीनी मिल बिसौली पर 38.07 करोड़ रूपया गन्ना मूल्य का बकाया है। मण्डलायुक्त ने सम्बन्धित चीनी मिलों के अध्यासियों को निर्देश दिये कि गन्ना कृषकों का अवशेष गन्ना भुगतान त्वरित गति से किया जाये।मण्डलायुक्त को उप गन्ना आयुक्त ने अवगत कराया कि बरेली मण्डल की चीनी मिलों में मरम्मत कार्य लगभग 60 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है। मण्डलायुक्त ने समस्त चीनी मिलों के अध्यासियों को समय से गुणवत्तापूर्ण मरम्मत कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिये। उन्होंने सम्बंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि वे भी चीनी मिलों में चल रहे मरम्मत कार्य का अपने स्तर से निरीक्षण करें। मण्डल की चीनी मिलों के अध्यासियों को यह भी निर्देश दिये कि चीनी मिलों द्वारा चीनी मिल संचालन हेतु जो तिथि निर्धारित की गयी है उसी तिथि पर चीनी मिल का संचालन कराना सुनिश्चित करें।मण्डल की चीनी मिल बहेड़ी द्वारा 25.10.2023, फरीदपुर द्वारा 08.11.2023, मीरगंज द्वारा 05.11.2023, नबागवंज द्वारा 05.11.2023, सेमीखेड़ा द्वारा 21.11.2023, पीलीभीत द्वारा 01.11.2023, बरखेड़ा द्वारा 08.11.2023, बीसलपुर द्वारा 15.11.2023, पूरनपुर द्वारा 15.11.2023, निगोही द्वारा 05.11.2023, मकसूदापुर द्वारा 08.11.2023, रोजा द्वारा 01.11.2023, तिलहर द्वारा 14.11.2023, पुवायां द्वारा 20.11.2023, बिसौली द्वारा 02.11.2023 एवं बदायूं द्वारा 19.11.2023 चीनी मिल संचालन की सम्भावित तिथि निर्धारित की गयी है।बैठक में उप गन्ना आयुक्त श्री राजीव राय, उप चीनी आयुक्त श्री राजेश वर्मा, सहायक चीनी आयुक्त श्री मनीष शुक्ला, जिला गन्ना अधिकारी बरेली श्री यशपाल सिंह, जिला गन्ना अधिकारी बदायूं श्री हेमराज सिंह, जिला गन्ना अधिकारी पीलीभीत श्री खुशीराम, सम्बन्धित चीनी मिलों के अध्यासी आदि उपस्थित रहे।

## जिले के हर गांव.शहर में निकल रही अमृत कलश यात्राए एकत्र हो रही मिट्टी

लखीमपुर खीरी। आजादी के अमृत महोत्सव के के तहत प्रधानमंत्री की महत्वकांक्षी कार्यक्रम मेरी माटी.मेरा देश अभियान की गतिविधि पूरे खीरी जिले में व्यापक स्तर पर क्रियान्वित हो रहा। सभी पंचायतों की मिट्टी कलश में भरकर एकत्र किया जा रहा है। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि मेरी माटी.मेरा देशश् कार्यक्रम अपने देशए अपनी मातृभूमि के लिए श्रद्धाए आदर एवं सराबोर हो जाने जैसे अपनेपन के भाव से प्रेरित है। आजादी के नायकों की वीरगाथा और अपनी मातृभूमि की मिट्टी अनमोल है। ष्मेरी माटी मेरा देशष् के अंतर्गत 30 सिंतबर तक सभी ग्राम पंचायतोंध्वार्डो में मिट्टी इकठी होनी है। डीएम ने निर्देश दिए कि सभी जगह कार्यक्रम सम्पन्न हो जाये। एक अक्टूबर से 13 अक्टूबर के बीच फिर ये ग्रामध्वार्ड से भव्यता से ब्लॉक मुख्यालयध् नगर निकाय मुख्यालय किसी एक तारीख पर आयेंगें। जिसकी तिथि जिला प्रशासन की ओर से शीघ्र ही बता दी जाएगी।अभियान की जनपदीय नोडल अधिकारी डीपीआरओ सौम्यशील सिंह ने बताया कि राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत इस पुनीत कार्यक्रम में हर जनपदवासी को सहभागी बनाया जा रहा है। जन.जन में राष्ट्रभक्ति की भावना को एक बार फिर से जागृत करने का काम कर रही है। इस मुहिम के तहत हर ब्लॉक और नगरीय निकाय से वहां की पावन मिट्टी लेकर अमृत कलश तैयार किया जाएगा।

## 1 अक्टूबर तक तैयारियां पूर्ण करके रिपोर्ट प्रस्तुत करें: डी एम




**शाहजहांपुर ।** कलेक्ट्रेट सभागार में धान खरीद की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि वह स्वयं जाकर सभी व्यवस्थाओं का जायजा ले, भंडारण कक्ष में समुचित स्थान न होने पर समीपवर्ती इमारत में धान को शिफ्ट किया जाए । जिलाधिकारी ने सख्त निर्देश दिए हैं कि धान खरीद में फर्जीवाड़ा नहीं होना चाहिए । उन्होंने कहा कि किसानों के बैठने की जगह तथा साफ सफाई इत्यादि की समुचित व्यवस्था कर लेंद्य उन्होंने निर्देश दिया कि क्रय नीति का व्यापक प्रचार प्रसार कराना सुनिश्चित करें, इसके लिए गांव में पंचायत भवानो पर वॉल पेंटिंग करवाई जाए तथा उस पर सभी जरूरी जानकारियां पेंट करवाई जाए, इसके अलावा बैनर, होर्डिंग्स इत्यादि का भी प्रयोग करें । जिलाधिकारी ने अवगत कराया कि खरीद से संबंधित शिकायतों तथा जरूरी जानकारी के संबंध में कंट्रोल रूम भी सक्रिय हो चुका है, कंट्रोल रूम प्रातः 9 बजे से शाम 6 तक सक्रिय रहेगा इसके अतिरिक्त रविवार व राजपत्रित अवकाशों को छोड़कर अन्य विकास के दिनों में प्रातः 10 से अपरण 1 तक क्रियाशील रहेगा । जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों से बाँट माप, बोरों की व्यवस्था तथा ट्रैफिक इत्यादि की व्यवस्थाओं के विषय में की जानकारी ली द्य उन्होंने कहा कि धान खरीद केंद्रों पर ट्रैफिक इत्यादि की व्यवस्था सुदृढ़ । उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि धान खरीद केंद्रों पर गुंडागर्दी बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में एडीएम प्रशासन संजय कुमार पांडे, जिला खाद्य विपणन अधिकारी राकेश मोहन पांडे,जिला कृषि अधिकारी, मंडी सचिव तथा अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे ।

## बाजारवादी दौर में प्रभावित हैं हम सब

### स्वामी शुकदेवानंद कॉलेज के हिंदी विभाग की ओर से एक दिवसीय व्याख्यान का आयोजन



**शाहजहांपुर।** स्वामी शुकदेवानंद कॉलेज शाहजहांपुर के हिंदी विभाग द्वारा एक दिवसीय व्याख्यान का आयोजन ''हिंदी साहित्य पर बाजार का प्रभाव'' विषय पर किया गया। व्याख्यान का आरंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। कार्यक्रम अध्यक्ष स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती जी महाराज ने कहा कि- आज बाजारवादी दौर में हम सब प्रभावित है। बाजार में सब कुछ मिलता , बिकता है। क्या आपने कभी सोंचा है कि बाजारवाद किस तरीके से हमारा इस्तेमाल कर रहा है? किस तरह से बाजारवाद हमारे और हमारी भाषा के बल पर ही फल-फूल रहा है? आज भारत के युवा देश दुनिया में अपना परचम लहरा रहे हैं। उसके पीछे हमारी अपनी भाषा है। हिंदी साहित्य ,संस्कृति और संवेदना की भाषा है। उन्होंने कबीर की कुछ पंक्तियों का उल्लेख करते हुए कहा कि-पोथी पढ़ि पढ़ि जग मुआ -पंडित भया न कोय। ढाई आखर प्रेम का पढ़े सो पंडित होय। बाजारवादी दौर में यदि कोई प्रेम का पाठ पढ़ा रहा है तो वह है हिंदी और हिन्दी का सच्चा सपूत कबीर। वह आगे कहते हैं कि कबीर केवल प्रेम की ही भाषा नहीं बोलते वह तो हांथ में लुकाठी रखने की भी बात करते हैं-कबिरा खड़ा बाजार में लिए लुकाठी हाथ। जो घर जारे आपना चले हमारे साथ।मुख्य अतिथि डॉक्टर शैलेंद्र 'कबीर' ने कहा कि- आज पूरी दुनिया एक बाजार है। बाजार में वही बिकता है जो दिखता है। आज देश और दुनिया में हिंदी और हिंदुस्तानियों का परचम लहरा रहा है। हर क्षेत्र में भारतीयों का दबदबा है। दुनिया भारतीय ज्ञान-विज्ञान की मुरीद है। हमारे ज्ञान-विज्ञान और प्रबंधन से आकर्षित होकर तमाम देशों के विश्वविद्यालय में हिंदी पर अनेकानेक शोध हो चुके हैं , हो रहे हैं। जो इस बात का प्रमाण है कि हिंदुस्तान के ज्ञान विज्ञान को जानने के लिए उसकी भाषा हिंदी को जानना आवश्यक है। बाजार विज्ञापन के दम पर चलता है और विज्ञापन प्रकाशित करवाने वाले लोग यह भली भांति जानते हैं कि दुनिया की तीसरी सर्वाधिक बोली और समझी जाने वाली भाषा हिंदी है। जो बाजार के लिए एक खुला मंच है। अगर हिंदी भाषा में हम अपना विज्ञापन प्रकाशित करेंगे तो निश्चित ही हम दुनिया की एक बड़ी आबादी तक अपनी बाजार का विस्तार कर सकेंगे। यह तथ्य इस बात का प्रमाण है कि हिंदी ने बड़ी-बड़ी कंपनियों को अपनी ताकत से रूबरू कराया है । जिससे स्पस्ट होता है कि आज पूरे विश्व बाजार पर हिन्दी का बड़ा ही प्रभाव है।

# बरेली के थाना कैंट में तैनात सिपाही निकला स्मैक तस्कर

### उत्तराखंड पुलिस ने तीन को किया गिरफ्तार

**बरेली।** थाना कैंट में तैनात आरक्षी ने एक बार फिर वर्दी को दागदार कर दिया, इसका खुलासा उत्तराखंड के नारकोटिक्स विभाग व लाल कुआं पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए बरेली में तैनात एक आरक्षी सहित तीन तस्करों को दबोच कर उनके पास से 1075.01 ग्राम स्मैक बरामद की है। उत्तराखंड के पुलिस महानिदेशक वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने तस्करों को पकड़ने वाली टीम का उत्साहवर्धन करते हुए उनको नकद पुरस्कार से सम्मानित किया। उत्तराखंड पुलिस के मुताबिक बरेली जिले के थाना कैंट में तैनात आरक्षी रविंद्र सिंह पिछले काफी समय से तस्करी के धंधे में लिप्त था। ट्रेस करने पर उससे मोलभाव किया और वह सीबीगंज क्षेत्र में अपने साथी अर्जुन पांडे पुत्र मनोज कुमार पांडेय निवासी आजाद नगर बरेली , दुनका आनंदपुर व बरेली निवासी मोरपाल के साथ स्मैक की डिलीवरी देने आया। वहां उसको गिरफ्तार किया गया। हालांकि उत्तराखंड पुलिस ने इनकी गिरफ्तारी उत्तराखंड क्षेत्र से दिखाई है।

**सांप काटने से ग्रामीण की मौत:** बरेली । घर के दरवाजे के बाहर खड़े ग्रामीण को सांप ने काट लिया बीती रात उसकी मौत हो गई लाश को पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेजा।भुता थाने के गांव उघरनपुर निवासी निवासी 42 वर्षीय कृष्ण पाल पुत्र रोशन लाल की बीती रात इलाज के दौरान मौत हो गई घर वालों ने बताया कि कृष्ण पाल गुरुवार सुबह अपने घर के दरवाजे के बाहर खड़े थे इसी दौरान अचानक आए एक जहरीले सांप ने उन्हें काट लिया कुछ देर बाद उनकी हालत बिगड़ने लगी तब घर के लोगों ने उन्हें स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र ले गए और फिर इलाज के लिए एक वैध के पास ले गए जहां उनकी मौत हो गई।

**रिटायर्ड कैप्टन के बेटे पर हमला, अगवा करने की कोशिश**

बरेली । कोचिंग पढ़ने ई-रिक्शा से जा रहे रिटायर्ड कैप्टन के बेटे पर कार सवारों ने हमला कर दिया जाम लगने की वजह से वह छात्र को अगवा नहीं कर सके पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी । बारादरी थाना क्षेत्र में एमईएस कॉलोनी सौ फुटा रोड डेलापीर निवासी सेना से रिटायर्ड कैप्टन राम किशोर ने बताया कि उनका बेटा कुनाल 14 सितंबर को सेटेलाइट स्थित एक कोचिंग में पढ़ने जा रहा था मेडिसिटी अस्पताल के सामने जाम लगा था कुनाल ई-रिक्शा पर सवार था इसी दौरान बदायूं के सूर्य प्रताप उर्फ सन्नी अपने तीन अज्ञात साथियों के साथ कार से आया और गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगा । लेकिन जाम लगा होने के कारण हमलावर कुनाल को अगवा नहीं कर सके आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए कुनाल ने अपने घर में घटना की जानकारी दी राम किशोर ने सूर्य प्रताप और उसके साथियों पर दोबारा हमला करने की आशंका जताते हुए थाने पहुंचकर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी ।

# मुख कैंसर के सफल ऑपरेशन से शुरू हुआ मेडिकल कॉलेज का नया अध्याय

●छह चिकित्सकों की टीम ने चार घंटे की कड़ी मेहनत से पाई सफलता



संवाददाता। उरई, जालौन

**कैंसर** जैसे गंभीर रोग से पीड़ित मरीजों को अब दूर दराज बड़े शहरों की ओर भागने की जरूरत नहीं रही। हाल ही में राजकीय मेडिकल कॉलेज उरई में जनपद का पहला मुख्य कैंसर का सफल ऑपरेशन कर यह साबित कर दिया है कि अब वहां जटिल गंभीर बीमारियों से भी मरीज को राहत दिलाई जा सकती है। फिलहाल प्रथम मुख् कैंसर के इस सफल ऑपरेशन के बाद जहां मेडिकल कॉलेज के चिकित्सकों में खुशी की लहर व्याप्त है तो वहीं कॉलेज के प्रधानाचार्य और सीएमएस सहित कई वरिष्ठ अधिकारी इस ऑपरेशन टीम को बधाइयां दे रहे हैं।

कोच निवासी आसमीन की जांच में मुंह का कैंसर निकलकर सामने आया इसके पश्चात नाक कान गला सर्जन डॉक्टर नम्रता द्विवेदी डॉक्टर अमित कुमार इवा एनेस्थीसिया के डॉ. अरुण अहिरवार डॉ. अनिल डॉ. दीपक की टीम द्वारा उनके मुख्य के कैंसर का ऑपरेशन किया गया यह ऑपरेशन पूरे चार घंटे चला और पूरी तरह से सफल रहा। ऑपरेशन टीम के अन्य सहयोगियों में नर्सिंग स्टाफ सिस्टर शांति, शोभा, प्रतिभा व दीप्ति तथा वार्ड बॉय नीरज व अंजलि शामिल रही।

इस दौरान प्रधानाचार्य डॉ. आरके मौर्य ने बताया कि इस सफल ऑपरेशन के बाद चिकित्सकों में खासा उत्साह है उन्होंने बताया कि अब क्षेत्र के मरीजों को बेहतर इलाज के लिए बड़े शहरों की ओर नहीं भागना पड़ेगा इस दौरान मेडिकल कॉलेज के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर प्रशांत निरंजन ने इस उपलब्धि पर खुशी जाहिर करते हुए डॉक्टरों की टीम को बधाई दी।

# गणेश प्रतिमा की छटा देखने को लग रहा है श्रद्धालुओं का जमघट



संवाददाता। चित्रकूट

**हर** वर्ष की तरह इस वर्ष भी दीनदयाल शोध संस्थान चित्रकूट के आरोग्यधाम में गणेशोत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। गणेश स्थापना के बाद अब भगवान की आराधना का दौर शुरू हो गया है। दस दिनों तक चलने वाले इस पर्व को धूमधाम से मनाये जाने के लिये भक्तों ने कई कार्यक्रमों की रूपरेखा भी तैयार की है। आयोजन समिति ने बताया कि आरोग्यधाम में 2003 से गणेश उत्सव की शुरूआत की गई है उस समय चित्रकूट क्षेत्र में गणेश उत्सव की ज्यादा परम्परा नहीं थी, यह 21 वां वर्ष है। उत्सव के तीसरे दिन दीनदयाल शोध संस्थान के कोषाध्यक्ष श्री बसंत पंडित सहित सतना के युवा व्यवसायी जयदेव ताम्रकार सपरिवार आरती में उपस्थित रहे। आरोग्यधाम में गणेश प्रतिमा की अद्भुत छटा देखने के लिये भीड़ लग रही है। इस दौरान भजन, रामायण, गणपति एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। आराध्य देव गणपति की आराधना पूरे विधि-विधान से की जा रही है। परम्परा के मुताबिक भक्तगण मानते है कि भगवान गणेश मनुष्य के अंदर अच्छे गुणों के संस्कारी भगवान हैं। प्रतिदिन बदल-बदलकर भगवान गणेश के विभिन्न स्वरूपों की झांकी सजाई जा रही है।

# अतिक्रमण व गंदगी देख डीएम ने जताई नाराज़गी

●स्वच्छता पखवाड़े में परखा सफाई व्यवस्था का हाल

●अतिक्रमणकारियों पर कार्रवाई करने के दिये निर्देश



संवाददाता। उरई, जालौन

**जिलाधिकारी** राजेश कुमार पाण्डेय ने सुबह राजेंद्र नगर वार्ड नंबर 22, तुलसी नगर वार्ड नंबर 21, वार्ड नंबर 3 शहर के विभिन्न वार्डों की साफ-सफाई की व्यवस्था का औचक निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

उन्होंने निरीक्षण के दौरान नाला, नालियों पर अतिक्रमण और गंदगी देख नाराजगी जाहिर करते हुए अधिशासी अधिकारी को निर्देश दिए कि साफ-सफाई व्यवस्था का पूरा ध्यान दें, जहां भी नाला, नालियों पर अतिक्रमण है उन्हें हटाया जाए, साथ ही नालियों में सिल्ट जमा न होने दें नालियों की निरंतर साफ सफाई सुनिश्चित कराई जाए। वार्ड नंबर 3 में सफाई व्यवस्था का अभाव मिलने पर सफाई नायक का वेतन रोकने के निर्देश दिए। अधिशासी अधिकारी को निर्देशित किया सफाई नायकों की निरंतर मॉनिटरिंग कर समस्त वार्डों की समुचित साफ-सफाई कराई जाए। उन्होंने कहा कि स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत बृहद अभियान चलाकर सफाई व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए। शहर में कूड़ा प्रबंधन तथा सफाई व्यवस्था चुस्त दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। डीएम ने लोगों से नालियों पर अतिक्रमण व सफाई व्यवस्था में व्यवधान न करने की नसीहत दी, उन्होंने ऐसे लोगों को चिन्हित करके उनके खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

## डीएम के निरीक्षण में आठ डाक्टर ड्यूटी से मिले नदारद



**उरई, जालौन।** शुक्रवार की प्रातः डीएम राजेश कुमार पाण्डेय ने जिला अस्पताल पुरुष का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने पर्ची काउंटर, ओपीडी, सर्जरी ओपीडी, लैब पैथोलॉजी, दंत रोग, सीटी स्कैन, नाक, कान, गला, अल्ट्रासाउंड, एक्सरे ओपीडी, दवा भंडारण कक्ष, इमरजेंसी वार्ड, सर्जिकल वार्ड, एक्सीडेंटल वार्ड, डेंगू वार्ड, आयुष्मान भारत वार्ड आदि के निरीक्षण में 8 चिकित्सक अनुपस्थित मिलने पर स्पष्टीकरण के निर्देश दिए। उन्होंने आयुष्मान भारत वार्ड में गंदगी देख संबंधित कर्मचारियों की सेवा समाप्त करने की चेतावनी दी साथ ही निर्देशित करते हुए कहा कि साफ सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी।

# भव्यता के साथ आयोजित होगी चित्रकूट की ऐतिहासिक रामलीला



**चित्रकूट।** रामलीला भवन में बुधवार को नगर के व्यापारियों और रामलीला प्रेमियों के साथ नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई ।जिसमें इस वर्ष भव और दिव्य रामलीला आयोजित करने के लिए विचार विमर्श किया गया। इसके लिए सर्वप्रथम संचालन समिति गठित की गई। जिसमें रामलीला आयोजन में सहयोग करने वाले पुराने साथियों बंसत राव गोर व विजय मिश्रा आदि को जिम्मेदारी सौंप गई। इसके साथ ही तय किया गया कि इस बार रामलीला 6 अक्टूबर से 24 अक्टूबर तक आयोजित की जाएगी ।बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता ने कहा कि रामलीला हमारे भारतीय संस्कृति की पहचान रही है और इसकी आयोजन को लेकर आज महत्वपूर्ण बैठक की गई है। इस आयोजन के माध्यम से हमें राम के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचना है। उन्होंने कहा कि रामलीला पूर्णतया भक्ति भावना के साथ शुरू की जाएगी। उन्होंने नगर पालिका की वरिष्ठ कर्मचारियों सफाई निरीक्षक कमलाकांत शुक्ला,वरिष्ठ लिपिक कर्मोत्तम सिंह,राजस्व निरीक्षक राहुल पांडेय,सुभाष गुप्ता,ज्ञान गुप्ता एवं अशरफ खान आदि को व्यवस्था में सहयोग करने के लिए भी नामित किया है। आयोजन में वरिष्ठ रामलीला संचालन के अगुवा बसंत राव गोरे के नेतृत्व में ही इस आयोजन को भव्य और दिव्य बनाया जाएगा।

# अनुशासन समिति के सदस्य बने प्रशांत, हुआ सम्मान



**फतेहपुर।** सिविल बार हाल में बार कौंसिल आफ उ.प्र. द्वारा प्रशांत कुमार श्रीवास्तव एडवोकेट को राज्य विधिक परिषद की अनुशासन समिति का सदस्य चुने जाने पर साथी अधिवक्ताओं ने 51 किलो की माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। कार्यक्रम आयोजक विनीत श्रीवास्तव ने कहा कि अपने जिस साथी से मंच में बोलने का हुनर उन्होने सीखा है आज उसका सम्मान करते हुए वह स्वयं को अत्यंत गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। राजेश श्रीवास्तव ने कहा कि प्रशांत को अनुशासन समिति का सदस्य मनोनीत किया जाना राज्य विधिक परिषद द्वारा लिया गया एक उत्तम निर्णय है। मुलायम सिंह यादव ने कहा कि अब हमारे जनपद के अधिवक्ताओं को छोटे-छोटे कार्य के लिए बार कौंसिल नहीं जाना पड़ेगा। प्रशांत द्वारा ही समस्या का निराकरण हो जाया करेगा। प्रशांत श्रीवास्तव ने कहा कि अपने जनपद व जनपद के अधिवक्ताओं पर गर्व है।

# मिलावटी दूध बेचने वालों पर खाद्य सुरक्षा विभाग ने कसा शिकंजा

●नगर सहित कई जगहों से दूध बेचने वालों के भरे नमूने

संवाददाता। उरई, जालौन



**मिलावटी** दूध और गुणवत्ता में गड़बड़ी करने वालों पर अब खाद्य एवं सुरक्षा विभाग ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है गुरुवार को नगर सहित आधा दर्जन से अधिक स्थान पर खाद्य एवं सुरक्षा प्रशासन की टीम ने ताबड़तोड़ छापामारी कर आठ स्थानों से नमूने भरे तो वही दूसरे दिन भी यह सिलसिला शुक्रवार को जारी रहा। सभी नमूनों को जांच के लिए प्रयोगशाला में भेज दिया गया है।

युक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन एवं जिला अधिकारी के दिशा निर्देश में अभिहित अधिकारी डॉक्टर जतिन कुमार सिंह के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा टीम ने सर्वप्रथम जालौन तहसील के ग्राम मदनपुर स्थित गगन देरी से गाय के दूध व भैंस के दूध का नमूना लिया इसी क्रम में उरई नगर में बेरी वाले बाबा के पास से दूधिया बृजमोहन पुत्र नंदलाल से खाद्य पदार्थ मिश्रित दूध का नमूना संग्रहित किया गया।

तत्पश्चात कालपी रोड दूधिया करण सिंह पुत्र राम प्रकाश से खाद्य पदार्थ मिश्रित दूध का नमूना लिया गया इसी क्रम में कालपी तहसील से दूधिया बालकिशन उर्फ छोटेलाल एवं दूधिया राम अवतार पुत्र माता प्रसाद निवासी रसूलपुर से भी खाद्य पदार्थ मिश्रित दूध के नमूने संग्रहीत किए गए। इसी क्रम में शुक्रवार को दूसरे दिन उरई नगर में दूध विक्रेता धर्मेंद्र भारत शिवचरण और अवधेश कुमार के दूध के नमूने लिए गए जबकि मिठाई विक्रेता विशंभर स्वीट्स के यहां से खाद्य पदार्थ का नमूना भरा गया। कालपी तहसील के आता से विनय पांडे और पंकज यादव के यहां से खाद्य पदार्थ और पनीर का नमूना भर गया।

## क्विक न्यूज

### अयोध्या के लिए परिवहन मंत्री से मांगी रोडवेज बस

**फतेहपुर।** गंगा बचाओ सेवा समिति एवं नमामि गंगे के संयुक्त बैनर तले समिति के प्रदेश अध्यक्ष शैलेंद्र शरन सिंपल ने पदाधिकारियों के साथ मथुरा में आयोजित एक कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह को ज्ञापन दिया। जिसमें धार्मिक स्थल मर्यादा पुरूषोत्तम श्रीराम की जन्मस्थली अयोध्या के लिए फतेहपुर जनपद से रोडवेज बस सेवा शुरू किए जाने की मांग की। बताया कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम जी की जन्मस्थली हिंदू समाज के लिए गौरवशाली है। जिले से काफी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए जाते हैं। जिले से कोई रोडवेज बस सेवा न होने से अयोध्या जाने में भक्तों को दिक्कत होती है।

### लीडर की छोड़ी छाप

लखनऊ। ड्रूम ने एक अध्ययन किया, जिसका उद्देश्य यह पता लगाना था कि कौन सी एसयूवी बेस्ट रीसेल वैल्यू ;सर्वोत्तम पुनर्विक्रय मूल्य प्रदान करती है। इस तुलनात्मक विश्लेषण में एमजी हेक्टर डीजल विजेता रही। इसने सामान प्राइस रेंज के अन्य कारों की तुलना में असाधारण 85 फीसदी रीसेल वैल्यू हासिल किया है। साथ ही, अत्यधिक प्रतिस्पर्धी एसयूवी सेगमेंट में एक इंडस्ट्री लीडर के रूप में अपनी स्थिति को मजबूत किया है। यह अंतर व्हीकल की सर्वश्रेष्ठ विरासत के बारे में बहुत कुछ बताता है। अपनी विश्वसनीयता के लिए प्रसिद्ध एमजी हेक्टर डीजल को समय की कसौटी पर खरा उतरने के लिए तैयार किया गया हैए जिससे यह सुनिश्चित होता है कि आने वाले वर्षों तक इसका मूल्य बरकरार रहेगा।

### चाचा ने नाबालिग भतीजी को बनाया हवस का शिकार

मौदहा, हमीरपुर। नगर में दादी की मौत पर चाचा के घर गई नाबालिक बालिका को चाचा ने अपनी हवस का शिकार बना डाला पीड़िता के पिता ने कोतवाली पुलिस को घटना की तहरीर सौंप अपने भाई के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की मांग की है। नगर के एक मोहल्ले में एक महिला की मौत होने पर उसका मृतका का बड़ा बेटा अपने परिवार समेत आया था जहां उक्त महिला का अंतिम संस्कार होने के बाद बड़े बेटे ने अपने छोटे भाई पर अपनी नाबालिक पुत्री के साथ जबरन बलात्कार करने का आरोप लगाते हुए कोतवाली पुलिस से आरोपी भाई के खिलाफ कठोर कार्रवाही की मांग की है। घटना 19 सितंबर की रात्रि की बताई जा रही है। इस मामले में कोतवाली प्रभारी सुरेश कुमार सैनी का कहना है कि मकान को लेकर विवाद है। फिलहाल मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

### पोस्टमैन, सैनिक व छात्र दबंगों के हमले में घायल

फर्रुखाबाद। दबंगों ने हमला करके पोस्टमैन सेना के हवलदार व छात्र को घायल कर दिया। घटना के संबंध में कोतवाली मोहम्मदाबाद के ग्राम हरकमपुर निवासी राधा कृष्ण ने गांव के हमलावर संजीव कुमार उर्फ अजय, दुगविजय, सौरभ उर्फ राज पुत्रगण लटूरी लाल, भूदेव कुमार पुत्र संजीव कुमार उर्फ अजय, अभिषेक कुमार पुत्र दुगविजय, लटूरी लाल की पत्नी शकुंतला देवी, सौरभ कुमार की पत्नी विमला देवी, संजीव कुमार की पत्नी राधा देवी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है। घटना के मुताबिक राधा कृष्ण सुबह 8 बजे गांधीनगर तकीपुर स्थित खेत की बाउंड्री के लिए निहास भरवा रहे थे। उसी समय वहां पहुंचे विरोधी आरोपियों ने एक राय होकर लाठी डंडों धारदार हथियार व तमंचे से लैस होकर घेर लिया और राधा कृष्ण को गाली देने लगे। गाली देने का विरोध करने पर मारपीट की गई।

### महिला के घर से बड़ी मात्रा में नशीला पदार्थ बरामद

फर्रुखाबाद। दारोगा की टोपी लगाकर वीडियो वायरल करनें वाली महिला के घर पुलिस ने दबिश दी। पुलिस को उसके घर से कार व कीमती बाइक सहित बड़ी मात्रा में नशीला पदार्थ बरामद हुआ है। वहीं पुलिस ने आरोपित महिला के साथ ही उसके कुछ साथियों को भी हिरासत में लिया है। थाना कादरी गेट के मोहगा मारवाड़ी निवासी पप्पी गौतम पत्नी अरविंद सिंह के खिलाफ बीते दिन ही दारोगा की टोपी लगाकर वीडियो वायरल करनें के मामले में मुकदमा दर्ज किया गया था। शुक्रवार को सीओ सिटी प्रदीप कुमार व एसओ विनोद शुक्ला के साथ ही एसएसआई जगदीश वर्मा नें भारी फोर्स के साथ पप्पी के घर दबिश दी। पुलिस ने उसके घर से कई पन्नी में नशीला पदार्थ बरामद किया। वहीं फ्रिज के भीतर रखे कच्चे शराब के पाउच भी बरामद हुए।

### ऑनलाइन डिलीवरी के नाम पर महिला से 20 हजार ठगे

जालौन, उरई। ऑनलाइन डिलीवरी के नाम पर एक व्यक्ति ने मोबाइल पर महिला से ओटीपी पूंछा बाद में क्रेडिट कार्ड से 20 हजार रुपये उड़ाए। पीड़ित महिला ने मामले की तहरीर कोतवाली में दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला बैठगंज निवासी महिला अजर ने पुलिस को बताया कि उसने ऑनलाइन सामान के लिए ऑर्डर बुक किया था। शुक्रवार को उसके मोबाइल पर एक व्यक्ति का फोन आया और उसने बताया कि उसने जो सामान बुक किया था।

# थाना प्रभारी व चौकी इंचार्ज को गणेश महोत्सव में किया सम्मानित





संवाददाता। कानपुर देहात

**रूरा** कस्बे के आरपीण्स इण्टर कालेज के बाहर आयोजित किये जा रहे 15 वें गणेश महोत्सव में गुरूवार की रात्रि आयोजन समिति ने चैयरमैन रामजी गुप्ता, एसओ कपिल दुबे व चौकी ईंर्चाज जाहर सिंह को सम्मानित किया। जागरण पार्टी के सुरजीत अलबेला की देश भक्ति गीत की प्रस्तुति यह देश है वीर जवानों का, अलबेलों का है, मस्तानों का, पर ऐसा समां बंधा कि देश भक्ति से ओतप्रोत हो स्वयं रूरा प्रभारी निरीक्षक भी थिरकने को मजबूर हो गये।

जनपद के प्रभावशाली धार्मिक कार्यक्रमों में रूरा के गणेश महोत्सव की गिनती प्रतिष्ठा व सम्मान के साथ की जाती है। वर्तमान समय में 15 वें गणेश महोत्सव के संस्करण का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। गुरूवार की रात्रि को कार्यक्रम में महत्वपूर्ण योगदान प्रदान करने के लिये चैयरमैन रामजी गुप्ता, थानाध्यक्ष कपिल दुबे व रूरा चौकी प्रभारी जाहर सिंह को आयोजन समिति ने सम्मानित किया। अध्यक्ष रामबाबू शुक्ला ने अतिथियों को केदारनाथ व काशी विश्वनाथ की आकर्षक कलाकृतियां भेंट कीं। वहीं कोषाध्यक्ष राजेश दीक्षित बबलू ने पटका पहना सम्मान किया, महामंत्री लाभम गुप्ता ने चैयरमैन, एसओ व चौकी इंचाज को बुके दे कर व बैच लगा सम्मानित किया। सम्मान के बाद देश की प्रसिद्ध जागरण पार्टी सुरजीत अलबेला एण्ड जागरण पार्टी के प्रमुख सुरजीत अलबेला ने देश भक्ति से परिपूर्ण गीतों की श्रृंखला प्रस्तुत की जिसको सुनकर पंडाल में मौजूद लोगों के रोंगटे खड़े हो गये।

# कल से लिच्छवी व जम्मू तवी एक्सप्रेस का ठहराव

**फतेहपुर।** जिले की सांसद एवं केंद्रीय उपभोक्ता मामले खाद एवं सार्वजनिक वितरण और ग्रामीण विकास राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने बताया कि कई सामाजिक संगठनों द्वारा उनसे मांग की जा रही थी कि शहर के रेलवे स्टेशन में दैनिक यात्रियों के साथ-साथ श्रद्धालुओं की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए एक्सप्रेस ट्रेन का ठहराव कराया जाये। इसी तरह खागा रेलवे स्टेशन पर भी किसी एक्सप्रेस ट्रेन का ठहराव कराया जाये। फलस्वरुप फतेहपुर रेलवे स्टेशन पर सीतामढ़ी बिहार से चलकर आनंद बिहार नई दिल्ली जाने वाली लिच्छवी एक्सप्रेस व खागा रेलवे स्टेशन पर दैनिक यात्रियों व मां वैष्णो देवी जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए टाटा जम्मू तवी एक्सप्रेस का ठहराव 24 सितंबर से प्रारंभ हो रहा है। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही बनारस से उज्जैन महाकाल एक्सप्रेस के स्टॉपेज के अलावा अन्य कई ट्रेनों को स्टॉपेज दिलाने के लिए प्रयासरत हैं।

# सपा जिलाध्यक्ष, मंदिर महंत सहित आधा सैकड़ा लोगों पर मुकदमा दर्ज

**कोंच,** जालौन। कैलिया पुलिस द्वारा सपा जिलाध्यक्ष और सींगपुरा मंदिर के महंत समेत आधा सैकड़ा लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस का आरोप है कि सौहार्द बिगाड़ने वाले भाषण दिए गए और बिना परमिशन कार्यक्रम कर धारा 144 का उल्लंघन किया गया था। पार्टी जिलाध्यक्ष के खिलाफ एफआईआर दर्ज होने से सपा खेमे में खलबली मची है। उधर, सपा जिलाध्यक्ष ने इस पूरी कार्यवाही को राजनीति से प्रेरित बताया है।

कैलिया थाने के दरोगा रामचंद्र वर्मा ने अपनी ओर से एफआईआर दर्ज कराई है जिसमें उन्होंने कहा कि 18 सितंबर को वह अपने हमराही सिपाहियों के साथ क्षेत्र भ्रमण पर करते हुए जब कैमरा गांव पहुंचे तो देखा कि सींगपुरा कैमरा के जंगल में स्थित सिद्धबाबा मंदिर जिसके पुजारी रनछोरदास महाराज हैं। शाम करीब तीन बजे धारा 144 लागू होने के बावजूद दीपराज गुर्जर व राघवेंद्र सिंह की अगुवाई में लगभग 40-50 लोग गुर्जर समाज के लोगों को इकट्ठा कर धर्म, मूलवंश, भाषा, जन्म स्थान आदि के आधार पर विभिन्न समूहों के बीच शत्रुता का संप्रवर्तन व सौहार्द बिगाड़ने वाला काम कर रहे थे। पुलिस ने रनछोरदास महाराज, दीपराज गुर्जर, राघवेंद्र सिंह सहित 40-50 अज्ञात लोगों के खिलाफ भादंवि की धारा 153 ए (1) बी तथा धारा 188 सीआरपीसी में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। इस पूरे मामले को सपा जिलाध्यक्ष दीपराज गुर्जर ने राजनीति से प्रेरित व सत्ता दल के इशारे पर की गई कार्यवाही बताया है। उन्होंने कहा, वहां झंडा बैनर लगाकर कोई राजनैतिक कार्यक्रम नहीं हो रहा था बल्कि मंदिर पर धार्मिक कार्यक्रम चल रहा था जिसमें भंडारे का भी आयोजन था। वह भंडारे का प्रसाद ग्रहण करने गए थे।

# बाल कल्याण और संरक्षण समिति व बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ टास्क फोर्स की बैठक

**कानपुर देहात।** सीडीओ लक्ष्मी एन के निर्देश के क्रम में जिला प्रोबेशन अधिकारी के मार्गदर्शन में शुक्रवार को ब्लॉक बाल संरक्षण समिति एवं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की बैठक खण्ड विकास अधिकारी की अध्यक्षता में ब्लॉक सभागार में आहूत की गयी।

सर्वप्रथम बैठक में खंड विकास अधिकारी द्वारा विकासखण्ड के समस्त केन्द्रों से उपस्थित आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को लिंग आधारित भेदभाव और उन्मूलन को दूर करने, बालिकाओं की सुरक्षा और संरक्षण के लिए, बालिकाओं को शिक्षा प्रदान करना और उनकी भागीदारी को सक्षम बनाना, बालक एवं बालिकाओं के लिंग अनुपात में ध्यान केन्द्रित करना, किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण अधिनियम) 2015 नियमावली 2016 के अन्तर्गत बाल कल्याण समिति व किशोर न्याय बोर्ड द्वारा देखरेख और संरक्षण की आवश्यकता वाले बालकों की देखरेख, संरक्षण, उपचार, विकास और पुनर्वास और उनकी मूलभूत आवश्यकताओं तथा संरक्षण के विषय में, पाक्सो यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण करने संबंधी अधिनियम 2012, बाल विवाह से होने वाले नुकसान, थाने मे कार्यरत महिला हेल्पडेस्क आदि के बारे में जानकारी दी गई। महिला कल्याण विभाग से प्रतिमा श्रीवास्तव महिला कल्याण अधिकारी द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना पर चर्चा करते हुये वर्षो से गिरते लिंगानुपात के कारण महिलाओं/पुरूषों में बालिकाओं के प्रति भेदभाव, महिला की सुरक्षा और सशक्तीकरण तथा गुड टच-बैड टच के बारे में अवगत कराया गया।

इसी के साथ बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं एवं बाल विवाह के संबंध में शपथ भी दिलाई गई। साथ ही गांव के गरिमा विषयक चर्चा की गयी, सम्बधित ऑगनवाड़ी कार्यकत्री एवं ग्राम पंचायत सचिव को अवगत कराया कि बहु बेटी या महिला किसी पद पर कार्यरत है एवं ग्राम का नाम रोशन किया गया है तो गांव की गरिमा हेतु सम्बधित सूचना अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध करायें।

# हत्या के दोषी को दी गई आजीवन कारावास की सजा

**हमीरपुर।** अवैध संबंधों के शक में बांके से की गई युवक की नृशंस हत्या के मामले की सुनवाई करते हुए शुक्रवार को विशेष न्यायाधीश (एफ्टीसी द्वितीय) सुदेश कुमार ने आरोपित के खिलाफ दोष सिद्ध होने पर उसे आजीवन कारावास सुनाया है। सहायक शासकीय अधिवक्ता अशोक कुमार शुक्ला ने बताया कि मौदहा कोतवाली के सिजनौड़ा गांव निवासी बदलू पुत्र भगवानदीन ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि 27 जून 2019 की दोपहर वह और उसका पिता भगवानदीन, मां सभी लोग फूफा फैलू के घर पर थे।

बुआ और फूफा के साथ सभी लोग विजय प्रकाश के खलिहान से भूसा लाकर घर में डाल रहे थे। तभी गांव का सौखीलाल हाथ में बांका लेकर फूफा के घर आया और उसके पिता से बोला कि तुम्हारे मेरी पत्नी से अवैध संबंध है, मैं तुम्हे जिंदा नहीं छोड़ूंगा और बांका से ताबड़तोड़ प्रहार कर दिए। इससे पिता खून से लथपथ होकर वहीं गिर पड़ा और सौखीलाल जानमाल की धमकी देते हुए भाग निकला।

# मंडलायुक्त ने की मासिक विकास कार्यों व कानून व्यवस्था की समीक्षा

●कुसुम योजना में किसानों को सोलर पम्प का अनुदान दिये जाने के दिए निर्देश

संवाददाता। बांदा



**आयुक्त** चित्रकूटधाम मण्डल बांदा आरपी सिंह की अध्यक्षता में मण्डलीय मासिक विकास कार्यों एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक आयुक्त कार्यालय सभागार में सम्पन्न हुई। आयुक्त ने नवनिर्मित मण्डायुक्त कार्यालय सभागार का फीता काटकर उद्घाटन किया।

उन्होंने मासिक समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिये कि शासन द्वारा मण्डल एवं जनपद स्तर पर अब सीएम डैशबोर्ड के माध्यम से ही विभिन्न कार्यों की समीक्षा की जायेगी, अतः अधिकारी सीएम डैशबोर्ड पोर्टल पर अपने विभाग की उपलब्धि को बढाने के लिए समय से अपने-अपने विभागीय कार्यों को तीव्र गति से करायें।

उन्होंने बैठक में पं दीनदयाल उपाध्याय सोलर स्ट्रीट लाइट योजना एवं बीके एस ग्राम उन्नति योजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए सोलर स्ट्रीट लाइट संयत्रों की स्थापना के कार्य को शीघ्र पूर्ण किये जाने के निर्देश अतिरिक्त ऊर्जा विभाग (नेडा) के अधिकारी को दिये। उन्होंने कृषि रक्षा रसायन एवं पीएम कुशुम योजना में किसानों को अनुदान दिये जाने की समीक्षा करते हुए कुसुम योजना में किसानों को समय से सोलर पम्प का अनुदान दिये जाने के निर्देश दिये। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की समीक्षा के दौरान बताया गया कि जिन किसानों ने अपने फसलों का बीमा कराया है, ऐसे दो लाख चैबीस हजार दौ सौ किसानों को आगमी अक्टूबर माह में फसल बीमा का लाभ दिया जायेगा। धान खरीद के सम्बन्ध में धान खरीद के केन्द्रों के संचालन के सम्बन्ध में उप निदेशक मण्डी को निर्देश दिये कि क्षेत्रीय खाद्य नियंत्रक अधिकारी एवं मण्डल के जिलाधिकारियों से समन्वय कर 61 खरीद केन्द्रों को समय से संचालित कराने की तैयारी कर रिपोर्ट बनाकर प्रस्तुत करें। उन्होंने निराश्रित गौवंशों का शत-प्रतिशत टीकाकरण कराये जाने तथा जनपद महोबा में टीकाकरण एवं कृत्रिम गर्भाधान के कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिये।

# लोकसभा चुनाव में भाजपा की होगी ऐतिहासिक जीतः देवेश कोरी



**चित्रकूट।** भाजपा के बूथ सशक्तिकरण अभियान की जिला कार्याशाला का आयोजन मुख्यालय स्थित चित्रकूट इंटर कालेज कर्वी के सभागार में किया। इस मौके पर भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जिले के प्रभारी देवेश कोरी ने कहा कि बूथ की मजबूती ही लोकसभा चुनाव में भाजपा की ऐतिहासिक जीत का आधार होगी। कार्यशाला के मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष व जिला प्रभारी देवेश कोरी , अध्यक्षता जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी ने की।

कार्यशाला में जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव , पूर्व सांसद भैरोप्रसाद मिश्र,पूर्व राज्यमंत्री चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय, डीसीबी चेयरमैन पंकज अग्रवाल,पूर्व विधायक आनंद शुक्ला, नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता, दिनेश तिवारी ,ब्लॉक प्रमुख सुशील द्विवेदी , गंगाधर मिश्र , नगर पंचायत राजापुर चेयरमैन संजीव मिश्र, नगर पंचायत मऊ के चेयरमैन अमित द्विवेदी आदि की गरिमामय उपस्थिति रही। कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष देवेश कोरी ने कहा कि बूथ की मजबूती ही जीत का आधार है। बूथ जीता तो चुनाव जीता। बूथ तक संवाद करके हमें विपक्ष को धूल धूसरित करना है। हमारे कार्यकर्ता विराट विजय का शंखनाद करेंगे। भाजपा की डबल इंजन सरकार के काम गांव-गांव घर-घर जन-जन तक पहुंचे हैं।

# बाइडन ने जेलेंस्की से मुलाकात की

## यूक्रेन के लिए नई सैन्य सहायता की घोषणा की

**भाषा।** वाशिंगटन

**अमेरिका** के राष्ट्रपति जो बाइडन ने व्हाइट हाउस में यूक्रेन के अपने समकक्ष वोलोदिमीर जेलेंस्की की मेजबानी करते हुए युद्धग्रस्त देश को नई सैन्य सहायता के रूप में 32.5 करोड़ डॉलर देने की घोषणा की तथा रूसी आक्रमण से उसकी रक्षा करने का संकल्प जताया। व्हाइट हाउस में बृहस्पतिवार को हुई बैठक दोनों नेताओं के बीच छठी व्यक्तिगत मुलाकात है। बाइडन ने व्हाइट हाउस के ओवल कार्यालय में जेलेंस्की से कहा, राष्ट्रपति महोदय, यूक्रेन के बहादुर लोगों और यह कोई अतिशयोक्ति नहीं है, यूक्रेन के लोगों ने अत्यधिक बहादुरी दिखाई है और इन सिद्धांतों की रक्षा करने के अपने दृढ़ संकल्प से दुनिया के प्रेरित किया है। उन्होंने इस साल व्हाइट हाउस में तीसरी बार यूक्रेनी नेता का स्वागत करते हुए कहा, अपने साझेदारों और सहयोगियों के साथ मिलकर अमेरिकी लोग यह देखने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं कि हम यह सुनिश्चित करने के लिए सभी प्रयास करें कि दुनिया आपके साथ खड़ी हो और अभी यही हमारा व्यापक उद्देश्य है। जेलेंस्की ने कहा, हमारे नियमित संवाद से यह साबित हुआ है कि हमारे देश वास्तव में सहयोगी और रणनीतिक मित्र हैं। हम रूस के आतंक से निपटने के लिए यूक्रेन को अमेरिका द्वारा दी गई महत्वपूर्ण सहायता की सराहना करते हैं। यूक्रेन की संप्रभुता की रक्षा करने का अपना संकल्प दोहराते हुए बाइडन ने कहा कि अमेरिका न्यायोचित और दीर्घकालीन शांति स्थापित करने के यूक्रेन के कूटनीतिक प्रयासों का समर्थन करता रहेगा जो उसकी संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता को सुरक्षित करें। उन्होंने कहा, शांति की राह में रूस अकेला खड़ा है। यह आज खत्म हो सकता है। इसके बजाय वह ईरान तथा उत्तर कोरिया से और हथियार मांग रहा है। यह संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के उन कई प्रस्तावों का उल्लंघन करेगा जिसके पक्ष में खुद मॉस्को ने वोट दिया था।



### रूस के आक्रमण के बाद पहली बार कनाडा की यात्रा पर जेलेंस्की, यूक्रेन के लिए समर्थन मांगेंगे

**टोरंटो।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की रूस के आक्रमण के खिलाफ पश्चिम के सहयोगी देशों का समर्थन हासिल करने के अपने प्रयासों के तहत शुक्रवार को कनाडा की संसद को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के कार्यालय ने बताया कि जेलेंस्की वाशिंगटन में यूक्रेन के समर्थकों जो बाइडन और सांसदों से मुलाकात के बाद ओटावा पहुंचने वाले हैं। ट्रूडो के जेलेंस्की का अभिवादन करने और शुक्रवार को संसद को संबोधित करने की भी संभावना है। फरवरी 2022 में यूक्रेन पर रूस के आक्रमण के बाद जेलेंस्की की यह पहली कनाडा यात्रा है। इससे पूर्व युद्ध शुरू होने के बाद उन्होंने कनाडा की संसद को ऑनलाइन संबोधित किया था। जेलेंस्की और ट्रूडो ओटावा से टोरंटो जाने वाले है जहां वे यूक्रेनी समुदाय के लोगो से मुलाकात करेंगे। कनाडा मे यूक्रेन के करीब 14 लाख लोग निवास करते है जो कुल आबादी का करीब चार प्रतिशत है। यूक्रेन के राष्ट्रपति संयुक्त राष्ट्र और व्हाइट हाउस के दौरे के बाद कनाडा की यात्रा कर रहे है। कनाडा के संयुक्त राष्ट्र मे राजदूत बॉब रे ने कहा कि कनाडा आकर जेलेंस्की को यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि उनका देश यूक्रेन युद्ध मे किस तरह से समर्थन कर रहा है।

# यूक्रेनी मिसाइल से काला सागर बेड़े मुख्यालय पर हमला

## एक सैनिक लापता: रूस

**भाषा।** कीव

**यूक्रेन ने** रूस के काला सागर बेड़े के मुख्य मुख्यालय पर शुक्रवार को एक भीषण मिसाइल हमला किया और इसमें एक सैनिक लापता हो गया। रूसी रक्षा मंत्रालय ने यह जानकारी दी। वीडियो और तस्वीरों में क्रीमिया के सेवस्तोपोल में इमारत के ऊपर धुएं का बड़ा गुबार देखा जा सकता है। मंत्रालय ने शुरू में कहा था कि एक सैनिक मारा गया, लेकिन फिर एक बयान जारी कर कहा कि वह लापता है। रूस द्वारा नियुक्त सेवस्तोपोल के गवर्नर मिखाइल रज्वोझाएव ने कहा कि मुख्यालय के बाहर कोई भी घायल नहीं हुआ। उन्होंने हताहत हुए अन्य लोगों के बारे में कोई जानकारी नहीं दी। उन्होंने कहा कि अग्निशमनकर्मी आग पर काबू पाने का प्रयास कर रहे हैं। समाचार एजेंसी तास की खबर के अनुसार बेड़े के मुख्यालय पर बड़ी संख्या में एम्बुलेंस पहुंच गई है। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि सेवस्तोपोल पर हमले का जवाब देते हुए रूसी वायु रक्षा प्रणालियों ने पांच मिसाइलों को नष्ट कर दिया। रज्वोझाएव ने कहा कि नागरिक बुनियादी ढांचे को नुकसान नहीं हुआ है, लेकिन उन्होंने बेड़े मुख्यालय पर प्रभाव का उल्लेख नहीं किया। उन्होंने शुरू में सेवस्तोपोल के निवासियों को चेतावनी दी थी कि एक और हमला होने की आशंका है और उनसे इमारतों को छोड़ने का आग्रह किया था। बाद में उन्होंने कहा कि अब हवाई हमले का कोई खतरा नहीं है, लेकिन उन्होंने शहर के मध्य भाग में न जाने का आह्वान दोहराया क्रीमिया पर हाल के कई हमलों की जिम्मेदारी लेने वाले यूक्रेनी अधिकारियों ने तुरंत यह घोषणा नहीं की कि कीव ने हमला किया है। रूसी मीडिया की खबर के अनुसार सेवस्तोपोल निवासियों ने कहा कि उन्होंने विस्फोटों की आवाज सुनी और आसमान में धुआं देखा एक अन्य घटनाक्रम में, दक्षिणी खेरसॉन क्षेत्र में जारी गोलाबारी में एक व्यक्ति की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया। क्षेत्रीय गवर्नर ऑलेक्जेंडर प्रोकुडिन ने यह जानकारी दी।

## क्विक न्यूज

### पाकिस्तान में राजनीतक दलों ने जनवरी 2024 में आम चुनाव की तारीख घोषित करने की मांग की

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान निर्वाचन आयोग द्वारा देश में जनवरी के अंतिम सप्ताह में आम चुनाव कराने की घोषणा के एक दिन बाद राजनीतिक दलों ने चुनाव की निश्चित तारीख घोषित किए जाने की मांग की है। पाकिस्तान निर्वाचन आयोग (ईसीपी) ने बृहस्पतिवार को चुनावों के लिए एक विशिष्ट तारीख के बगैर चुनाव के लिए एक अस्पष्ट समय सीमा जारी की और कहा कि 2024 की जनवरी के अंतिम सप्ताह में चुनाव कराया जाएगा, जिस पर राजनीतिक दलों की ओर से यह मिली-जुली प्रतिक्रिया आई है। हम न्यूज टीवी ने ईसीपी घोषणा पर विभिन्न दलों की प्रतिक्रिया पर प्रकाश डाला। मुख्य विपक्षी दल, पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) ने अफसोस जताया कि ईसीपी एक निश्चित तारीख की घोषणा करने में विफल रही और स्पष्टता की मांग की। पीपीपी नेता शाज़िया मैरी ने कहा, चुनाव आयोग ने अभी तक कोई निश्चित तारीख नही दी है। पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के वरिष्ठ नेता अहसान इकबाल ने कहा कि उनकी पार्टी ईसीपी के फैसले का स्वागत करती है क्योंकि इससे परिसीमन को लेकर अनिश्चितता खत्म हो गई है। उन्होंने कहा कि हर कोई पहले दिन से जानता था कि चुनाव आयोग जनगणना के बाद परिसीमन करने के लिए बाध्य है।

### नेपाल में शिक्षा विधेयक के खिलाफ हजारों शिक्षकों ने प्रदर्शन किया, देशभर में स्कूल बंद

**काठमांडू।** नेपाल की संसद में शिक्षा सुधार विधेयक लाए जाने के विरोध में यहां हजारों शिक्षकों ने प्रदर्शन किया, जिसकी वजह से शुक्रवार को स्कूल बंद रहे।शिक्षक संबंधित विधेयक के खिलाफ बुधवार से राजधानी काठमांडू मे प्रदर्शन कर रहे है, जबकि उनके संगठन कानून मे बदलाव को लेकर नेताओं के साथ बातचीत कर रहे है।शिक्षक उन प्रावधानों का विरोध कर रहे हैं, जो सरकार- संचालित स्कूलों को स्थानीय नियंत्रण में दे देंगे। शिक्षकों का कहना है कि इससे उनकी स्थिति कमतर होगी और इससे कई अस्थाई शिक्षकों के पद समाप्त हो जाएंगे।शिक्षकों ने संसद भवन से प्रमुख मंत्रालयों तक जाने वाली मुख्य सड़क को अवरुद्ध कर दिया, जिससे राजधानी के मध्य में यातायात बाधित हो गया। प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए तैनात सैकड़ो पुलिसकर्मियों ने संसद की ओर जाने वाली सड़क को कंटीले तारो वाले बैरिकेड्स से अवरुद्ध कर दिया। शिक्षकों ने धमकी दी है कि अगर उनकी मांगो पर ध्यान नही दिया गया तो वे काठमांडू में और अधिक प्रदर्शनकारियों को ले आएंगे।

### अजरबैजान ने नागोर्नो-कराबाख को भोजन, मानवीय सहायता भेजी

**एरेवान।** अजरबैजान ने कहा है कि वह शुक्रवार को नागोर्नो-काराबाख को भोजन और मानवीय सहायता पहुंचा रहा है। क्षेत्र की जातीय आर्मेनियाई अलगाववादी सरकार के संक्षिप्त अवधि के लिए संघर्ष विराम का आह्वान करने, और अजरबैजानी सैनिकों के साथ भीषण लड़ाई करने के दो दिन बाद यह कदम उठाया गया है। नागोर्नो-काराबाख की।,20,000 आबादी बीते साल से भोजन और दवाइयों की घोर कमी का सामना कर रही है, जब क्षेत्र को आर्मेनिया से जोड़ने वाली सड़क की नाकेबंदी शुरू की गई थी। क्षेत्र में स्थिरता लाने के लिए भोजन और बुनियादी चीजों की आपूर्ति में सुधार लाना एक महत्वपूर्ण मुद्दा है। यह क्षेत्र अजरबैजान में है, लेकिन यह 1994 से ही जातीय आर्मेनियाई बलों के नियंत्रण में है। अजरबैजान ने मंगलवार को आर्मेनियाई मोर्चे पर भीषण गोलाबारी की, जिसे उसने आतंकवाद रोधी अभियान बताया है। अजरबैजान ने यह मांग की थी कि आर्मेनियाई अपने हथियार डाल दें और अलगाववादी सरकार को प्रतिबंधित करे। एक दिन बाद, नागोर्नो-काराबाख के अधिकारी सैन्य मांगों पर सहमत हो गए, लेकिन क्षेत्र का अजरबैजान में एकीकरण करने के तौर तरीकों पर उनके बीच सहमति नही बन सकी। आर्मेनिया के प्रधानमंत्री निकोल पाशिन्यान ने शुक्रवार को एक बैठक में कहा कि क्षेत्र के जातीय आर्मेनियाई लोगों के अपना घरबार छोड़ने की कोई जरूरत नही है, लेकिन कहा कि जरूरत पड़ने पर आर्मेनिया 40,000 शरणार्थियों को शरण दे सकता है।

### इस्लामाबाद की जवाबदेही अदालत में भ्रष्टाचार के कम से कम 80 मामलों पर फिर से शुरू होगी सुनवाई

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान उच्चतम न्यायालय के पिछले दिनों आए एक ऐतिहासिक फैसले के बाद पूर्व प्रधानमंत्रियो नवाज शरीफ और शहबाज शरीफ तथा पूर्व राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी समेत कुछ लोगों के खिलाफ भ्रष्टाचार के कम से कम 80 बड़े मामले फिर से खोले जाएंगे जिन्हे बंद कर दिया गया था। शुक्रवार को एक खबर में यह दावा किया गया। आधिकारिक सूत्रों ने कहा किए मामले पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) पार्टी की पूर्ववर्ती सरकार द्वारा भ्रष्टाचार विरोधी कानूनों में किए गए संशोधनों के परिणामस्वरूप बंद किए गए सैकड़ो मामलों में से है। उन्होंने कहा कि इन मामलो में सुनवाई जल्द शुरू होगी। पाकिस्तान के पूर्व प्रधान न्यायाधीश उमर अता बंदियाल की अध्यक्षता वाली शीर्ष अदालत की पीठ ने 15 सितंबर को भ्रष्टाचार विरोधी कानूनो में संशोधनो को रद्द कर दिया था और राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो (एनएबी) को निर्देश दिया था कि सार्वजनिक पदो पर बैठे लोगो के खिलाफ बंद मामले सात दिन के भीतर फिर से खोले जाएं। शीर्ष अदालत ने जेल मे बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पिछले साल दायर एक याचिका पर अपना फैसला सुनाया था। खान ने तत्कालीन प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की सरकार द्वारा जवाबदेही कानूनों में किए गए संशोधनों को चुनौती दी थी। डॉन अखबार के अनुसार एनएबी के अभियोजन पक्ष ने इस्लामाबाद की जवाबदेही अदालत मे 80 मामलो का विवरण जमा किया है। कई अन्य मामले रावलपिंडी और क्वेटा की जवाबदेही अदालतों को लौटा दिए गए है। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार शीर्ष अदालत के हस्तक्षेप के बाद अधिकारियो और कारोबारियो के खिलाफ ऐसे करीब 2,000 मामले फिर से खोले जा रहे है जिन्हे पहले बंद कर दिया गया था।

### पाकिस्तान में खुफिया जानकारी पर आधारित सैन्य अभियानों में आठ आतंकवादी मारे गए

**पेशावर।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत मे खुफिया जानकारी के आधार पर दो अलग-अलग अभियानो मे आठ आतंकवादी मारे गए और पांच को गिरफ्तार कर लिया गया। सेना ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। सेना की मीडिया शाखा, इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने एक बयान मे कहा कि पहला अभियान बन्नू जिले के जानी ख़ेल में चलाया गया। सुरक्षाकर्मियो और आतंकवादियो के बीच हुई भीषण गोलीबारी मे छह आतंकवादी मारे गए जबकि पांच को पकड़ लिया गया। आईएसपीआर के अनुसार, अभियान में मारे गए आतंकवादी सुरक्षा बलो के खिलाफ कई आतंकी गतिविधियो में शामिल थे, जिनमें पिछले महीने जानी ख़ेल में एक सैन्य काफिले पर मोटरसाइकिल से किया गया आत्मघाती हमला शामिल है। इस हमले मे सेना के नौ जवानो की मौत हुई थी। उत्तरी वजीरिस्तान कबायली जिले के दत्ता ख़ेल मे चलाए गए एक अन्य अभियान में सुरक्षा बलो से हुई मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गए। मारे गए आतंकवादियो के पास से हथियार और गोला-बारूद भी बरामद हुआ है।

### सूडान में युद्ध देश की सीमाओं से आगे भी फैल सकता है: जनरल बुरहान

**अबुजा (नाइजीरिया)।** सूडान के सेना प्रमुख जनरल अब्दुल फत्तह बुरहान ने संयुक्त राष्ट्र महासभा से कहा कि यदि सूडान मे युद्ध नही रोका गया तो यह पूर्वोत्तर अफ्रीकी देश की सीमाओ से आगे भी फैल सकता है। जनरल बुरहान ने विश्व नेताओ से प्रतिद्वंद्वी अर्धसैनिक बल को आतंकवादी समूह घोषित करने का आग्रह किया। उन्होंने बृहस्पतिवार देर रात विश्व नेताओं को बताया, इस युद्ध की प्रकृति अब क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय शांति एवं सुरक्षा के लिए खतरा है। ...यह युद्ध की चिंगारी की तरह है, एक ऐसा युद्ध जो क्षेत्र के अन्य देशों तक फैल जाएगा। सूडान मे गत अप्रैल मे तब संघर्ष शुरू हो गया था जब जनरल बुरहान के नेतृत्व वाली सेना और मोहम्मद हमदान डागालो के नेतृत्व वाले प्रतिद्वंद्वी रैपिड सपोर्ट फोर्सेज के बीच लंबे समय से जारी तनाव बढ़ गया। दोनो 2021 मे तख्तापलट करके सत्ता पर काबिज होने के लिए सेना मे शामिल हुए थे, जिसने सूडान की लोकतंत्र समर्थक ताकतों को किनारे कर दिया था। पिछले सप्ताह अपने इस्तीफे की घोषणा करने वाले देश में संयुक्त राष्ट्र के दूत वोल्कर पर्थेस के अनुसार, संघर्ष में कम से कम 5,000 लोग मारे गए है और 12,000 अन्य घायल हुए है।जनरल बुरहान ने कहा कि सूडानी सेना नें इस युद्ध को रोकने के लिए सभी दरवाजे खटखटाए है और संयुक्त राष्ट्र से आरएसएफ को एक आतंकवादी समूह घोषित करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि आरएसएफ ने सभी प्रकार के अपराध किए है जो किसी संगठन को आतंकवादी समूह घोषित करने का आधार है, जिसमें अन्य देशों के अपराधियो और आतंकवादी समूहों की सहायता प्राप्त करना भी शामिल है।

### रूस ने गैसोलीन और डीजल के निर्यात पर अस्थाई प्रतिबंध लगाने की घोषणा की

**मॉस्को।** रूस ने बढ़ती घरेलू दरों मे स्थिरता लाने और देश की ईंधन आपूर्ति मे सुधार के मकसद से गैसोलीन और डीजल के निर्यात पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा की है। सरकार ने बृहस्पतिवार को इस संबंध मे आदेश जारी करते हुए कहा कि पाबंदियां अस्थाई होंगी। हालांकि पाबंदियां कब खत्म होंगी, इसकी जानकारी सरकार ने नही दी। रूस के इस फैसले से वैश्विक बाजार में ईंधन के दाम बढ़ने के आसार हैं। सरकारी समाचार एजेंसी तास की खबर के अनुसार रूस प्रतिदिन लगभग 9,00,000 बैरल डीजल और 60,000 से।,00,000 तक बैरल गैसोलीन का निर्यात करता है। तास की खबर के अनुसार प्रतिबंध की घोषणा होने के बाद ईंधन की घरेलू दरों मे चार प्रतिशत के आसपास गिरावट आई है। रूस के नेतृत्व वाले व्यापारिक समूह यूरेशियन इकॉनोमिक यूनियन में शामिल अन्य देशों आर्मेनिया, बेलारूस, किर्गिस्तान और कजाखस्तान पर यह प्रतिबंध लागू नही होगा।

### सिंगापुर का राष्ट्रीय ध्वज लपेटकर हंगामा करने वाले भारतीय मूल के व्यक्ति को जेल

**सिंगापुर।** सिंगापुर में इस महीने की शुरुआत में राष्ट्रीय ध्वज लपेटकर एक कॉफी शॉप मे हंगामा करने के लिए भारतीय मूल के 36 वर्षीय व्यक्ति को दो सप्ताह की जेल की सजा सुनाई गई है। मीडिया में आई खबर में यह जानकारी दी गई है। द स्ट्रेट टाइम्स की खबर के अनुसार रॉय रवि जगनाथन को सार्वजनिक रूप से हंगामा करने के लिए बृहस्पतिवार को दूसरी बार दोषी करार दिया गया। इससे पहले इस साल जुलाई में भी उसने ऐसा ही अपराध किया था, उस मामले मे उसे पांच दिन जेल मे रहने की सजा सुनाई गई थी।

### रामास्वामी ने चीन से आर्थिक आजादी की घोषणा की मांग की

**वाशिंगटन।** अमेरिका में राष्ट्रपति पद की दौड़ मे शामिल भारतीय अमेरिकी रिपब्लिकन नेता विवेक रामास्वामी ने चीन से आर्थिक आजादी घोषित करने की मांग की है जिसके लिए उन्होने भारत जैसे देशो से संबंधो मे विस्तार समेत कुछ कदम सुझाए हैं। रामास्वामी ने बृहस्पतिवार को अपने गृह राज्य ओहायो मे प्रमुख विदेश नीति भाषण मे चीनी-नियंत्रित दवा आपूर्ति शृंखलाओं से दूरी बनाने और सैन्य खर्च बढ़ाने की आवश्यकता को भी रेखांकित किया। बायोटेक उद्यमी रामास्वामी (38) ने कहा, हम यहां इस बात का स्पष्ट और व्यावहारिक दृष्टिकोण रख रहे है कि हम वास्तव मे, अंततः चीन से आर्थिक आजादी की घोषणा करेंगे।

### न्यू जर्सी के सीनेटर मेनेंडेज और उनकी पत्नी पर रिश्वत का मुकदमा

वाशिंगटन। अमेरिका में न्यू जर्सी के सीनेटर बॉब मेनेंडेज और उनकी पत्नी पर रिश्वत लेने का मुकदमा दायर किया गया है।संघीय अभियोजक ने शुक्रवार को 69 वर्षीय डेमोक्रेट नेता के खिलाफ आरोपो की घोषणा की। मेनेंडेज पर करीब छह साल बाद फिर से मुकदमा हुआ है। छह साल पहले बॉब मेनेंडेज के खिलाफ एक आपराधिक मामला जूरी के साथ गतिरोध के बाद खत्म हो गया था।अभियोजक के मुताबिक, बॉब मेनेंडेज के घर पर छापेमारी मे एक लाख अमेरिकी डॉलर की सोने की छड़ें और 4.80 लाख अमेरिकी डॉलर नकद बरामद किए गए है।

### इजराइल सऊदी अरब के साथ ऐतिहासिक करार की दहलीज पर : नेतान्याहू

**संयुक्त राष्ट्र।** इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतान्याहू ने कहा है कि उनका देश सऊदी अरब के साथ शांति संधि की एतिहासिक उपलब्धि की दहलीज पर है।नेतान्याहू ने शुक्रवार को संयुक्त राष्ट्र महासभा को संबोधित करते हुए कहा कि इजराइल और सऊदी अरब के बीच शांति से वाकई नए पश्चिम एशिया का निर्माण होगा। अमेरिका एक ऐसा करार कराने के लिए प्रयासरत है जिसमें सऊदी अरब इजराइल के साथ अपना संबंध सामान्य बना लेगा और उसके बदले मे उसे अमेरिका से एक रक्षा समझौता एवं असैन्य परमाणु कार्यक्रम के विकास में मदद मिलेगी तथा फलस्तीनी के निर्माण की ओर प्रगति होगी।

### अमेरिका में स्कूली छात्रों को ले जा रही बस दुर्घटनाग्रस्त

**मिडलटाउन।** न्यूयॉर्क में बृहस्पतिवार को स्कूली छात्रों को ले जा रही एक बस दुर्घटनाग्रस्त होने से दो लोगों की मौत हो गई जबकि कई अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। अधिकारियो ने यह जानकारी दी। बस फार्मिंगडेल हाई स्कूल के छात्रों को पेन्सिलवेनिया के ग्रीली शहर ले जा रही थी। बस दोपहर एक बजे के आसपास न्यूयॉर्क शहर से लगभग 72 किलोमीटर दूर वावायंडा मे राजमार्ग संख्या 84 पर थी, तभी चालक ने उसपर से नियंत्रण खो दिया।

# हिंद-प्रशांत क्षेत्र का विकास संप्रभुता, क्षेत्रीय अखंडता के सम्मान पर टिका : क्वाड विदेश मंत्री

**भाषा।** न्यूयॉर्क

**चीन पर परोक्ष** रूप से हमला करते हुए क्वाड समूह ने शुक्रवार को दोहराया कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र का विकास संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के सम्मान पर टिका है। समूह ने विवादित क्षेत्रों के सैन्यीकरण, तटरक्षक और समुद्री मिलिशिया जहाजों के खतरनाक इस्तेमाल और अन्य देशों की अपतटीय अन्वेषण गतिविधियों को बाधित करने के प्रयासों पर गंभीर चिंता व्यक्त की। चार देशों का समूह क्वाड एक बहुपक्षीय ढांचा है, जिसका गठन हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन के आक्रामक रुख का मुकाबला करने के लिए 2017 में किया गया था। इस समूह में भारत, ऑस्ट्रेलिया, जापान और अमेरिका शामिल हैं। विदेश मंत्री एस जयशंकर, अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन, ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री पेनी वोंग और जापान की विदेश मंत्री कामिकावा योको ने यहां संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के उच्च स्तरीय 78वें सत्र से इतर क्वाड विदेश मंत्रियों की बैठक की और संयुक्त राष्ट्र चार्टर के सिद्धांतों को बनाए रखने के लिए अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की। क्वाड विदेश मंत्रियों की बैठक के बाद एक संयुक्त बयान में कहा गया, हम अपने दृढ़ विश्वास की पुष्टि करते हैं कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र का विकास अंतरराष्ट्रीय कानून, संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान तथा समुद्री क्षेत्र में शांति और सुरक्षा बनाए रखने पर टिका है। मंत्रियों ने इस बात पर जोर दिया कि विवादों को बिना किसी जोर-जबरदस्ती या बल प्रयोग के शांतिपूर्वक और अंतरराष्ट्रीय कानून के अनुसार हल किया जाना चाहिए। उन्होंने संयुक्त बयान में कहा, हम अंतरराष्ट्रीय कानून, विशेष रूप से समुद्री कानून पर संयुक्त राष्ट्र कन्वेंशन (यूएनसीएलओएस) के पालन के महत्व पर जोर देते हैं, ताकि दक्षिण और पूर्वी चीन सागर समेत समुद्री क्षेत्र के दावों के संबंध में वैश्विक समुद्री नियम-आधारित व्यवस्था की चुनौतियों का समाधान किया जा सके। मंत्रियों ने यूएनसीएलओएस के अनुरूप नौवहन और उड़ान की स्वतंत्रता को बनाए रखने के महत्व पर जोर दिया और बलपूर्वक या जोर जबरदस्ती द्वारा यथास्थिति को बदलने की कोशिश करने वाली किसी भी एकतरफा कार्वाई के प्रति अपना कड़ा विरोध दोहराया। मंत्रियों ने परोक्ष रूप से चीन के संदर्भ में कहा, हम विवादित क्षेत्रों के सैन्यीकरण, तटरक्षक और समुद्री मिलिशिया जहाजों के खतरनाक इस्तेमाल और अन्य देशों की अपतटीय अन्वेषण गतिविधियों को बाधित करने के प्रयासों के बारे में गंभीर चिंता व्यक्त करते हैं।

### जयशंकर ने जापानी समकक्ष के साथ रणनीतिक संबंधों को मजबूत बनाने के तरीकों पर की चर्चा



**न्यूयॉर्क।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने शुक्रवार को यहां जापान की विदेश मंत्री योको कामिकावा से मुलाकात की। इस दौरान दोनो नेताओ ने भारत और जापान के बीच विशेष रणनीतिक तथा वैश्विक साझेदारी तथा द्विपक्षीय संबंधो को और बढ़ाने के तरीकों पर विचारो का आदान-प्रदान किया। वरिष्ठ सांसद कामिकावा (70) ने इस महीने की शुरुआत में कैबिनेट फेरबदल मे जापानी विदेश मंत्री के रूप मे योशिमासा हयाशी का स्थान लिया था। जयशंकर ने एक्स पर कहा, यूएनजीए78 में जापान की विदेश मंत्री योको कामिकावा से मिलकर खुशी हुई। उन्होने पोस्ट किया, हमारी विशेष रणनीतिक और वैश्विक साझेदारी पर दृष्टिकोणो का आदान-प्रदान किया गया। हमारे क्षेत्रीय, बहुपक्षीय और वैश्विक सहयोग और इन्हें आगे बढ़ाने पर चर्चा की गई। इससे पहले, जयशंकर ने संयुक्त राष्ट्र महासभा के 78वें सत्र में अपनी भागीदारी करते हुए क्वाड सहयोगियो के साथ चर्चा की। उन्होने कहा, बैठक मे जापानी विदेश मंत्री योको कामिकावा का स्वागत किया गया। हिंद-प्रशांत क्षेत्र मे नियम-आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था की रक्षा करने और क्वाड प्रतिबद्धताओं को पूरा करने पर चर्चा की गई। क्वाड मे जापान, भारत, ऑस्ट्रेलिया और अमेरिका शामिल है और यह साझा हितो और मूल्यो से प्रेरित देशो का एक समूह है।

### वाशिंगटन में जनवरी में होगा आईआईटी 2024 वैश्विक सम्मेलन

**वाशिंगटन।** अमेरिका की राजधानी में दुनियाभर के प्रतिभाशाली लोगों और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान के भूतपूर्व छात्रों का एक विशाल सम्मेलन जनवरी में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के आयोजकों ने इसकी घोषणा की है। ब्रांड इंडिया को दर्शाते हुए यह तीन दिवसीय सम्मेलन 12 जनवरी को शुरू होगा और इसमें अन्य उद्यमी तथा भारत के प्रतिष्ठित लोग कृत्रिम बुद्धिमत्ता से लेकर सतत विकास और चिकित्सा के क्षेत्र में मिली आधुनिक सफलताओं के मुद्दों पर बात करेंगे। पैनआईआईटी द्वारा आयोजित किए जा रहे आईआईटी 2024 वैश्विक सम्मेलन कार्यक्रम की थीम नवोन्मेष है। पैनआईआईटी, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान के भूतपूर्व छात्रों का प्रतिनिधित्व करने वाला एक संगठन है। आईआईटी 2024 के अध्यक्ष और क्रीडेन्स मैनेजमेंट सॉल्यूशन्स के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सिद्धार्थ चौधरी ने कहा, सम्मेलन का ध्यान नवोन्मेष और कृत्रिम बुद्धिमत्ता, सतत ऊर्जा के क्षेत्र में कैसे आगे बढ़ें और औषधि समय पर सभी को उज्ज्वल भविष्य दे सकती है, इस पर केंद्रित होगा।

# संरा सुरक्षा परिषद में सुधार प्रक्रिया में सार्थक प्रगति नहीं होने पर जी-4 देशों ने जताई चिंता

**न्यूयॉर्क।** जी4 समूह के सदस्य देशों- ब्राजील, जर्मनी, जापान और भारत ने चेतावनी दी है कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार में जितना लंबा वक्त लगेगा, उतने ही इसके प्रभावों को लेकर सवाल खड़े होंगे। इन देशों ने अंतर-सरकारी वार्ता (आईजीएन) के मामलों में सार्थक संवाद के सतत अभाव पर चिंता भी जताई। ब्राजील के विदेश मंत्री माउरो विएरा, जर्मनी की संघीय विदेश मंत्री अन्नालेना बेयरबॉक, जापान की विदेश मंत्री योको कामिकावा और भारत के विदेश मंत्रालय में सचिव (पश्चिम) संजय वर्मा ने संयुक्त राष्ट्र महासभा के 78वें सत्र से इतर बृहस्पतिवार को मुलाकात की और सुरक्षा परिषद में सुधार के लिए वार्ता की स्थिति पर चर्चा की। उन्होंने सुरक्षा परिषद सुधार पर निर्णायक प्रगति और वास्तविक परिणामों के लिए 2024 में समिट फॉर फ्यूचर (भविष्य के लिए सम्मेलन) और 2025 में संयुक्त राष्ट्र की 80वीं वर्षगांठ जैसी महत्वपूर्ण आगामी घटनाओं के महत्व को भी रेखांकित किया। जी4 मंत्रियों के यहां जारी संयुक्त प्रेस वक्तव्य में कहा गया, मंत्रियों ने इस बात पर जोर दिया कि अंतरराष्ट्रीय शासकीय ढांचों का भविष्य उनके अनुकूल तथा उद्देश्य के लिए यथोचित बने रहने की उनकी क्षमता पर निर्भर करता है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार में जितना लंबा वक्त लगेगा, उतना ही इसका प्रभाव सवालों के घेरे में आएगा।

# चीन और सीरिया ने साझेदारी की घोषणा की

**भाषा।** बीजिंग



**चीन के राष्ट्रपति** शी चिनफिंग ने आगामी एशियाई खेलों से पहले सीरिया के साथ राजनयिक बैठकों की शृंखला शुरू की और दोनों देशों ने शुक्रवार को रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की। शी ने दक्षिण चीन के हांगझोऊ शहर में सीरिया के राष्ट्रपति बशर असद से मुलाकात की। 15 दिवसीय एशियाई खेलों का आयोजन हांगझोऊशहर में किया जा रहा है। शी ने सरकारी चैनल सीसीटीवी द्वारा ऑनलाइन जारी वीडियो क्लिप में कहा, अस्थिर और अनिश्चित अंतरराष्ट्रीय परिस्थिति में चीन, सीरिया के साथ काम करने का इच्छुक है ताकि दोनों एक दूसरे का मजबूती से समर्थन करें और अंतरराष्ट्रीय न्याय को संयुक्त रूप से सुरक्षित रखें। असद की यात्रा कुछ मायनों में पिछले साल रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की यात्रा से मिलती जुलती है जो बीजिंग शीतकालीन ओलंपिक के उद्घाटन के लिए आए थे। चीन के विदेश मंत्रालय ने कहा कि एशियाई खेलों के उद्घाटन समारोह में शनिवार रात को कंबोडिया के राजा, कुवैत के क्राउन प्रिंस और नेपाल, पूर्वी तिमोर तथा दक्षिण कोरिया के प्रधानमंत्री भी शामिल होंगे। सीसीटीवी ने कहा कि शी ने शुक्रवार को कुवैत के क्राउन प्रिंस शेख मेशाल अल अहमद अल जबेर अल सबाह से भी मुलाकात की और कहा कि वह द्विपक्षीय संबंधों को नए स्तर पर ले जाने के लिए उनके साथ काम करेंगे।

# दांत पीसना हमेशा बुरी बात नहीं होती

**भाषा।** मैड्रिड (स्पेन)

**स्पेन के दंत** चिकित्सकों की परिषद के अनुसार, ब्रुक्सिज्म दांतों की एक ऐसी बीमारी है जो महामारी के बाद से सबसे अधिक बढ़ गई है, लगभग चार गुना। वास्तव में, आबादी के बीच इसकी दर 6℅ से बढ़कर 23℅ हो गई है। चाहे हम इससे प्रभावित हों या नहीं, हम सभी जानते हैं कि इस व्यवहार का मूलतः क्या अर्थ है: किसी का दाँत भींचना या पीसना।

लेकिन, हाल के वर्षों में, यह अवधारणा बदल गई है और अब इसे दो अलग-अलग रूपों में वर्गीकृत किया गया है: स्लीप ब्रुक्सिज्म और अवेक ब्रुक्सिज्म। और उन्हें दो अलग-अलग घटनाओं के रूप में देखा जा सकता है - हालाँकि दोनों कभी-कभी एक साथ दिखाई देते हैं। जबकि पहला सोते समय अनैच्छिक रूप से प्रकट होता है, जबकि दूसरा तब प्रकट होता है जब हम जागते हैं। बाद के मामले में, व्यक्ति को अपने व्यवहार के बारे में पता चल सकता है और इस प्रकार, वह इसे रोक सकता है। दो अलग घटनाएं-वर्तमान में, स्लीप ब्रुक्सिज्म को "नींद के दौरान चबाने वाली मांसपेशियों की गतिविधि के रूप में परिभाषित किया गया है, जिसे लयबद्ध या गैर-लयबद्ध के रूप में जाना जाता है और यह अन्यथा स्वस्थ व्यक्तियों में गतिविधि विकार या नींद विकार नहीं है। अवेक ब्रुक्सिज्म को जागने के दौरान चबाने वाली मांसपेशियों की एक गतिविधि के रूप में वर्णित किया गया है जो दांतों को आपस में बार बार किटकिटाने या निरंतर दांतों के संपर्क औराया जबड़े को दबाने से संबंधित है और अन्यथा स्वस्थ व्यक्तियों में एक गतिविधि विकार नहीं है। दूसरे शब्दों में, जिसे हम आमतौर पर सोते समय (या तो रात में या दिन के दौरान) अपने दांत भिंचनेपीसने के रूप में सोचते हैं, उसे स्लीप ब्रक्सिज्म कहा जाएगा, जबकि जबड़े का भिंचना, लगातार दांतों का संपर्क, या जागते समय जोर लगाना जागृत ब्रुक्सिज्म होगा। हालाँकि दोनों परिभाषाएँ बहुत समान व्यवहारों को संदर्भित करती प्रतीत होती हैं, उनकी उत्पत्ति, उनके लक्षण और उनसे कैसे निपटा जाना चाहिए, वे अलग-अलग हैं।

कुछ नैदानिक सेटिंग्स में, दोनों प्रकारों को जोखिम कारक या अंतर्निहित बीमारी का संकेत माना जा सकता है, जैसे सिरदर्द (सामान्य सिरदर्द और माइग्रेन दोनों) या टेम्पोरोमैंडिबुलर विकार (जो जबड़े के जोड़ और उसकी गति को नियंत्रित करने वाली मांसपेशियों को प्रभावित करते हैं)।

### लेकिन, अगर ब्रुक्सिज्म फायदेमंद होता तो क्या होता?

किसी भी मामले मे, वर्तमान शोध ब्रुक्सिज्म की अवधारणा के लिए एक और महत्वपूर्ण संशोधन का संकेत देता है: इसे अब एक विकृति विज्ञान नही बल्कि एक मात्र मोटर गतिविधि माना जाता है। कहने का तात्पर्य यह है कि इसका अपने आप मे हानिकारक होना जरूरी नही है।

सबसे पहले, 2020 के एक अध्ययन ने निष्कर्ष निकाला कि जागृत ब्रुक्सिज्म एक तनाव मुक्ति तंत्र हो सकता है। और दूसरी बात, जब हम सोते है तो जो विविधता होती है वह गैस्ट्रिक रिफ्लक्स और ऑब्सट्रक्टिव स्लीप एपनिया (रात के आराम के दौरान सांस लेने मे रुकावट) से संबंधित होती है। कुछ शोधकर्ताओ का अनुमान है कि यह दोनो विकारो के प्रभावो के विरुद्ध एक सुरक्षात्मक भूमिका निभा सकता है।मनोवैज्ञानिक कारक: जहां तक इस व्यवहार की उत्पत्ति का सवाल है, यह अभी भी पूरी तरह से स्पष्ट नही है, लेकिन शराब, निकोटीन, कैफीन, कुछ दवाएं, चिंता और तनाव जैसे जोखिम कारको की पहचान की गई है। इसमे भावनात्मक तनाव एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता प्रतीत होता है, विशेषकर जागृत ब्रुक्सिज्म में। दरअसल, इसे मुख्य ट्रिगर माना जाता है। इन पंक्तियो के साथ, मैड्रिड के कॉम्प्लूटेंस विश्वविद्यालय के दंत चिकित्सा संकाय के शोधकर्ताओ द्वारा किए गए एक हालिया अध्ययन मे कोविड-19 महामारी से पहले, उसके दौरान और बाद में प्रतिभागियो के नमूनों की तुलना की गई। शोधकर्ताओं के निष्कर्षों के अनुसार, नीद मे और जागृत ब्रुक्सिज्म चिंता के विभिन्न स्तरो से प्रभावित हो सकते है: जबकि सोते हुए दांत पीसना निष्क्रिय तनाव (चिंता या असहायता से जुड़ा हुआ) से संबंधित होगा, जागृत ब्रुक्सिज्म काफी हद तक तत्काल, दैनिक गतिविधियो से जुड़ा हुआ प्रतीत होता है।।

### स्वीडन के पब में गोलीबारी, दो लोगों की मौत दो अन्य घायल : पुलिस

*स्टॉकहोम।* स्वीडन के सैंडविकेन में स्थित एक बार में हुई गोलीबारी में कम से कम दो लोगों की मौत हो गई जबकि दो अन्य घायल हो गए। पुलिस ने शुक्रवार को इसकी जानकारी दी। पुलिस ने बयान जारी कर कहा कि स्टॉकहोम से करीब 162 किलोमीटर दूर सैंडविकेन के पब में बृहस्पतिवार की देर रात गोलीबारी हुई। इसमें कहा गया है कि मरने वालों में एक बुजुर्ग और एक युवा शामिल है। पुलिस प्रवक्ता मैग्नस जैन्सन क्लारिन ने स्वीडन की समाचार एजेंसी टीटी को बताया कि हमें ऐसी आशंका है कि एक व्यक्ति को निशाना बनाया गया था और बाकी तीन अन्य लोग विभिन्न कारणों से मौके पर मौजूद थे लेकिन उनका इससे कुछ लेना देना नहीं था। क्लारिन ने कहा कि मारे गए लोगों में से एक हमलावरों के निशाने पर था। पुलिस ने बताया कि इस मामले में किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। उन्होंने बताया कि इस बात का अब तक पता नहीं चल सका है कि दो अन्य लोग पब के कर्मचारी थे या कोई और।

# जी-20 के आयोजन से जुड़े अनुभवों का दस्तावेजीकरण करें : मोदी

**●प्रधानमंत्री ने अधिकारियों से कहा**

**भाषा।** नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को जी20 शिखर सम्मेलन के आयोजन से जुड़े अधिकारियों और कर्मचारियों से कहा कि वे अपने अनुभवों का दस्तावेजीकरण करें जो भविष्य के कार्यक्रमों के आयोजन के लिए दिशानिर्देश के रूप में काम कर सकते हैं। भारत की अध्यक्षता में यह शिखर सम्मेलन यहां भारत मंडपम में नौ से 10 सितंबर तक आयोजित किया गया था। अधिकारियों को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने उनके योगदान और शिखर सम्मेलन के दौरान चुनौतियों से निपटने की भावना की सराहना की। उन्होंने कहा,जी20 शिखर सम्मेलन की सफलता का श्रेय आप सभी को जाता है। मेरा अनुरोध है कि आप अपने अनुभवों का दस्तावेजीकरण करें। यह भविष्य के कार्यक्रमों के लिए दिशानिर्देश के रूप में काम करेगा। प्रधानमंत्री ने आयोजकों के अनुभवों का दस्तावेजीकरण करने के लिए एक वेबसाइट आरंभ करने का भी सुझाव दिया। हर कोई अपनी भाषा में लिख सकता है। आपने चुनौतियों से कैसे पार पाया। यह 100 पृष्ठों में हो सकता है और इसे आलमारी के बजाय क्लाउड पर संग्रहित किया जा सकता है। प्रधानमंत्री मोदी करीब 3,000 लोगों से बातचीत कर रहे थे, जिन्होंने जी20 शिखर सम्मेलन की सफलता में योगदान दिया। प्रतिभागियों में वे लोग शामिल थे जिन्होंने शिखर सम्मेलन के सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने के लिए जमीनी स्तर पर काम किया जैसे सफाईकर्मी, ड्राइवर, वेटर और विभिन्न मंत्रालयों के अन्य कर्मचारी।



महिला आरक्षण विधेयक पास होने पर प्रधानमंत्री का स्वागत करती भाजपा की कार्यकर्ता

## प्रधानमंत्री मोदी ने जी-20 के आयोजन में योगदान देने वाले कर्मचारियों से किया संवाद



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को जी20 शिखर सम्मेलन में योगदान देने वाले कर्मचारियों से संवाद किया और इस वैश्विक आयोजन की सफलता का उन्हें श्रेय दिया। भारत की अध्यक्षता में यहां भारत मंडपम में 9 और 10 सितंबर को जी20 शिखर सम्मेलन का आयोजन किया गया था। प्रधानमंत्री ने भारत मंडपम में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, इतना बड़ा और सफल आयोजन हुआ जी20 का, जिसकी हर तरफ से तारीफ ही तारीफ आ रही है। इसके पीछे आप सभी हैं। जी20 शिखर सम्मेलन की सफलता सुनिश्चित करने को लेकर अहम योगदान देने वाले लगभग 3,000 लोगों ने इस संवाद कार्यक्रम में भाग लिया।प्रधानमंत्री ने उन्हें सुझाव दिया कि वे अपने अनुभवों को शब्दों में बयां करें, ताकि भविष्य में होने वाले आयोजनों के लिए दिशानिर्देश बनाए जा सकें। मोदी ने कहा, मेरा आपसे अनुरोध है कि अनुभवों का दस्तावेजीकरण किया जाए। यह भविष्य के आयोजनों के लिए दिशानिर्देश बनाने के काम आएगा। संवाद के बाद रात्रि भोज का आयोजन भी होगा। प्रधानमंत्री कार्यालय ने कहा है कि इस संवाद कार्यक्रम में विशेषतौर पर वे लोग शामिल हुए है, जिन्होंने शिखर सम्मेलन का सुचारु संचालन सुनिश्चित करने के लिए जमीनी स्तर पर काम किया है। इसमें विभिन्न मंत्रालयो के सफाईकर्मी, चालक, वेटर और अन्य कर्मचारी शामिल है। इस संवाद मे विभिन्न मंत्रालयो के मंत्री और विभिन्न विभागो के अधिकारी भी शामिल हुए।

## प्रधानमंत्री मोदी 27 सितंबर को गुजरात में शिक्षा संबंधित विभिन्न परियोजनाओं की शुरुआत करेंगे

**अहमदाबाद।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शिक्षा क्षेत्र से संबंधित 4,500 करोड़ रुपए की लागत वाली परियोजनाओं की शुरुआत करने के लिए 27 सितंबर को गुजरात का दौरा करेंगे और आदिवासी बहुल छोटा उदयपुर जिले के बोडेली शहर में एक जनसभा को संबोधित करेंगे। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया है कि वह वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट के 20 वर्ष पूरे होने के मौके पर यहां साइंस सिटी में गुजरात सरकार द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करेंगे। प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षा सचिव विनोद राव ने कहा कि बोडेली में एक सभा को संबोधित करने से पहले, प्रधानमंत्री राज्य सरकार की मिशन स्कूल ऑफ एक्सीलेंस पहल के तहत विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन या शिलान्यास करेंगे। प्रधानमंत्री ने गांधीनगर जिले के अडालज शहर में पिछले साल अक्टूबर में गुजरात सरकार के मिशन स्कूल ऑफ एक्सीलेंस पहल की शुरुआत की थी। मोदी ने नई कक्षाओं, स्मार्ट कक्षाओं, कंप्यूटर प्रयोगशालाओं की स्थापना और शिक्षा के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के उद्देश्य से इस मिशन की शुरुआत की थी। राव ने पीटीआई-भाषा से कहा, मिशन स्कूल ऑफ एक्सीलेंस के तहत, प्रधानमंत्री 27 सितंबर को बोडेली में 4,500 करोड़ रुपए की लागत वाली विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन या शिलान्यास करेंगे। इन परियोजनाओं में राज्य भर में बनने वाली नई कक्षाएं/क्लासरूम, स्मार्ट कक्षाएं और कंप्यूटर प्रयोगशालाएं शामिल हैं। राव ने कहा कि इस मौके पर प्रधानमंत्री राज्य में शिक्षा क्षेत्र से संबंधित कई नई योजनाओं की भी शुरुआत करेंगे, जिनमें स्वामी विवेकानंद ज्ञान शक्ति आवासीय विद्यालय, रक्षा शक्ति विद्यालय, मुख्यमंत्री ज्ञान सेतु छात्रवृत्ति और मुख्यमंत्री ज्ञान साधना छात्रवृत्ति शामिल है।

## मोटो जीपी अभ्यास के दौरान भारत के नक्शे से गायब दिखा जम्मू कश्मीर और लद्दाख

**भाषा।** नोएडा

**भारत में** आयोजित हो रही सबसे बड़ी मोटरसाइकिल रेस स्पर्धा मोटोजीपी के शुक्रवार को शुरुआती अभ्यास सत्र के दौरान लाइव स्ट्रीम में भारत का विवादित नक्शा प्रसारित किया गया जिससे बड़ा विवाद खड़ा हो गया क्योंकि इसमें जम्मू कश्मीर और लद्दाख को नहीं दिखाया गया था। सोशल मीडिया यूजर्स द्वारा इस मामले को उजागर किए जाने के कुछ ही घंटों के अंदर मोटोजीपी ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर अपने आधिकारिक अकाउंट पर गलती के लिए माफी मांग ली। मोटोजीपी ने कहा, मोटोजीपी प्रसारण के पहले भाग में दिखाए गए नक्शे के लिए हम भारत में अपने प्रशंसकों से माफी मांगना चाहते हैं। अपने मेजबान देश के लिए समर्थन और सराहना के अलावा कोई भी बयान देना हमारा इरादा नहीं है।

## क्विक न्यूज

### विधि आयोग प्रमुख ने गृह मामलों की समिति के सदस्यों से बातचीत की, बीएनएस में बदलाव का सुझाव दिया

**नई दिल्ली।** विधि आयोग ने शुक्रवार को प्रस्तावित भारत न्याय संहिता (बीएनएस) में लिंचिंग (पीट-पीटकर मार डालने) को परिभाषित किए जाने की आवश्यकता जताई। सूत्रों ने बताया कि आयोग ने एक संसदीय पैनल से कहा कि प्रस्तावित भारत न्याय संहिता मे यह परिभाषित किए जाने की जरूरत है कि लिंचिंग किसे कहेंगे। ऐसा पहली बार हो रहा है जब मॉब लिंचिंग को प्रस्तावित बीएनएस में एक अपराध के रूप में पेश किया गया है। प्रस्तावित बीएनएस औपनिवेशिक काल की भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) को प्रतिस्थापित करेगा। सूत्रों ने कहा कि लिंचिंग को हत्या के साथ रखा गया है। आयोग ने इसे हत्या के हिस्से के रूप में शामिल करने के बजाय एक अलग अपराध के रूप में दर्ज किए जाने की आवश्यकता जताई।

### मवेशी तस्करी: न्यायालय ने टीएमसी नेता अनुव्रत मंडल के सीए को धन शोधन मामले में जमानत दी

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को तृणमूल कांग्रेस नेता अनुव्रत मंडल के चार्टर्ड अकाउंटेंड (सीए) मनीष कोठारी को भारत-बांग्लादेश सीमा पर मवेशियों की कथित तस्करी गिरोह से जुड़े धन शोधन के एक मामले में जमानत दे दी। न्यायमूर्ति दिनेश कुमार शर्मा ने कहा कि आरोपी के खिलाफ आरोप, और उनके इस रुख की पड़ताल सुनवाई के दौरान की जाएगी कि उन्होंने उनके मुवक्किल के द्वारा उन्हें उपलब्ध कराई गई सूचना के आधार पर कार्य किया था। अदालत ने अपने आदेश में कहा, तथ्यों और परिस्थितियों को मद्देनजर रखते हुए याचिकाकर्ता को पांच लाख रुपए का निजी मुचलका और इतनी ही राशि का जमानती बांड भरने पर जमानत पर रिहा किया जाए। कोठारी को 14 मार्च को गिरफ्तार किया गया था।

### छत्तीसगढ़ : बहुमंजिला वाहन पार्किंग में 17 साल की लड़की से बलात्कार, तीन गिरफ्तार

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में बहुमंजिला वाहन पार्किंग के भीतर 17 वर्षीय एक लड़की के साथ कथित तौर पर बलात्कार के मामले मे तीन लोगो को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पीड़िता की शिकायत के आधार पर पुलिस ने दुष्कर्म के दो आरोपियों समेत तीन लोगों को बृहस्पतिवार को गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि घटना 18 और 19 सितंबर को हुई थी जब पीड़िता गोल बाजार पुलिस थाना के अंतर्गत जयस्तंभ चौक के करीब स्थित बहुमंजिला वाहन पार्किंग के गार्ड सिकंदर से मिलने गई थी। उन्होंने बताया कि लड़की के मुताबिक, सिकंदर ने उसके लिए नौकरी की व्यवस्था करने का वादा किया था। सिकंदर ने कथित तौर पर 18 सितंबर को लड़की के साथ बलात्कार किया और उसे अगले दिन फिर से आने के लिए कहा। अगले दिन सिकंदर के साथ उसके दो दोस्त अविनाश बेहरा और गौरव राज भी थे। अधिकारी ने बताया कि सिकंदर के दो दोस्तों में से एक ने बहु मंजिला वाहन पार्किंग में खड़ी कार के भीतर लड़की से कथित तौर पर बलात्कार किया।

### कांग्रेस को छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और राजस्थान में सत्ता बरकरार रखने का भरोसा है

**रायपुर।** भारत के प्रत्येक नागरिक की आवाज और समस्याओं का प्रतिनिधित्व करने वाले चैनल, मिरर नाउ ने रायपुर में मिरर नाउ शिखर समिट - छत्तीसगढ़ का आयोजन किया। प्रगति का मार्ग के विषय पर आधारित मिरर नाउ समिट ने इस राज्य के लिए संपूर्ण विकास के एजेंडे को मूर्त रूप प्रदान करने के लिए राज्य के नेताओं और दूरदर्शी व्यक्तियों को एकत्रित किया। इस समिट में छत्तीसगढ़ की प्रगति और आर्थिक उन्नति के लिए आवश्यक महत्वपूर्ण क्षेत्रों को दर्शाया। मुख्य अतिथि, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ की प्रगति के लिए राज्य सरकार द्वारा की गई पहलों के बारे में बोलते हुए कहा कि राज्य सरकार ने ऋण माफी, कृषि उपज के मूल्यवर्धन सहित कई प्रभावी उपाय लागू किए हैं। और कृषि आय बढ़ाने के उद्देश्य से पहल। इन ठोस प्रयासों के सकारात्मक परिणाम मिले हैं, विशेष रूप से राज्य के भीतर नक्सली आंदोलन में उल्लेखनीय कमी आई है। यह उपलब्धि क्षेत्र में आर्थिक चुनौतियों का समाधान करने और इसके निवासियों के लिए अधिक स्थिर और सुरक्षित वातावरण को बढ़ावा देने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाती है, उन्होंने कहा कि महिला आरक्षण विधेयक के बारे में बात करते हुए, भूपेश बघेल ने इस बात पर जोर दिया कि केंद्र सरकार को महिला आरक्षण विधेयक को लागू करने के लिए वास्तविक प्रतिबद्धता प्रदर्शित करने के लिए, 2024 के चुनावों के लिए इसका कार्यान्वयन सुनिश्चित करना चाहिए, जिसमें अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जाति में महिलाओं के लिए आरक्षण भी शामिल है।

### जहां भी कांग्रेस सरकार होती है वहां भ्रष्टाचार होता है : सावंत

**जयपुर।** गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने शुक्रवार को राजस्थान की कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि केंद्र सरकार जनता के हित में योजनाएं बनाती है और क्रियान्वयन के लिए जो बजट भेजती है उसमे राजस्थान सरकार भ्रष्टाचार करती है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता सांवत पार्टी की परिवर्तन संकल्प यात्रा के भिवाड़ी पहुंचने पर संवाददाताओं से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा, जहां भी कांग्रेस सरकार होती है वहां भ्रष्टाचार होता है। राजस्थान की गहलोत सरकार विज्ञापनो के जरिए अपनी छवि चमकाने का काम कर रही है, कांग्रेस सरकार ने धरातल पर कोई काम नही किया है। पार्टी द्वारा जारी अनुसार सावंत ने कहा, राजस्थान में लाल डायरी का बहुत शोर है, और ए मै नही कह रहा बल्कि कांग्रेस सरकार के मंत्री खुद कह रहे है। सरकार उस डायरी को छिपाने मे लगी हुई है। भाजपा द्वारा जारी बयान के अनुसार सांवत ने आरोप लगाया कि जलजीवन मिशन योजना मे राजस्थान मे सबसे बड़ा भ्रष्टाचार देखने को मिला। उन्होंने उज्ज्वला योजना, किसान सम्मान निधि योजना व आयुष्मान भारत योजना जैसी केंद्र सरकार की विभिन्न लोक कल्याणकारी योजनाओं का जिक्र किया। सावंत ने कहा कि हर घर नल हर घर जल पहुंचाने का काम मोदी सरकार ने किया। राजस्थान विधानसभा मे नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने कहा कि महंगाई राहत के नाम पर भी कांग्रेस सरकार की पोल खुल गई है।

### लिवाइस खास पलों का जश्न मनाता है : अमीशा

**मुंबई।** लिवाइस की अमीशा जैन, सीनियर वाईस प्रेसीडेन्ट एवं मैनेजिंग डायरेक्टर, साउथ-एशिया- मिडल ईस्ट, अफ्रीका और नॉन-ईयू मार्केट्स, (एसएएमईए), लिवाइस स्ट्रॉस एंड कंपनी ने कहा कि आज आइकोनिक ब्राण्ड लिवाइस ने अपने कैंपेन 'फॉर नाओ, फॉर अ लाईफटाईम' का लॉन्च किया, जो इन खास पलों का जश्न मनाता है और इस बात पर रोशनी डालता है कि किस तरह यह दृष्टिकोण हमारी यादों में बस जाता है और हममें से हर व्यक्ति को नया आयाम देता है। यह कैंपेन ब्राण्ड की नई पेशकश को दर्शाता है। जिसमें पुरूषों एवं महिलाओं के लिए रिलेक्स्ड और बैगी फिट, ओवरडाईड एवं कलर्ड जीन्स की रेंज शामिल है। यह रेंज उन उपभोक्ताओं के लिए बेहतरीन है जो अपने परिधानों के माध्यम से भावनाओं की अभिव्यक्ति करना चाहते हैं। कार्गो पैन्ट्स से लेकर चिनोज, वरसिटी जैकेट से लेकर स्वैटशर्ट और प्रीटी ब्लाउज तक ब्राण्ड फैशन प्रेमी उपभोक्ताओं की बदलती जरूरत के अनुसार ट्रैंडी एवं आधुनिक प्रोडक्ट्स पेश करता है। ब्राण्ड का कैंपेन 'फॉर नाओ, फॉर अ लाईफटाईम' आपके मन की प्रवृत्ति को दर्शाता है। इस फिल्म में दीपिका पादुकोन डार्क डेनिम शर्ट और लाईटर हाई-लूज जीन्स में नजर आती हैं, उनके ये परिधान परफेक्ट जम्पसूट जैसा आधुनिक लुक दे रहे हैं। यह कैंपेन ब्राण्ड के आइकोनिक प्रोडक्ट ट्रेंडी ब्लू जीन्स, ऑल सीजन ट्रक जैकेट और ग्राफिक टीज की व्यापक रेंज पर रोशनी डालता है।

## केरल में निपाह का कोई नया मामला नहीं : स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज

**तिरुवनंतपुरम।** केरल की स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज ने कहा कि राज्य में शुक्रवार को निपाह का कोई मामला सामने नहीं आया और राज्य में सात और नमूनों के जांच परिणाम में इसकी पुष्टि नहीं हुई है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि पृथक-वास पूरा करने वाले 66 लोगों को संपर्क सूची से बाहर कर दिया गया। जॉर्ज ने एक मूल्यांकन बैठक के बाद यहां एक बयान में कहा, वर्तमान में संपर्क सूची में 915 लोग हैं और अब तक 365 नमूने जांच के लिए भेजे गए हैं। उन्होंने कहा कि नौ साल के बच्चे समेत इलाज करा रहे सभी लोगों की हालत फिलहाल स्थिर है। मंत्री ने यह भी कहा कि सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रयोगशालाओं सहित सभी राज्य और जिला स्तरीय प्रयोगशालाओं में ट्रूनेट परीक्षण की सुविधाएं सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि आईसीएमआर के दिशानिर्देशों के अनुसार एक मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) तैयार की जाएगी।

# विधेयक तत्काल लागू किया जा सकता है, जनगणना व परिसीमन की जरूरत नहीं

**भाषा।** नई दिल्ली



**कांग्रेस के पूर्व** अध्यक्ष राहुल गांधी ने केंद्र पर जाति आधारित जनगणना से ध्यान भटकाने का आरोप लगाते हुए कहा कि महिला आरक्षण विधेयक तत्काल लागू किया जा सकता है और इसके लिए नई जनगणना और परिसीमन की जरूरत नहीं है। राहुल गांधी ने शुक्रवार को यहां संवाददाताओं से बातचीत में इस बात पर भी अफसोस जताया कि संप्रग सरकार के रहते हुए महिला आरक्षण विधेयक में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) कोटे का प्रावधान नहीं हो सका। साथ ही उन्होंने कहा कि अब अगर उनकी पार्टी फिर से सत्ता में आती है तो इस पर जरूर अमल किया जाएगा। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने मोदी सरकार से पूर्ववर्ती संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार के समय हुई जाति जनगणना के आंकड़े जारी करने का आग्रह किया और कहा कि अगर 2024 में उनकी पार्टी की सरकार बनती है तो जाति जनगणना कराई जाएगी। लोकसभा एवं राज्यों की विधानसभाओं में महिलाओं को एक तिहाई आरक्षण देने संबंधी (एक सौ अट्ठाईसवां संविधान संशोधन) विधेयक, 2023 को राज्यसभा ने बृहस्पतिवार को मंजूरी दे दी। इसके साथ ही इस विधेयक को संसद की मंजूरी मिल गई। लोकसभा ने बुधवार को इसे पारित किया था। राहुल गांधी ने कहा, यह कहा गया है कि महिला आरक्षण देने से पहले हमें जनगणना करनी पड़ेगी और परिसीमन भी करना होगा। दोनों चीजों को करने के लिए कई साल लगेंगे। सच्चाई ए है कि महिला आरक्षण को आज लागू किया जा सकता है। लोकसभा और विधानसभाओं में 33 प्रतिशत सीट आज ही महिलाओं को दी जा सकती हैं। यह कोई जटिल मामला नहीं है।

## एक लाख सरकारी पदों पर भर्तियां हो चुकी हैं, अगले साल एक लाख पद और भरे जाएंगे : मुख्यमंत्री चौहान

**भाषा।** उज्जैन

**मध्य प्रदेश** के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार को कहा कि विभिन्न सरकारी नौकरियों के लिए एक लाख लोगों की भर्ती की गई है और अगले साल प्रदेश में इतने ही पद भरे जाएंगे। मध्य प्रदेश में इस साल के अंत में विधानसभा चुनाव होने हैं। उन्होंने कहा, सरकारी पदों पर एक लाख लोगों की भर्ती की गई है। चौहान ने यहां महाकालेश्वर मंदिर में भक्तों के लिए 500 करोड़ रुपए के विश्राम गृह सहित 554.89 करोड़ रुपए की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करने के बाद कहा, अगले साल, एक लाख पद और भरे जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि धन की कोई कमी नहीं है। उनकी सरकार लोगों को विभिन्न सुविधाएं प्रदान करने के लिए कड़ी मेहनत कर रही है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में मध्यम और कुटीर उद्योग आ रहे हैं, जिससे हजारों की संख्या में रोजगार पैदा हो रहा है। चौहान ने कहा कि 1,937 करोड़ रुपए के निवेश से 552 औद्योगिक इकाइयां लगेंगी और इनसे 28,300 रोजगार के अवसर पैदा होंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 1,708 औद्योगिक इकाइयां सामने आई हैं, जिससे 16,375 नौकरियां पैदा हुई हैं। मुख्यमंत्री ने कहा, मैंने 305 औद्योगिक इकाइयों की आधारशिला रखी है जो 6,310 लोगों को रोजगार प्रदान करेंगी। चौहान ने कहा कि उज्जैन में 300 करोड़ रुपए की लागत से यूनिटी मॉल बनाया जाएगा, जिसमें विशेष रूप से विभिन्न राज्यों की स्वदेशी वस्तुएं बेची जाएंगी।

# विस अध्यक्ष अगले सप्ताह शिवसेना की अयोग्यता याचिका पर सुनवाई करेंगे

**भाषा।** मुंबई

**महाराष्ट्र** विधानसभा के अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने शुक्रवार को कहा कि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उनके पूर्ववर्ती उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाले प्रतिद्वंद्वी शिवसेना गुटों द्वारा एक-दूसरे के खिलाफ दायर अयोग्यता याचिकाओं पर वह अगले सप्ताह सुनवाई करेंगे। शीर्ष अदालत ने इस सप्ताह की शुरुआत में नार्वेकर को शिंदे एवं उनके गुट के विधायकों के खिलाफ आयोग्यता याचिकाओं के निर्णय के लिए समय सीमा निर्धारित करने के वास्ते एक सप्ताह के भीतर फैसला लेने का निर्देश दिया था। न्यायालय ने इसके साथ ही यह भी कहा था कि उचित समय के भीतर याचिकाओं के निस्तारण का निर्देश देने के बावजूद अभी तक स्पष्ट तौर पर कुछ भी नहीं किया जा सका है। शिंदे एवं अन्य बागी विधायकों ने जून 2022 में नई सरकार बनाने के लिए भाजपा के साथ गठबंधन कर लिया था। नार्वेकर ने तारीखों के बारे में विस्तार से बताए बिना पीटीआई-भाषा से कहा, अयोग्यता याचिकाओं पर सुनवाई अगले सप्ताह की शुरुआत में होगी। नार्वेकर ने यहां एक कार्यक्रम में बृहस्पतिवार को कहा था कि वह सेना के कुछ विधायकों की अयोग्यता याचिकाओं पर फैसले में देरी नहीं करेंगे, लेकिन इसमें जल्दबाजी भी नहीं करेंगे, क्योंकि इससे न्याय प्रभावित हो सकता है। नार्वेकर ने पिछले सप्ताह शिंदे और ठाकरे के नेतृत्व वाले प्रतिद्वंद्वी गुटों द्वारा एक-दूसरे के खिलाफ दायर अयोग्यता याचिकाओं पर सुनवाई शुरू की। कुल 34 याचिकाओं पर सुनवाई हो रही है। दोनों गुटों का प्रतिनिधित्व उनके संबंधित वकील कर रहे हैं।

### राकंपा: अजित धड़े ने शरद गुट के 10 विधायकों के खिलाफ अयोग्यता याचिका विधानसभा अध्यक्ष को सौपी

**मुंबई।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकंपा) के अजित पवार धड़े ने महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर को एक याचिका सौपी है जिसमे पार्टी के संस्थापक शरद पवार गुट के 10 विधायकों को अयोग्य ठहराए जाने का आग्रह किया है। यह याचिका बृहस्पतिवार को अनिल भाईदास पाटिल ने दायर की थी जो अजित पवार गुट के मुख्य सचेतक है। अनिल भाईदास पाटिल ने कहा कि याचिका मे जिन 10 विधायकों के नाम है उनमे जयंत पाटिल, जितेंद्र अव्हाड, राजेश टोपे, रोहित पवार, अनिल देशमुख, प्राजक्त तानपुरे, बालासाहेब पाटिल, सुनील भुसारा, संदीप क्षीरसागर और सुमन पाटिल शामिल हैं। हालांकि, शरद पवार गुट ने पहले ही अजित पवार के साथ गठबंधन करने वाले 40 विधायकों के खिलाफ अयोग्यता याचिका दायर कर दी है।

### कलकत्ता हाईकोर्ट ने अभिषेक बनर्जी को राहत दी, ईडी को कठोर कार्वाई नहीं करने का निर्देश

**कोलकाता।** कलकत्ता उच्च न्यायालय ने तृणमूल कांग्रेस के नेता अभिषेक बनर्जी को शुक्रवार को राहत देते हुए प्रवर्तन निदेशालय को निर्देश दिया कि वह पश्चिम बंगाल के स्कूल भर्ती घोटाले की जांच के सिलसिले में सांसद के खिलाफ कोई कठोर कार्वाई न करे। तृणमूल ने अदालत के इस फैसले की सराहना की है, जबकि विपक्षी कांग्रेस और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) ने अदालत के आदेश पर अपनी टिप्पणी सुरक्षित रखी।



रोड के रूप में बने पंडाल में स्थापित गणेश जी मुर्ति

## छह सालों में अमेजन बिजनेस ने पाई अभूतपूर्व बढ़त : सुभाष

**मुंबई।** सुचित सुभाष डायरेक्टर अमेजन बिजनेस ने कहा हमने लगभग 14000 विक्रेताओं और सीमित संग्रह के साथ 2017 में शुरुआत की थी। आज हमारे 10 लाख से अधिक विक्रेता 19 करोड़ से अधिक उत्पादों का विशाल संग्रह पेश कर रहे हैं। इस जबर्दस्त ग्रोथ के साथ ही हम अमेजन बिजनेस को भारत में जीएसटी सक्षम उत्पादों के सबसे बड़े एग्रीगेटर के रूप में स्थापित करने में कामयाब रहे हैं। आजए हम पूरे भारत में 99.5 से अधिक पिन कोड पर डिलीवरी कर रहे हैं। अमेजन बिजनेस ने बीते वर्षों में जबर्दस्त ग्रोथ हासिल की है। हमारे ग्राहकों की संख्या में 150 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। हमें टियर 2 और 3 शहरों से जबरदस्त प्रतिक्रिया प्राप्त हुई है। हमारे 65प्रतिशत खरीदार इन्हीं टियर 2 और 3 शहरों से हैं और हमें 55प्रतिशत ऑर्डर छोटे शहरों से प्राप्त हुए हैं। हमारा मार्केटप्लेस आसान ऑनलाइन खरीदए व्यापक ग्राहक और विक्रेता आधार के साथ.साथ खरीदारी को कुशलतापूर्वक मैनेज करने के लिए विभिन्न टूल प्रदान करता है। अमेजन बिजनेस हमारे ग्राहकों को उनकी खरीद को सुव्यवस्थित करते हुए उनके समय और पैसा की बचत करने में मदद करता है और उन्हें खरीदारी से जुड़ा सही निर्णय लेने के लिए जानकारी प्रदान करता है। इस जबर्दस्त ग्रोथ के अलावा जो चीज़ हमें अधिक खुशी देती है वह हमारे संतुष्ट ग्राहकों की आवाज़ है। अभिषेक अरोड़ा प्रोक्योरमेंट प्रमुख एलटी फूड्स लिमिटेड ने कहा अमेजन बिजनेस हमारे रिटेलर गिफ्टिंग प्रोग्राम के लिए हमारा अहम भागीदार बन गया है। हम ये गिफ्ट अपने रिटेलर्स और डिस्ट्रिब्यूटर्स को दिया करते हैं। हम जल्द ही अमेजन बी2बी के माध्यम से अपनी ऑफिस सप्लाई और आईटी से जुड़ी खरीदारी शुरू करने की तैयारी कर रहे हैं। यह हमें मुफ्त क्रेडिट प्रदान करने के साथ ही खर्चों पर आसानी से निगारानी रखने में भी मदद करता है। हमें बिजनेस एनालिटिक्स रिपोर्ट से चालान समाधान में लगने वाला बहुमूल्य समय बचाने में भी मदद मिली है।ष् फिजिक्सवाला एडटेक यूनिकॉर्न ने कहाअमेजन बिजनेस बहुत ही प्रतिस्पर्धी कीमतों पर उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला पेश करता है। यही कारण है कि अमेजन बिजनेस आज हमारी बी2बी खरीदारी का प्रमुख जरिया बन गया है।

# इसरो ने चंद्रयान-3 के लैंडर और रोवर को सक्रिय करने के किए प्रयास, अभी तक कोई सिग्नल नहीं मिला

**भाषा।** बेंगलुरु




भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने शुक्रवार को कहा कि उसने अपने चंद्र मिशन चंद्रयान-3 के लैंडर विक्रम और रोवर प्रज्ञान के साथ सम्पर्क करने के प्रयास किए हैं, ताकि उनके सक्रिय होने की स्थिति का पता लगाया जा सके लेकिन अभी तक उनसे कोई सिग्नल नहीं मिला है। लैंडर विक्रम और रोवर प्रज्ञान को इस महीने की शुरुआत में स्लीप मोड में डाल दिया था।इसरो ने सोशल मीडिया मंच एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर कहा कि लैंडर और रोवर से संपर्क करने का प्रयास जारी रहेगा। चंद्रमा पर सूर्योदय होने के साथ ही इसरो ने लैंडर और रोवर के साथ संचार फिर से स्थापित करके, उन्हें फिर से सक्रिय करने का प्रयास किया है ताकि वे वैज्ञानिक प्रयोग जारी रख सकें। पृथ्वी के एकमात्र प्राकृतिक उपग्रह चंद्रमा पर रात्रि की शुरुआत होने से पहले, लैंडर और रोवर दोनों को इस महीने की शुरुआत में क्रमश: 4 और 2 सितंबर को सुप्तावस्था या निष्क्रय अवस्था (स्लीप मोड) में डाल दिया गया था। हालांकि, उनके रिसीवर चालू रखे गए थे। इसरो के अंतरिक्ष अनुप्रयोग केंद्र के निदेशक नीलेश देसाई ने पीटीआई-भाषा से कहा, हमने लैंडर और रोवर दोनों को स्लीप मोड पर डाल दिया था क्योंकि तापमान शून्य से 120-200 डिग्री सेल्सियस तक नीचे चला जाता है। बीस सितंबर से चंद्रमा पर सूर्योदय होगा और हमें उम्मीद है कि 22 सितंबर तक सौर पैनल और अन्य उपकरण पूरी तरह से चार्ज हो जाएंगे, इसलिए हम लैंडर और रोवर दोनों को सक्रिय करने की कोशिश करेंगे। लैंडर और रोवर दोनों चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुवीय क्षेत्र में हैं और वहां पर सूर्योदय होने के साथ ही यह मानते हुए कि उनके सौर पैनल इष्टतम रूप से चार्ज हो गए होंगे, इसरो उनकी स्थिति और कामकाज फिर से शुरू करने की क्षमता की जांच करने के लिए उनके साथ फिर से संपर्क स्थापित करने का प्रयास कर रहा है, ताकि उन्हें फिर से सक्रिय करने का प्रयास किया जा सके। गत 23 अगस्त को चंद्रमा पर उतरने के बाद, लैंडर और रोवर और पेलोड ने एक के बाद एक प्रयोग किए ताकि उन्हें 14 पृथ्वी दिन (एक चंद्र दिवस) के भीतर पूरा किया जा सके। चंद्रमा पर एक दिन पृथ्वी के 14 दिन के बराबर होता है। लैंडर और रोवर का कुल वजन 1,752 किलोग्राम है और इन्हें वहां के परिवेश का अध्ययन करने के लिए एक चंद्र दिन की अवधि (लगभग 14 पृथ्वी दिवस) तक संचालित करने के लिए तैयार किया गया था। इसरो को उम्मीद है कि ऐसे में जब चंद्रमा पर फिर से सूर्योदय हो गया है तो उन्हें फिर सक्रिय किया जा सकेगा ताकि वे वहां प्रयोग तथा अध्ययन जारी रख सकें।

## निरमा ने ग्लेनमार्क में 75 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल की

**मुंबई।** एक सफल बोली में निरमा ग्रुप ने ग्लेनमार्क फार्मास्यूटिकल्स लिमिटेड से लगभग 7500 करोड़ रुपये के एंटरप्राइज वैल्यू पर ग्लेनमार्क लाइफसाइंसेज लिमिटेड की 75 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल करने के लिए एक निश्चित समझौता किया है। ये करार क्लोजिंग एडजस्टमेंट्स समापन समायोजन के तहत है। निरमा सेबी विनियमों के अनुसार एक अनिवार्य ओपन ऑफर करेगी। यह अधिग्रहण कस्टमरी रेगुलेट्री अनुमतियों के तहत है। इस महत्वपूर्ण अवसर पर श्री हिरेन पटेल प्रबंध निदेशक निरमा लिमिटेड ने कहा कि श्निरमा 2006 से फार्मास्युटिकल क्षेत्र में सक्रिय रूप से कार्यरत है। हम इस सौदे को लेकर उत्साहित हैं और हमारा पूर्ण विश्वास के साथ मानना है कि यह हमारे फार्मास्युटिकल बिजनेस की ग्रोथ को अगले चरण में आगे बढ़ाने के लिए एक बेहतरीन प्लेटफॉर्म प्रदान करेगा। हमारा मिशन हमेशा किफायती कीमतों पर उच्च गुणवत्ता वाले स्वास्थ्य देखभाल उत्पाद उपलब्ध कराने पर केन्द्रित रहा है। हमारा हालिया निवेश फार्मास्युटिकल इंडस्ट्री के प्रति हमारे अटूट समर्पण का प्रमाण है। इस अधिग्रहण के साथ निरमा ग्रुप एक्टिव फार्मास्युटिकल इंग्रीडिएंट एपीआई प्लेटफॉर्म में प्रवेश कर रहा है और इंजेक्शन पैरेंटल और आई केयर उत्पादों सहित फार्मास्यूटिकल्स पोर्टफोलियो में अपनी मौजूदा उपस्थिति का विस्तार कर रहा है।

## उत्कर्ष बैंक ने शुरू किया कार्डलेस कैश विड्रॉल

**मुंबई।** उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड (यूएसएफबीएल या बैंक) ने एक अभिनव सेवा शुरू करने की घोषणा की, जो कैश विड्रॉल के अनुभवों में क्रांतिकारी बदलाव लाएगी। उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक ने बेहतर सुविधा के लिए कार्डलेस कैश विड्रॉल, पेश करते हुए आईसीसीडब्ल्यू लॉन्च किया उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक प्रक्रिया-केंद्रित, प्रौद्योगिकी-संचालित और ग्राहक-उन्मुख सेवाओं की पेशकश करने के लिए समर्पित है जो एक विश्वसनीय, स्केलेबल और टिकाऊ संस्थान की ओर ले जाता है, जो सामाजिक-आर्थिक परिवर्तन लाता है। इस अवसर पर उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक के प्रबंध निदेशक गोविंद सिंह ने कहा, फ्रयह एक उल्लेखनीय संशोधन है, जो किसी भी कार्ड की आवश्यकता के बिना, मोबाइल फोन पर यूपीआई ऐप का उपयोग करने से एटीएम तक पहुंचने में स्थानांतरित हो रहा है। यह अगली पीढ़ी के बैंकिंग समाधानों का प्रतीक है, जो हमारे महत्वपूर्ण उपभोक्ताओं को अत्यधिक सुविधा प्रदान करता है।उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक बैंकिंग नवीनीकरण में अग्रणी है, जो हमारे मूल्यवान ग्राहकों के लिए हर दिन के वित्तीय लेनदेन को अधिक सुलभ, सुरक्षित और सुविधाजनक बनाता है।

# शमी की दमदार गेंदबाजी, बल्लेबाजों ने भी बिखेरा जलवा

## ● भारत ने ऑस्ट्रेलिया को पांच विकेट से हराया

**भाषा।** मोहली





**मोहम्मद शमी** (51 रन पर पांच विकेट) की शानदार गेंदबाजी के बाद चार बल्लेबाजों की अर्धशतकीय पारियों के दम पर भारत ने तीन मैचों की श्रृंखला के शुरुआती मुकाबले में शुक्रवार को यहां ऑस्ट्रेलिया को आठ गेंद शेष रहते पांच विकेट से शिकस्त दी।ऑस्ट्रेलिया की पारी को 276 रन पर समेटने के बाद भारत ने 48.4 ओवर में पांच विकेट के नुकसान पर 281 रन बनाकर आगामी विश्व कप की अपनी तैयारियों को पुख्ता किया। भारत के लिए शुभमन गिल (74) और रुतुराज गायकवाड़ (71) ने पहले विकेट के लिए 142 रन की साझेदारी कर जीत की नींव रखी। तो वहीं कप्तान लोकेश राहुल (नाबाद 58) और सूर्यकुमार यादव (50) ने पांचवें विकेट के लिए 85 गेंद में 80 रन की साझेदारी कर टीम को जीत के मुहाने तक पहुंचाया। गिल ने 63 गेंद की पारी में छह चौके और दो छक्के लगाए तो वहीं रुतुराज ने 77 गेंद की पारी में 10 चौके जड़े। मिस्टर 360 डिग्री सूर्यकुमार ने 49 गेंद में पांच चौका और एक छक्का लगाया जबकि विजई छक्का जड़ने वाले राहुल ने 63 गेंद की पारी एक छक्का और चार चौके लगाए। ऑस्ट्रेलिया के लिए एडम जंपा ने दो विकेट चटकाए। विश्व कप में भारतीय टीम मध्यक्रम की बल्लेबाजी अब भी कमजोर कड़ी है और श्रेयस अय्यर की विफलता ने टीम की चिंताएं बढ़ाई तो वहीं सूर्यकुमार ने अपनी शानदार पारी ने चयनकर्ताओं और टीम प्रबंधन की परेशानी को कम किया।शमी को भारतीय टीम की विश्व कप योजना में शुरुआती एकादश में जगह मिलने की संभावना कम है लेकिन इस खिलाड़ी ने अपने एकदिवसीय करियर में दूसरी बार पांच विकेट झटककर अपना दावा मजबूत किया।टीम में अंतिम एकादश में अपने बल्लेबाजी कौशल के कारण जगह के मजबूत दावेदार शारदुल ठाकुर पर दबाव बढ़ेगा। शारदुल ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 10 ओवर में बिना किसी सफलता के 78 रन लुटाए। शारदुल को हालांकि किस्मत का साथ नहीं मिला। श्रेयस अय्यर ने भारतीय पारी की शुरुआत में उनकी गेंद पर डेविड वार्नर का आसान कैच टपका दिया। ऑस्ट्रेलिया के लिए डेविड वार्नर (52), जोस इंगलिस (45), स्टीव स्मिथ (41) और मार्नुस लाबुशेन (39) अच्छी शुरुआत को बड़ी पारी में नहीं बदल सके। लक्ष्य का पीछा करते हुए गायकवाड़ और गिल ने भारत को शानदार शुरुआत दिलाई। दोनों ने ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस के पहले और तीसरे ओवर में चौके जड़े। गिल ने स्टोइनिस के खिलाफ छक्का लगाया।शीन एबोट की गेंद पर आठवें ओवर में गायकवाड़ को जीवनदान भी मिला जब विकेटकीपर इंगलिस ने उनका मुश्किल कैच टपका दिया। इस बल्लेबाज ने 10वें ओवर की आखिरी दो गेंद पर एबोट के खिलाफ चौके जड़े जिससे पावरप्ले में भारत का स्कोर बिना किसी नुकसान के 66 रन हो गया। शानदार लय में चल रहे गिल ने 14वें ओवर में मैथ्यू शॉट की लगातार गेंदों पर चौका और छक्का लगाकर 37 गेंद में अर्धशतक पूरा किया और फिर 16वें ओवर में एक रन के साथ टीम के रनों का सैकड़ा पूरा किया। गायकवाड़ ने 18वें ओवर में एबोट की गेंद पर दो रन लेकर एकदिवसीय करियर का अपना पहला अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने इस ओवर की आखिरी दो गेंदों पर शानदार चौके जड़े।

### स्कोरबोर्ड

**ऑस्ट्रेलिया पारी:** मिशेल का गिल बो शमी 04, वार्नर का गिल बो जडेजा 52, स्मिथ बो शमी 41,लाबुशेन स्टं. राहुल बो अश्विन 39, ग्रीन रन आउट (अय्यर I सूर्यकुमार) 31,इंगलिस का अय्यर बो बुमराह 45, स्टोइनिस बो शमी 29 ,शॉर्ट का सूर्यकुमार बो शमी 02,कमिंस नाबाद 21, एबोट बो शमी 02,जम्पारन आउट (सूर्यकुमारा जडेजाा राहुल) 02,अतिरिक्तः (बाईः 04, लेगबाईः 02 नोबॉलः 01, वाइडः 01) 08, **कुल योगः** (50 ओवर में सभी आउट) 276 ,**विकेट पतनः** I-4, 2-98, 3-112, 4-157, 5-186, 6-248, 7-250, 8-254, 9-256,**गेंदबाजी** : शमी 10-I-51-5,बुमराह 10-2-43-I, ठाकुर 10-0-78-0,अश्विन 10-0-47-I, जडेजा 10-0-51-I

**भारत पारीः** गायकवाड़ पगबाधा जंपा 71, गिल बो जंपा 74, अय्यर रन आउट (ग्रीन I इंगलिस) 03, राहुल नाबाद 58,किशन का इंगलिस बो कमिंस 18, सूर्यकुमार का मार्श बो एबोट 50, जडेजानाबाद 03,अतिरिक्तः (लेग बाईः 01 , वाइडः03) 04, **कुल योगः** (48.4 ओवर में पांच विकेट पर) 281 रन,विकेट पतनः I-142, 2-148, 3-151, 4-185, 5-265,**गेंदबाजीः** कमिंस 10-0-44-I,स्टोइनिस 5-0-40-0,एबोट 9.4-I-56-I,ग्रीन 6-0-44-0,शॉर्ट 8-0-39-0 , जंपा10-0-57-2

## चोटिल नसीम बाहर, हसन अली पाकिस्तान की 15 सदस्ईय विश्व कप टीम में

**लाहौर।** युवा तेज गेंदबाज नसीम शाह कंधे की चोट के कारण अगले महीने से शुरू होने वाले विश्व कप के लिए पाकिस्तान की अंतिम 15 सदस्ईय टीम में जगह नही बना पाए। मुख्य चयनकर्ता इंजमाम उल हक ने कहा कि नसीम शाह की जगह अनुभवी तेज गेंदबाज हसन अली को टीम में लिया गया है।बीस वर्षीय नसीम एशिया कप में भारत के खिलाफ खेले गए मैच के दौरान चोटिल हो गए थे। उन्हें ऑपरेशन करवाने की सलाह दी गई है तथा उनके तीन या चार महीने में फिट होने की संभावना है। इंजमाम ने तीन रिजर्व खिलाड़ियों की घोषणा भी की जो टीम के साथ दौरा करेंगे। इनमें विकेटकीपर बल्लेबाज मोहम्मद हारिस, स्पिनर अबरार अहमद और तेज गेंदबाज जमान खान शामिल है। किसी खिलाड़ी के चोटिल होने पर इनके नाम पर विचार किया जाएगा। इंजमाम ने संवाददाताओं से कहा, नसीम शाह के चोटिल होने के कारण हमें टीम में बदलाव करने के लिए मजबूर होना पड़ा। हाल में एशिया कप के दौरान हमारे कुछ खिलाड़ी चोटिल हो गए थे लेकिन मुझे यह साझा करते हुए खुशी हो रही है कि यह सब खिलाड़ी अब फिट है और इस महत्वपूर्ण टूर्नामेंट में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए तैयार है।

## मोहम्मद हफीज ने वनडे विश्व कप से पहले पीसीबी तकनीकी समिति से इस्तीफा दिया

**लाहौर।** पूर्व कप्तान मोहम्मद हफीज ने एकदिवसीय विश्व कप से पहले पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) की तकनीकी समिति से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने एशिया कप में पाकिस्तान के खराब प्रदर्शन को लेकर बुलाई गई समीक्षा बैठक के तुरंत बाद यह फैसला किया। इस दो दिवसीय सत्र के दौरान पाकिस्तान की टीम में दो बदलाव किए गए तथा चोटिल तेज गेंदबाज नसीम शाह और ऑलराउंडर फहीम अशरफ की जगह तेज गेंदबाज जमान खान और स्पिनर अबरार अहमद को विश्व कप की 15 सदस्ईय टीम में शामिल किया गया। हफीज ने एक्स पर लिखा, मैंने पाकिस्तान क्रिकेट की तकनीकी समिति से इस्तीफा देने का फैसला किया है। मैं मानद सदस्य के रूप में काम कर रहा था। मुझे यह अवसर देने के लिए मैं जका अशरफ का आभार व्यक्त करता हूं। पाकिस्तान क्रिकेट को लेकर जका अशरफ को जब भी मेरी सेवाओं की जरूरत पड़ेगी मैं उपलब्ध रहूंगा। हमेशा की तरह पाकिस्तान क्रिकेट को मेरी शुभकामनाएं।

## ब्रिटेन में पुरुष प्रथम श्रेणी क्रिकेट में अंपायरिंग करने वाली पहली महिला बनेगी रेडफर्न

**लंदन।** सू रेडफर्न इंग्लैड और वेल्स में पुरुषो के प्रथम श्रेणी क्रिकेट मैच में अंपायर की भूमिका निभाने वाली पहली महिला बनेगी।इंग्लैड की तरफ से 1995 से लेकर 1999 तक 21 मैच खेलने वाली रेडफर्न को मंगलवार से ग्लैमोर्गनऔर डर्बीशर के बीच होने वाले काउंटी चैंपियनशिप मैच के लिए अंपायर नियुक्त किया गया है।रेडफर्न दो साल पहले इंग्लैड की पुरुष टीम के घरेलू मैच में अंपायर की भूमिका निभाने वाली पहली महिला बनी थी। उन्होंने तब श्रीलंका के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में चौथे अंपायर की भूमिका निभाई थी। वह टी20 ब्लास्ट में भी अंपायरिंग करने वाली पहली महिला बनी थी। उन्होंने इस सत्र में ब्रिस्टल में ग्लॉस्टरशर और मिडलसेक्स के बीच खेले गए मैच में अंपायरिंग की थी।

## विश्व कप विजेता को पुरस्कार में मिलेंगे 40 लाख डॉलर, उपविजेता को 20 लाख डॉलरः आईसीसी

**दुबई।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने शुक्रवार को कहा कि आगामी एकदिवसीय विश्व कप के विजेता को 40 लाख डॉलर (लगभग 33.17 करोड़ रुपए) का जबकि उपविजेता को 20 लाख डॉलर (लगभग 16.58 करोड़ रुपए) का पुरस्कार मिलेगा।आईसीसी ने अगले महीने से शुरू होने वाली इस प्रतियोगिता में खेले जाने वाले सभी 48 मैच के लिए पुरस्कार राशि और प्रोत्साहन राशि की घोषणा की। सेमीफाइनल में हार का सामना करने वाली दोनो टीमो को एकसमान आठ लाख डॉलर (लगभग 6.63 करोड़ रुपए) मिलेंगे। नॉकआउट चरण में पहुंचने में नाकाम रहने वाली टीमों एक लाख डॉलर (लगभग 82 लाख रुपए) मिलेंगे। ग्रुप चरण के मैचों के विजेता को 40,000 डॉलर (लगभग 33.17 लाख रुपए) का पुरस्कार मिलेगा। आईसीसी इस टूर्नामेंट के दौरान एक करोड़ डॉलर (लगभग 82.93 करोड़ रुपए) विजेता टीमों के पुरस्कार पर खर्च करेगा। क्रिकेट की शीर्ष संस्था ने टूर्नामेंट को खिलाड़ियों और प्रशंसको दोनों के लिए अधिक प्रतिस्पर्धी और मनोरंजक बनाने के लिए यह निर्णय लिया है। विश्व कप भारत में पांच अक्टूबर से 19 नवंबर तक आयोजित किया जाएगा। इसमें 45 लीग मैच और तीन नॉकआउट मैच होंगे। यह पुरुष वनडे विश्व कप का 13वां चरण होगा और 10 टीमें (भारत, अफगानिस्तान, ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, इंग्लैड, न्यूजीलैड, पाकिस्तान, दक्षिण अफ्रीका, श्रीलंका और नीदरलैड) टूर्नामेंट में भाग लेंगी।

## भारत अंडर-19 विश्व कप में बांग्लादेश के खिलाफ शुरू करेगा अपना अभियान

**दुबइ।** गत चैंपियन भारत अगले साल के अंडर-19 क्रिकेट विश्व कप में बांग्लादेश के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगा। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने शुक्रवार को अंडर-19 विश्व कप के कार्यक्रम की घोषणा की जिसमें कुल 16 टीमें हिस्सा लेंगी। इस विश्व कप आयोजन 13 जनवरी से चार फरवरी तक श्रीलंका में होगा। मेजबान टीम कोलंबो में टूर्नामेंट के शुरुआती मैच में जिम्बाब्वे से भिड़ेगी।भारत पांच खिताब के साथ टूर्नामेंट की सबसे सफल टीम है। भारतीय टीम ने 1999-00, 2007-08, 2012, 2017-18 और पिछले आयोजन 2021-22 में खिताब अपने नाम किया है। भारत को बांग्लादेश, आयरलैंड और अमेरिका के साथ ग्रुप ए में रखा गया है। टीम 14 जनवरी को बांग्लादेश से भिड़ने के बाद भारत 18 जनवरी को अमेरिका और 20 जनवरी को आयरलैड के खिलाफ मैदान में उतरेगी। आईसीसी ने कहा, टीमो को चार ग्रुप में बांटा गया है, जिसमें से हर ग्रुप की तीन-तीन टीमें सुपर सिक्स चरण के लिए क्वालीफाई करेंगी।

## गंडास की निराशाजनक शुरुआत

**सेंट-क्वेंटिन-एन-यवेलिन्स (फ्रांस)।** भारतीय गोल्फर मनु गंडास यहां काजू ओपन डी फ्रांस के शुरुआती दौर में चार ओवर 75 के निराशाजनक प्रदर्शन के साथ 132वें स्थान पर है। गंडास ने इस दौरान एक बर्डी के मुकाबले पांच बोगी की। इस प्रतियोगिता का कट पार स्कोर के आस-पास रहने की संभावना है ऐसे में उन्हें दूसरे दौर में अपने खेल के स्तर में काफी सुधार करना होगा।

## राष्ट्रीय मूकबधिर क्रिकेट चैंपियनशिप 25 सितंबर से

**भुवनेश्वर।** भारतीय मूकबधिर क्रिकेट संघ (आईडीसीए) की राष्ट्रीय मूकबधिर टी20 क्रिकेट चैंपियनशिप 25 सितंबर से यहां शुरू होगी।आईडीसीए की विज्ञप्ति के अनुसार सात दिन तक चलने वाली इस टूर्नामेंट में कुल 19 टीम भाग लेंगी।टीमों को चार अलग-अलग ग्रुप में बांटा गया है तथा फाइनल से पहले कुल 42 मैच खेले जाएंगे। ओडिशा मूकबधिर क्रिकेट संघ की मेजबानी में आयोजित होने वाले इस टूर्नामेंट के मैच चार अलग-अलग स्थान में खेले जाएंगे

## ओलंपिक के लिए अमेरिकी तैराकी टीम के पहले अश्वेत कोच बने एंथोनी

**न्यूयॉर्क।** एंथोनी नेस्टी को अगले साल पेरिस में होने वाले ओलंपिक खेलों के लिए अमेरिका की पुरुष तरह की टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया गया है। वह पहले अश्वेत कोच होंगे जो ओलंपिक में अमेरिका की टीम की अगुवाई करेंगे। अमेरिकी तैराकी संघ ने नेस्टी की नियुक्ति की घोषणा की। उनके अलावा टॉड डेसोर्बो को महिला टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया गया है। नेस्टी फ्लोरिडा विश्वविद्यालय के कोच है। वह अमेरिकी टीम में केटी लेडेकी, कैलेब ड्रेसेल और बॉबी फिन्के जैसे शीर्ष तैराको के साथ काम करेंगे।

## पूर्व चैंपियन भुल्लर ताइवान गोल्फ में दूसरे स्थान पर

**ताइपे।** पूर्व चैम्पियन गगनजीत भुल्लर टीपीसी एंगडर गोल्फ चैम्पियनशिप के दूसरे दौर मे शुक्रवार को यहां पांच अंडर 67 का कार्ड खेलने के बाद संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर हैं। साल 2012 के चैम्पियन भुल्लर ने पहले दौर मे 66 का कार्ड खेला था। उनका कुल स्कोर 11 अंडर का है और वह ऑस्ट्रेलिया के जैक थॉम्पसन (67, 66) के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर है। ए दोनो खिलाड़ी तालिका मे शीर्ष पर काबिज ट्रेविस स्मिथ (67, 65) से एक शॉट पीछे हैं। अन्य भारतीयो में राशिद खान बोगी रहित 66 के स्कोर के साथ संयुक्त रूप से 17वें स्थान पर है।

# नौकाचालक बलराज पुरुष एकल स्कल्स के फाइनल में



## ● एशियाई खेलः विष्णु , नेहा बिखेरी चमक

**भाषा।** हांगझोउ

**भारत के** बलराज पंवार ने शुक्रवार को यहां एशियाई खेलों की नौकायन स्पर्धा में पुरुष एकल स्कल्स के फाइनल ए के लिए क्वालीफाई किया। चौबीस वर्षीय पंवार सेमीफाइनल एफ एबी2 में 7:22:22 के समय के साथ तीसरे स्थान पर रहे और इस तरह से उन्होंने पदक की दौड़ में जगह बनाई। नौकायन में कई फाइनल्स होते हैं लेकिन फाइनल ए में शीर्ष तीन में रहने वाले खिलाड़ी पदक हासिल करते हैं। भारत की पुरुष क्वाड्रपल स्कल्स टीम, पुरुषों की लाइटवेट डबल स्कल्स श्रेणी, पुरुष डबल स्कल्स, कॉक्स्ड आठ, कॉक्सलेस पेयर्स, पुरुष कॉक्सलेस चार और महिला कॉक्सलेस चार और कॉक्स्ड आठ सभी ने रोइंग स्पर्धाओं के तोक्यो ओलंपियन विष्णु सरवनन ने शुक्रवार को यहां एशियाई खेलों के सेलिंग (नौकायन) स्पर्धा में दमदार प्रदर्शन किया जिसमें भारत के लिए दिन मिश्रित नतीजों वाला रहा। ओलंपिक में पुरुषों की लेजर श्रेणी में 35 खिलाड़ियों में 20वें स्थान पर रहने वाले सरवनन ने चीन में नौकायन स्पर्धा दूसरे दिन डींगी श्रेणी में तीसरी जीत के साथ 13 खिलाड़ियों की तालिका में शीर्ष पर पहुंच गए हैं। इस श्रेणी में अभी चार रेस बची हुई हैं।

## पुरुष वालीबॉल टीम क्वार्टरफाइनल में



**हांगझोउ।** भारतीय पुरुष वालीबॉल टीम ने शानदार लय जारी रखते हुए शुक्रवार को यहां चीनी ताइपे पर 3-0 की जीत से एशियाई खेलो के क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। दक्षिण कोरिया पर शानदार जीत हासिल करने के बाद भारत ने शुक्रवार को चीनी ताइपे पर एक घंटे 25 मिनट में 25-22, 25-22, 25-21 से जीत दर्ज की और पहले से छठे स्थान के प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई किया। भारत रविवार को जापान से भिड़ेगा जिसने कजाखस्तान को 3-0 से पराजित किया। भारतीय टीम के सहायक कोच जयदीप सरकार ने कहा, पाकिस्तान ने भी उन्हे (चीनी ताइपे) 3-0 से पराजित किया था इसलिए हम दबाव में थे। उन्होंने कहा, कोरिया और चीनी ताइपे पर लगातार जीत हमारे लिए जापान के खिलाफ मैच से पहले मनोबल बढ़ाने वाली होगी। हम किसी से कम नही है। जापान की टीम काफी अच्छी है और हमे कड़े मुकाबले की उम्मीद है। भारतीय कप्तान विनीत ने मैच के बाद पत्रकारों से कहा, उनकी टीम काफी अनुभवी है और काफी तेज खेलती है। पहले दो सेट में उन्होंने बढ़त बनाई लेकिन हमारी टीम ने अच्छी तरह वापसी करते हुए बढ़त छीन ली।

## पुरुष और महिला पैडलरों की जीत से शुरुआत

**हांगझोउ।** भारतीय टेबल टेनिस खिलाड़ियों ने शुक्रवार को यहां एशियाई खेलो मे अपने अभियान की शानदार शुरुआत की जिसमे पुरुष और महिला टीम ने अपने अपने ग्रुप मैच जीत लिए। पुरुष टीम ने यमन पर 3-0 से आसान जीत दर्ज की और फिर ग्रुप एफ के अपने दूसरे मैच में सिंगापुर को 3-I से हरा दिया। एशियाड के अपने पहले मुकाबले मे अनुभवी शरथ कमल, जी साथियान और हरमीत देसाई को सीधे गेम में जीत दर्ज करने के लिए किसी तरह की मशक्कत नही करनी पड़ी। साथियान ने अली उमर अहमद को 14 मिनट में 11-3, 11-2, 11-6 से हराकर शानदार शुरुआत की। एशियाई खेलो मे आखिरी बार खेल रहे 41 वर्षीय शरथ ने इसके बाद इब्राहिम अब्दुलहकीम मोहम्मद गुब्रान को 11-3, 11-4, 11-6 से हराकर भारत की बढ़त दोगुनी कर दी। देश के शीर्ष रैंकिंग के खिलाड़ी हरमीत ने मगद अहमद अली अल्धुभानी को 11-I, 11-I, 11-7 से हराकर मुकाबला भारत के नाम किया। सिंगापुर के खिलाफ दिन के दूसरे मैच में साथियान ने इजाक यंग क्वेक को 5-11 12-10 11-6 11-9 से जबकि हरमीत ने यिउ एन कोएन पांग पर 5-11 12-10 11-6 11-9 से जीत हासिल की। हालांकि शरथ कमल को झे यु क्लारेंस चियू से 11-13 8-11 12-10 5-11 से हार मिली। लेकिन साथियान ने सुनिश्चित किया कि भारत की विजई लय जारी रहे और उन्होंने पांग को 11-7 10-12 11-9 11-6 से शिकस्त दी। भारतीय महिला टीम ने पूल एफ के शुरुआती मैच में सिंगापुर को 3-2 से हराया।



## महिला क्रिकेटः सेमीफाइनल में बांग्लादेश से भिड़ेगा भारत

**हांगझोउ।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम एशियाई खेलो के सेमीफाइनल में रविवार को बांग्लादेश का सामना करेगी जबकि दूसरा सेमीफाइनल पाकिस्तान और श्रीलंका के बीच खेला जाएगा।भारतीय टीम ने गुरुवार को मलेशिया के खिलाफ बारिश के कारण रद्द कर दिए गए मैच में बेहतर वरीयता के आधार पर सेमीफाइनल में जगह बनाई थी। भारत ने इस मैच में 15 ओवर में दो विकेट पर 173 रन बनाए थे। मलेशिया की पारी शुरू होते ही बारिश आ गई थी जिसके कारण यह मैच आगे नही हो पाया था। बांग्लादेश और हांगकांग के बीच शुक्रवार को यहां क्वार्टर फाइनल मैच भी बारिश के कारण रद्द करना पड़ा। बांग्लादेश ने बेहतर वरीय टीम होने के कारण सेमीफाइनल में जगह बनाई। श्रीलंका ने एक अन्य क्वार्टर फाइनल मैच में थाईलैंड को 25 गेंद शेष रहते हुए आठ विकेट से हराया। थाईलैंड की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 15 ओवरो में सात विकेट पर 78 रन बनाए। श्रीलंका ने 10.5 ओवर में दो विकेट पर 84 रन बनाकर जीत दर्ज की। पाकिस्तान ने भी बारिश के कारण रद्द कर दिए गए मैच में इंडोनेशिया पर बेहतर वरीयता के आधार पर सेमीफाइनल में प्रवेश किया था।

# चोपड़ा की अगुआई में भारत कौशल दिखाने को तैयार

## 40 खेल और 61 स्पर्धा

## ●आज से एशियाई खेलों में मुकाबलों का अधिकारिक रुप से आगाज

## एशिया के 45 देश भाग लेंगे

**भाषा।** हांगझोउ



**ओलंपिक चैम्पियन** नीरज चोपड़ा की अगुआई में भारतीय दल शनिवार को आधिकारिक रूप से आरंभ होने वाले एशियाई खेलों में खेल शक्ति के तौर पर अपना दबदबा दिखाने के लिए बेताब होगा जो कोविड-19 महामारी के कारण एक साल देर से कराए जा रहे हैं। भारत हांगझोउ में 39 स्पर्धाओं के लिए 655 खिलाड़ियों के सबसे बड़े दल के साथ पहुंचा है और उसकी कोशिश इंडोनेशिया 2018 में जीते गए 70 पदकों (16 स्वर्ण, 23 रजत और 31 कांस्य) से बेहतर प्रदर्शन करने पर लगी होगी ताकि वह दुनिया को दिखा सके कि तोक्यो ओलंपिक 2021 में ऐतिहासिक प्रदर्शन के बाद से देश में खेल ने किस तरह की प्रगति की है। भारत निकट भविष्य में ओलंपिक की मेजबानी की उम्मीद लगाए है और 2018 एशियाड में आठवां स्थान संतुष्टि से कहीं कोसों दूर है जिससे देश हांगझोउ में पदक तालिका में ऊपर की ओर बढ़ने का प्रयास करेगा। भारत 1986 सियोल चरण के बाद से पदक तालिका में शीर्ष पांच में नहीं रह पाया है। और इस बार की कैचलाइन है इस बार, सौ पार , यानि इस बार 100 पदक से ज्यादा। हालांकि 100 पदक भले ही संभव नहीं हो, लेकिन भारत पिछले चरण के पदकों से आगे बढ़ना चाहेगा जिसमें एक बार फिर एथलेटिक्स से सबसे ज्यादा योगदान की उम्मीद है। पिछली बार ट्रैक एवं फील्ड खिलाड़ियों ने 20 पदक जीते थे और इस बार उनके 25 पोडियम स्थान हासिल करने की उम्मीद है। एशियाई खेलों के इतिहास में पहली बार भारतीय दल में पांच ओलंपिक पदक विजेता शामिल हैं जिसकी अगुआई भाला फेंक सुपरस्टार चोपड़ा कर रहे हैं जो अपना खिताब बरकरार रखन चाहेंगे। इससे उम्मीद बढ़ गई हैं कि देश 2018 में जीते गए 16 स्वर्ण पदकों में इजाफा करेगा। अन्य ओलंपिक पदक विजेता भारोत्तोलक मीराबाई चानू, बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू, पहलवान बजरंग पूनिया और मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन हैं। फिर भी भारत के लिए स्वर्ण पदकों की संख्या की भविष्यवाणी करना मुश्किल है क्योंकि सिंधू पिछले कुछ समय से फॉर्म से जूझ रही हैं, चानू को हाल में फिटनेस संबंधित मुद्दे रहे जबकि बजरंग ने पहलवानों के विरोध में हिस्सा लेने के कारण कुछ महीने पहले ही ट्रेनिंग शुरु की है। बोरगोहेन और चोपड़ा हालंकि हाल में विश्व चैम्पियन बने। बोरगोहेन शनिवार को उद्घाटन समारोह के दौरान पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हमरनप्रीत सिंह के साथ भारतीय दल के ध्वजवाहक की जिम्मेदारी भी उठाएंगी। एथलेटिक्स में 2018 के आठ स्वर्ण पदकों के प्रदर्शन को दोहराना हालांकि मुश्किल होगा लेकिन हॉकी (पुरुष और महिला), कबड्डी (पुरुष और महिला), शतरंज और तीरंदाजी भारत के पीले तमगों में इजाफा कर सकते हैं। मौजूदा फॉर्म को देखते हुए भारत पुरुष और महिला दोनों हॉकी स्पर्धाओं में स्वर्ण पदक जीत सकता है। पुरुष और महिला कबड्डी टीम से भी स्वर्ण पदक जीतने की उम्मीदें हैं जिससे वह जकार्ता में चूके मौके की भरपाई कर सकती है। पिछली बार पुरुष टीम ने कांस्य और महिला टीम ने रजत पदक जीता था। निशानेबाजों ने 2018 में दो स्वर्ण सहित नौ पदक दिलाए थे लेकिन इस बार वे शायद इस संख्या को पार नहीं कर पाएं। मुक्केबाजी में निकहत जरीन और बोरगोहेन पदक जीतने की प्रबल दावेदार हैं लेकिन इसके रंग की भविष्यवाणी करना मुश्किल है। ऐसा ही पहलवानों के साथ है जिन्होंने पिछले चरण में दो स्वर्ण सहित तीन पदक जीते थे। दुनिया की सबसे बड़ी बहुस्पर्धा प्रतियोगिता की मेजबानी से चीन महामारी के खौफ से बाहर निकल रहा है और ए अपने इतिहास में सबसे बड़े खेल होंगे। इसमें कोई शक नहीं ओलंपिक ही दुनिया की बहुस्पर्धा प्रतियोगिता का शिखर है लेकिन एशियाड में ज्यादा एथलीट हिस्सा लेते हैं और हांगझोउ में 12,000 से ज्यादा खिलाड़ी शिरकत करेंगे। दो साल पहले तोक्यो ओलंपिक में 11,000 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था और अगले साल पेरिस चरण में 10,500 खिलाड़ियों के खेलने की उम्मीद है। पिछले एशियाड में 11,000 से ज्यादा एथलीट खेले थे। आठ अक्टूबर तक चलने वाले इस 19वें एशियाड का आयोजन सितंबर 2022 में कराया जाना था लेकिन चीन में कोविड-19 मामलों में बढ़ोतरी के कारण इन्हें एक साल के लिए स्थगित कर दिया गया जिससे अब ए हांगझोउ के साथ पांच अन्य शहर हुझोउ, निंग्बो, शाओजिंग, जिन्हुआ और वेंझोउ में कराए जाएंगे। एशिया के 45 देश 40 खेलों और 61 स्पर्धाओं में 481 स्वर्ण पदक के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे। ईस्पोर्ट्स इस चरण में पदार्पण कर रहा है। फुटबॉल, वालीबॉल, क्रिकेट के अलावा रोइंग, सेलिंग (नौकायन) और आधुनिक पेंटाथलन उद्घाटन समारोह से पहले ही शुरु हो गए हैं। चीन अपने एशियाड के इतिहास में दूसरा सबसे बड़ा दल उतार रहा है जिसमें उसके 886 एथलीट हिस्सा लेंगे जिसमें 437 महिलाएं होंगी। 2010 ग्वांग्झू एशियाड में चीन के 977 खिलाड़ी उतरे थे। चीन 1982 के बाद से प्रत्एक चरण में पदक तालिका में शीर्ष स्थान कब्जाता रहा है और इस बार भी उसके दबदबे के जारी रहने की उम्मीद है क्योंकि उसके कई ओलंपिक चैम्पियन इन खेलों में प्रतिस्पर्धा करेंगे। चीन के राष्ट्रपति शि जिनपिंग एशियाड शुरू करने की घोषणा करेंगे।

## 481 स्वर्ण पदक के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे खिलाड़ी

## हांगझोउ जाने वाली भारतीय टी-20 टीम अभ्यास मैच में कर्नाटक से हारी



**बेंगलुरु।** एशियाई खेलों के लिए रवानगी से पहले आयोजित एक अभ्यास मैच में भारत की टी20 टीम शुक्रवार को यहां कर्नाटक से चार विकेट से हार गई। भारतीय एकादश टीम 20 ओवर में 133 रन पर सिमट गई जिसमें मनोज भंडाजे ने चार ओवर में 15 रन देकर चार विकेट झटके जबकि वासुकी कौशिक और शुभांग हेगडे को तीन तीन विकेट मिले। जवाब में मनीष पांडे ने नाबाद 52 रन (40 गेंद में) की पारी खेली जबकि सलामी बल्लेबाज एलआर चेतन (29 रन), मयंक अग्रवाल (19 रन) और अभिनव मनोहर (नाबाद 17 रन) ने भी कर्नाटक को पांच गेंद रहते जीत दिलाने में योगदान दिया। आवेश खान, रवि बिश्नोई और आर साई किशोर ने भारत की एशियाड टी20 टीम के लिए एक एक विकेट लिया। सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल और प्रभसिमरन सिंह ने हालांकि भारतीय टीम के कर्नाटक के गेंदबाजों के आगे घुटने टेकने से पहले अच्छी शुरुआत दिलाई। प्रभसिमरन ने 31 गेंद में सात चौके और एक छक्के से 49 रन जबकि जायसवाल ने 17 गेंद में सात चौकों से 31 रन बनाए।

## भारतीय ग्रीको रोमन पहलवानों का विश्व चैम्पियनशिप में जूझना जारी

**भाषा।** बेलग्रेड

**भारत के** ग्रीको रोमन पहलवानों का विश्व चैम्पियनशिप में खराब प्रदर्शन जारी रहा जिसमें शुक्रवार को यहां मैट पर उतरे सभी तीनों पहलवान अपने वजन वर्गों के शुरूआती चरण में हार गए। अंकित गुलिया 72 किग्रा क्वालीफिकेशन दौर में नार्वे के हावार्ड जोर्गेनसेन से 0-4 से हार गए जबकि शैलेश राजेंद्र शेल्के को 97 किग्रा स्पर्धा में स्वीडन के एलेक्सांद्र जॉर्जिजे स्टेजेपनेटिक से 0-6 से पराजय मिली। मनीष ने 60 किग्रा में रोमानिया के रजवान अर्नाउत (8-8) को मात दी लेकिन जापान के फुमिता केनिचिरो से।-6 से हार गए। साजन भानवाला (82 किग्रा), गुरप्रीत सिंह (77 किग्रा), मेहर सिंह (130 किग्रा) पहले ही टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं।

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक शोबोरी गाँगुली द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ (फोनः 0522-4036600) से प्रकाशित। प्रधान सम्पादकः शोबोरी गाँगुली, स्थानीय सम्पादकः विजय प्रकाश सिंह। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।